राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा




स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करें........
9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | RNI.No. UPHIN/2019/79073 (epaper.swatantraprabhat.com) | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून

लखनऊ, बुधवार, 09जुलाई 2025
वर्ष 06, अंक 276, पृष्ट 12, मूल्यः 03 रुपया
www.swatantraprabhat.com

गाज़ियाबाद , दिल्ली , हरियाणा , चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित


पशुओं को बीमारी से बचाने के लिए टीकाकरण व सफाई जरूरी- डा. नमिता जोशी ...03

दिल्ली कमेटी आम चुनाव का बजा बिगुल...12

# गोपाल खेमका हत्याकांड के आरोपी का एनकाउंटर

स्वतंत्र प्रभात

**प्रयागराज।** बिहार की राजधानी पटना में कारोबारी गोपाल खेमका की हत्या के मामले में एक बड़ा घटनाक्रम सामने आया है। इस हत्याकांड के मुख्य आरोपी विकास उर्फ राजा को पुलिस ने मुठभेड़ में मार गिराया है। यह मुठभेड़ सोमवार देर रात पटना के मालसलामी इलाके में हुई। इसके अलावा एक अन्य आरोपी अशोक साव गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने अशोक साव को मास्टरमाइंड बताया है। जबकि इससे पहले पुलिस ने उमेश यादव को मुख्य आरोपी बताया था। इस केस में अभी कई अनसुलझे पहलू हैं। जिनका जवाब पुलिस के पास नहीं है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, गोपाल खेमका, जो एक प्रमुख व्यवसायी थे और मगध अस्पताल के साथ-साथ कई पेट्रोल पंपों के मालिक थे, की हत्या 4 जुलाई की रात को उनके गांधी मैदान स्थित आवास के बाहर बाइक सवार हमलावर ने की थी। यह हमला रात 11:40 बजे हुआ, जब खेमका अपनी कार से उतर रहे थे। सीसीटीवी फुटेज में नीली शर्ट पहने व्यक्ति को उनकी गाड़ी के पास मंडराते और फिर गोली चलाते देखा गया था। पटना पुलिस और विशेष कार्य बल (एसटीएफ) की संयुक्त टीम ने इस मामले में तेजी से कार्रवाई करते हुए सोमवार को मुख्य शूटर उमेश यादव को गिरफ्तार किया था। जांच के दौरान यह पता चला कि हत्या में इस्तेमाल हथियार विकास उर्फ राजा ने





मुहैया कराया था, जो अवैध हथियारों के निर्माण और बिक्री में लिप्त था।

पुलिस ने बताया कि मंगलवार तड़के मालसलामी इलाके में विकास को गिरफ्तार करने के लिए छापेमारी की गई। इस दौरान विकास ने पुलिस पर गोलीबारी शुरू कर दी, जिसके जवाब में पुलिस ने भी फायरिंग की। इस मुठभेड़ में विकास गंभीर रूप से घायल हो गया और बाद में उसकी मौत हो गई। विकास कई अन्य आपराधिक मामलों में भी वांछित था। इसके साथ ही, पुलिस ने एक अन्य संदिग्ध, अशोक कुमार साव, को भी गिरफ्तार किया है, जो एक स्थानीय लोहा व्यापारी है। सूत्रों के मुताबिक, अशोक ने उमेश यादव को 3.3 लाख रुपये की सुपारी देकर खेमका की हत्या की साजिश रची थी। जांच में यह भी सामने आया है कि इस हत्या के पीछे व्यावसायिक प्रतिद्वंद्विता हो सकती है। गोपाल खेमका की हत्या ने बिहार में कानून-व्यवस्था को लेकर सवाल खड़े किए हैं, खासकर तब जब राज्य में विधानसभा चुनाव नजदीक हैं। विपक्षी दलों, जैसे राजद और कांग्रेस, ने नीतीश कुमार सरकार पर कानून-व्यवस्था की स्थिति को लेकर निशाना साधा है। दूसरी ओर, पुलिस ने आश्वासन दिया है कि इस मामले की गहन जांच की जा रही है और जल्द ही सभी तथ्य सामने लाए जाएंगे।

उल्लेखनीय है कि सात साल पहले खेमका के बेटे, गुंजन खेमका, की भी हाजीपुर में एक जमीन विवाद के चलते हत्या कर दी गई थी, जिसके बाद यह दूसरा बड़ा हादसा है। इस हत्याकांड ने स्थानीय व्यापारी समुदाय में दहशत पैदा कर दी है, और कई उद्योगपतियों ने सुरक्षा की मांग उठाई है। पटना पुलिस के वरिष्ठ अधीक्षक ने कहा, "हम इस मामले में सभी कोणों से जांच कर रहे हैं।"गोपाल खेमका हत्याकांड के मुख्य आरोपी विकास उर्फ राजा के पुलिस मुठभेड़ में मारे जाने की घटना ने बिहार में कानून-व्यवस्था की स्थिति पर एक बार फिर सवाल खड़े कर दिए हैं। यह मुठभेड़ भले ही पुलिस की त्वरित कार्रवाई का प्रतीक हो, लेकिन यह अपने आप में राज्य में बढ़ते अपराध और गुंडा राज को समाप्त करने का समाधान नहीं है। बिहार में हाल के वर्षों में हत्या, सुपारी किलिंग, और संगठित अपराध की घटनाओं में वृद्धि देखी गई है, और विकास जैसे अपराधियों का अंत भले ही तात्कालिक राहत दे, लेकिन यह व्यवस्थागत समस्याओं का स्थायी हल नहीं है। नीतीश कुमार सरकार पर विपक्षी दल लगातार कानून-व्यवस्था को लेकर हमलावर रहे हैं, और यह एनकाउंटर इस बहस को और हवा दे सकता है। विशेषज्ञों का मानना है कि अपराध को नियंत्रित करने के लिए पुलिस सुधार, खुफिया तंत्र को मजबूत करना, और सामाजिक-आर्थिक सुधारों की आवश्यकता है, न कि केवल मुठभेड़ों पर निर्भरता। हाल ही में सीवान में शराब माफिया द्वारा की गई हत्याओं ने भी बिहार में अपराध की गंभीर स्थिति को उजागर किया है। शराबबंदी के बावजूद अवैध शराब का कारोबार फल-फूल रहा है, और इसके साथ जुड़े आपराधिक गिरोह बेखौफ होकर हत्याएं और हिंसा को अंजाम दे रहे हैं। गोपाल खेमका की हत्या और सीवान की घटनाएं इस बात का संकेत हैं कि बिहार में संगठित अपराध न केवल सक्रिय है, बल्कि कई मामलों में स्थानीय स्तर पर संरक्षण भी प्राप्त कर रहा है।

# भाषा विवाद को लेकर निरहुआ का फूटा गुस्सा, कहा- मोदी सरकार में ऐसा नहीं होना चाहिए

स्वतंत्र प्रभात

महाराष्ट्र के मीरारोड इलाके में मराठी भाषा को लेकर शुरू हुए विवाद ने एक बार फिर से राजनीतिक गरमाहट बढ़ा दी है। महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के कार्यकर्ताओं ने एक शख्स की कथित तौर पर पिटाई कर दी, जिसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। बताया जा रहा है कि पीड़ित व्यक्ति पर इसलिए हमला किया गया क्योंकि वह मराठी भाषा में बात नहीं कर रहा था। घटना ने राजनीतिक तूल पकड़ लिया है। मराठी भाषा को लेकर मुंबई में उत्तर भारतीयों और अन्य राज्यों से आए लोगों पर हो रहे हमलों की लगातार आलोचना हो रही है। इसी बीच मनसे प्रमुख राज ठाकरे ने अपने कार्यकर्ताओं से हिंसा न करने की अपील की, लेकिन साथ ही यह भी कहा कि "अगर कोई नाटक करे तो उसके कान के नीचे बजाओ, लेकिन वीडियो मत बनाओ।"





### दिनेश लाल यादव 'निरहुआ 'की प्रतिक्रिया

बीजेपी के पूर्व सांसद और भोजपुरी अभिनेता दिनेश लाल यादव 'निरहुआ 'ने इस घटना की कड़ी निंदा की है। उन्होंने इसे "गंदी राजनीति" करार देते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से सीधी अपील की है। उन्होंने कहा- "यह गंदी राजनीति है। महाराष्ट्र में निकाय चुनाव आने वाले हैं, और यह दोनों 'तारा-सितारा 'अब बेरोजगार हैं। इनके पास न सांसद हैं, न विधायक। इनका राजनीतिक करियर खत्म हो गया है, इसलिए ये बाहर से आने वाले लोगों पर हमला कर रहे हैं।"

### "मोदी सरकार में ऐसा नहीं होना चाहिए"- निरहुआ

निरहुआ ने कहा कि ऐसी घटनाओं को तुरंत रोका जाना चाहिए। उन्होंने याद दिलाया कि पूर्व में कांग्रेस सरकार के दौरान भी बिहार के छात्रों पर हमले हुए थे। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा- "अब मोदी जी की सरकार है। अगर अब भी ऐसे लोगों को नहीं रोका गया तो देश का आम नागरिक भरोसा खो देगा। मोदी जी, देश को आप पर भरोसा है, लेकिन अगर आपकी सरकार में भी ये गुंडागर्दी होती रही तो वो भरोसा भी उठ जाएगा"

### विवाद गहराता जा रहा है

महाराष्ट्र में मराठी बनाम गैर-मराठी की राजनीति लंबे समय से गर्म मुद्दा रही है। चुनावी मौसम में यह विवाद और तेज हो जाता है। हालांकि इस बार सोशल मीडिया के जरिए इसका असर देशभर में देखा जा रहा है, जहां विभिन्न क्षेत्रों से प्रतिक्रिया सामने आ रही हैं। सरकारी स्तर पर अभी तक इस घटना को लेकर कोई ठोस कार्रवाई की घोषणा नहीं हुई है, लेकिन केंद्र सरकार से हस्तक्षेप की मांग जोर पकड़ती जा रही है।

## संक्षिप्त ख़बरें

### नेपाल-चीन को जोड़ने वाला पुल बाढ़ में बहा, 6 चीनी नागरिकों समेत 18 लोग लापता



नेपाल में मानसून की बारिश की वजह से आई बाढ़ में हिमालयी देश को चीन से जोड़ने वाला मुख्य पुल सोमवार देर रात ध्वस्त हो गया। चीन में लगातार हो रही मानसूनी बारिश के कारण सोमवार रात नेपाल में भोटेकोशी नदी में बाढ़ आ गई, जिसके बाद से 18 लोग लापता हैं। काठमांडू से 120 किलोमीटर उत्तर पूर्व में रसुवा जिले में स्थित मितेरी पुल सोमवार देर रात सवा तीन बजे बाढ़ में पानी के तेज बहाव की वजह से ध्वस्त हो गया। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि छह चीनी नागरिकों सहित 18 लोग लापता हो। 'नैशनल डिजास्टर रिस्क रिडक्शन एंड मैनेजमेंट अथॉरिटी '(एनडीआरआरएमए) के अनुसार, नेपाल सेना, सशस्त्र पुलिस बल और नेपाल पुलिस की संयुक्त टीम ने दो पुलिसकर्मियों सहित 11 लोगों को बचाया। रसुवा के मुख्य जिला अधिकारी अर्जुन पौडेल ने बताया कि बाढ़ से भारी नुकसान हुआ है। उन्होंने बताया कि अधिकारियों ने निचले इलाकों में रहने वाले लोगों को सुरक्षित इलाकों में जाने की सलाह दी है।

### सूखे नशे को लेकर हुआ विवाद, गुस्से में दोस्त ने दोस्त की गोली मारकर कर दी हत्या...इलाके में मचा हड़कंप

बिहार के भागलपुर जिले के नवगछिया थाना क्षेत्र में आपसी विवाद में एक युवक ने अपने साथी की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि मृत युवक की पहचान साजन कुमार (22) के रूप में हुई है। वह इस क्षेत्र के पकरा गांव के दोनिया टोला निवासी सुभाष राय का पुत्र था। हादसे के समय साजन कुमार अपने दोस्तों के साथ बगल के तेतरी गांव के पास एक बगीचे में बैठकर नशा कर रहा था और इस दौरान किसी बात को लेकर एक युवक से उसका विवाद हो गया। सूत्रों ने बताया कि विवाद बढ़ने पर उक्त युवक साजन कुमार को गोली मारकर फरार हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने गंभीर रूप से घायल साजन कुमार को इलाज के लिए नवगछिया के अनुमंडलीय अस्पताल लाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। दस सिलसिले में मृतक के परिजनों की ओर से प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। पुलिस एक युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

# मैसूरु में भीषण सड़क हादसा- हायाबुसा सुपरबाइक ने डिलीवरी बॉय की बाइक को मारी टक्कर, दोनों की मौके पर मौत

स्वतंत्र प्रभात

कर्नाटक के मैसूरु में एक दिल दहला देने वाला सड़क हादसा सामने आया है। तेज रफ्तार में दौड़ रही हायाबुसा सुपरबाइक ने ज़ोमैटो डिलीवरी बॉय की बाइक को टक्कर मार दी, जिससे दोनों की मौत हो गई। ये पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हुई है।



### हादसे का सीसीटीवी फुटेज आया सामने

सीसीटीवी फुटेज में साफ देखा जा सकता है कि हायाबुसा बाइक बेहद तेज रफ्तार में चल रही थी, तभी वह एक ज़ोमैटो डिलीवरी बाइक से टकरा गई। डिलीवरी बॉय सड़क किनारे चल रहा था, तभी सुपरबाइक ने उसे पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर के बाद हायाबुसा बाइक कई मीटर तक घिसटती रही और अंत में आग की लपटों में घिर गई।

### मौके पर ही हो गई ज़ोमैटो डिलीवरी बॉय की मौत

डिलीवरी बॉय की पहचान कार्तिक के रूप में हुई है, जो ज़ोमैटो में काम करता था। हादसे में कार्तिक घायल होकर दूर जा गिरा और मौके पर ही उसकी मौत हो गई।

### Hayabusa सवार की भी जान नहीं बची

Hayabusa बाइक चला रहे युवक की पहचान सैयद सारून के रूप में हुई है, जो कर्नाटक के चामराजनगर का रहने वाला था। बाइक के गिरते ही उसमें आग लग गई, जिससे वह बुरी तरह झुलस गया। उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया, लेकिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। बताया जा रहा है कि बाइक में तेल रिसाव (पेट्रोल लीकेज) की वजह से आग लगी।

### पुलिस ने मामला दर्ज कर शुरू की जांच

यह घटना NR ट्रैफिक पुलिस स्टेशन में दर्ज की गई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और सीसीटीवी फुटेज को भी जांच का हिस्सा बनाया गया है। शुरुआती रिपोर्ट के अनुसार, हादसे की वजह अत्यधिक तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाना बताई जा रही है।

### सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल

हादसे का वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हो गया है, जिससे लोगों में भारी आक्रोश और दुख देखा जा रहा है। लोग तेज रफ्तार और लापरवाह ड्राइविंग के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

# हिंदू युवक पर विशेष समुदाय के दर्जनभर लोगों का जानलेवा हमला, हालत गंभीर

● खजनी पुलिस की सक्रियता से बडी घटना टली

स्वतंत्र प्रभात

**ख़जनी गोरखपुर।** खजनी थाना क्षेत्र के ग्राम सभा सरया तिवारी के मौजा तेतरिया में सोमवार रात एक दिल दहलाने वाली घटना ने पूरे इलाके को हिला कर रख दिया। पुरानी रंजिश के चलते विशेष समुदाय के करीब दर्जनभर लोगों ने एक हिंदू युवक पर सुनियोजित तरीके से घात लगाकर जानलेवा हमला बोल दिया। लाठी-डंडों और धारदार हथियारों से लैस हमलावरों ने युवक को बुरी तरह घायल कर दिया, जिसकी हालत बेहद नाजुक बनी हुई है। घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल है, और स्थानीय पुलिस के सक्रियता से बड़ी घटना टल गई ,फ़िरहाल घायल की खजनी पुलिस इलाज के लिए भेज दिया ,और अग्रिम कार्यवाई में जुट गई । पीड़ित युवक सोमवार रात किसी कार्य से गांव में निकला था। तभी पहले से घात लगाए विशेष समुदाय के करीब दर्जनभर हमलावरों, जिनमें पुरुष और महिलाएं दोनों शामिल थे, ने उसे घेर लिया। हमलावरों ने लाठी-डंडों और धारदार हथियारों से युवक पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल युवक को ग्रामीणों ने तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत नाजुक देखते हुए उसे मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। युवक की हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है।






### पुरानी रंजिश बनी हमले की वजह

बताया जा रहा है कि हमले की जड़ में पुरानी रंजिश है। इससे पहले विशेष समुदाय के कुछ लोगों ने युवक और उसके परिवार पर फर्जी मुकदमा दर्ज कराने की कोशिश की थी, लेकिन पुलिस जांच में सभी आरोप निराधार पाए गए। इस बात से नाराज हमलावरों ने युवक को बार-बार धमकियां दी थीं और 'देख लेने' की बात कही थी। सोमवार रात को उन्होंने अपनी धमकी को अंजाम देते हुए सुनियोजित तरीके से हमला कर दिया।पुलिस की तत्परता, गांव में भारी फोर्स के साथ पहुंची ।

खजनी थाना प्रभारी अनूप सिंह ने तत्परता दिखाते हुए फोर्स के साथ मौके पर पहुंचकर स्थिति को संभाला। गांव में तनावपूर्ण माहौल को देखते हुए भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया है, ताकि कोई बड़ी अनहोनी न हो। पुलिस ने हमलावरों की पहचान कर ली है और उनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दी जा रही है। थाना प्रभारी अनूप सिंह ने कहा, ÷किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा। हमलावरों के खिलाफ सख्त धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी गई है।शांति व्यवस्था को हर हाल में बनाए रखा जाएगा।

### ग्रामीणों में आक्रोश, न्याय की मांग

इस सनसनीखेज वारदात के बाद पूरे इलाके में चर्चा का माहौल है। ग्रामीणों ने पीड़ित परिवार के लिए न्याय की मांग की है और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की अपील की है। गांव में तनाव को देखते हुए पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क है और स्थिति पर पैनी नजर रखे हुए है।

### प्रशासन से सख्त कार्रवाई की अपेक्षा

स्थानीय लोग प्रशासन से मांग कर रहे हैं कि इस मामले की निष्पक्ष मजांच हो और दोषियों को जल्द से जल्द कठोर सजा दी जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

# मां बनीं हत्यारिन! ढाई महीने के मासूम को उतारा मौत के घाट, छोटी सी वजह के चलते दिया घटना को अंजाम

स्वतंत्र प्रभात

मध्य प्रदेश के रीवा जिले में एक मां ने अपने ही ढाई माह के मासूम बेटे को मौत के घाट उतार दिया। इस जघन्य वारदात के बाद वह लगभग दो साल तक झूठ बोलकर सबको गुमराह करती रही। बच्चे के पिता ने अपने मासूम को न्याय दिलाने के लिए हार नहीं मानी और उसके अथक संघर्ष के बाद इस हत्याकांड का खुलासा हुआ।



### क्या थी पूरी घटना?

यह दर्दनाक घटना रीवा जिले के मनगंवा थाना क्षेत्र के एक गांव की है, जो 6 जनवरी 2023 को हुई थी। आरोपी मां प्रिया गुप्ता ने अपने ढाई माह के बेटे, लक्ष्य उर्फ धैर्य गुप्ता का गला दबाकर हत्या कर दी थी। इस क्रूर वारदात के बाद प्रिया सभी को बताती रही कि उसके बेटे की मौत बीमारी के कारण हुई है।

### पिता ने शक के आधार पर जुटाए सबूत

बच्चे के पिता प्रकाश गुप्ता को अपनी पत्नी पर बेटे की हत्या का शक था। वह लगातार थाने और एसपी कार्यालय के चक्कर काटते रहे ताकि सच्चाई सामने आ सके। प्रकाश गुप्ता को अपनी पत्नी के साथ हुई बातचीत की एक फोन कॉल रिकॉर्डिंग मिली, जिसमें प्रिया ने खुद इस हत्या की जानकारी दी थी। यह ऑडियो रिकॉर्डिंग ही इस मामले में सबसे बड़ा सबूत बनी।

### ऑडियो रिकॉर्डिंग से खुला राज

पुलिस ने प्रकाश गुप्ता के मोबाइल में सेव इस ऑडियो रिकॉर्डिंग की जांच एफएसएल भोपाल से करवाई। ऑडियो क्लिप रिकॉर्डिंग, बच्चे की पोस्टमार्टम रिपोर्ट और अन्य सबूतों के आधार पर पुलिस ने गहराई से छानबीन की, जिससे इस हत्याकांड का पूरा सच सामने आ गया।

### क्यों की मां ने अपने ही बच्चे की हत्या?

पुलिस द्वारा कड़ाई से पूछताछ करने पर आरोपी मां प्रिया गुप्ता ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने बताया कि आरोपी महिला को अपने पति प्रकाश गुप्ता पर शक था कि उसका किसी दूसरी महिला से संबंध है। घटना वाले दिन भी उसका पति से फोन पर इसी बात को लेकर झगड़ा हुआ था। प्रिया उस दिन बहुत गुस्से में थी। सुबह करीब 4 बजे जब बच्चा लक्ष्य जाग गया और दूध पीने के बाद उसने उल्टी कर दी, तो गुस्से में आकर मां ने अपने ही बच्चे का मुंह दबाकर उसकी हत्या कर दी। हत्या के बाद उसने बेटे को पलंग पर लिटाकर कंबल से ढक दिया और सबको बीमारी से मौत होने की झूठी कहानी बताई।

### आरोपी मां गिरफ्तार

पति के शक और उसके द्वारा जुटाए गए सबूतों के आधार पर पुलिस ने महिला का विस्तृत बयान लिया और उसे न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

# छांगुर बाबा की गिरफ्तारी पर बोले योगी- जलालुद्दीन की गतिविधियां न केवल समाज विरोधी हैं, बल्कि राष्ट्र विरोधी भी हैं

स्वतंत्र प्रभात

**लखनऊ-** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को कहा कि प्रारंभिक जांच में पता चला है कि धर्मांतरण गिरोह के मुख्य षड्यंत्रकारी जलालुद्दीन की गतिविधियां न केवल समाज विरोधी हैं, बल्कि राष्ट्र विरोधी भी हैं। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार महिलाओं के सम्मान और सुरक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और कानून व्यवस्था को बिगाड़ने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करेगी।





### धर्मांतरण से जुड़े लोगों की संपत्तियां की जाएंगी जब्त

धर्मांतरण गिरोह के मुख्य षड्यंत्रकारी जलालुद्दीन उर्फ छांगुर बाबा की गिरफ्तारी के बाद, आदित्यनाथ ने मंगलवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा, "हमारी सरकार बहन-बेटियों की गरिमा और सुरक्षा के प्रति पूर्णतः प्रतिबद्ध है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी जलालुद्दीन की गतिविधियां समाज विरोधी ही नहीं, बल्कि राष्ट्र विरोधी भी हैं।" उन्होंने कहा, उत्तर प्रदेश सरकार कानून व्यवस्था को लेकर किसी प्रकार की ढिलाई नहीं बरतेगी। आरोपी और उसके गिरोह से जुड़े सभी अपराधियों की संपत्तियां जब्त की जाएंगी और उन पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### महिलाओं की सुरक्षा को भंग करने वाले के खिलाफ होगी कार्रवाई

उन्होंने कहा कि राज्य में शांति, सौहार्द और महिलाओं की सुरक्षा को भंग करने वालों के लिए कोई स्थान नहीं है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्हें कानून के अनुसार ऐसी सजा दी जाएगी, जो समाज के लिए एक उदाहरण बने। उप्र आतंकवाद निरोधी दस्ते ने शनिवार को धर्म परिवर्तन गिरोह के कथित मुख्य षड्यंत्रकारी जलालुद्दीन उर्फ छांगुर बाबा को उसके सहयोगी के साथ गिरफ्तार किया था। जलालुद्दीन उर्फ छांगुर बाबा और सह आरोपी नीतू उर्फ नसरीन बलरामपुर जिले के मधपुर के रहने वाले हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### अध्यक्ष राम अधार पाल के नेतृत्व में डीएम से मिले विकास भवन कर्मचारी, बंदरों से निजात दिलाने की मांग



**बस्ती।** बस्ती जिले के विकास भवन कर्मचारी संघ अध्यक्ष राम अधार पाल के नेतृत्व में संघ पदाधिकारियों ने मंगलवार को जिलाधिकारी रवीश गुप्ता से मिलकर कर्मचारी समस्याओं के बारे में अवगत कराया और निस्तारण की मांग की। पाल ने बताया कि डीएम ने बिन्दुवार समस्याओं को समझा और तत्काल सम्बंधित विभागीय अधिकारियां को निर्देशित किया कि प्राथमिकता से इसका निस्तारण कराया जाय। प्रेस को जारी विज्ञप्ति के माध्यम से संघ अध्यक्ष राम अधार पाल ने बताया कि प्रतिनिधि मण्डल ने जिलाधिकारी से मांग किया कि लोक निर्माण विभाग द्वारा वर्षो पुराने सरकारी आवासों की नये सिरे से मरम्मत, रंगाई पुताई, पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करायी जाय। सरकारी कालोनियों में बंदरो का आतंक है, यहां से उन्हें पकड़वाकर अन्यत्र भेजवाये जाने, पंचायतराज विभाग में नियम विरूद्ध किये गये सफाई कर्मचारियों के स्थानान्तरण को निरस्त किये जाने, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को शासनादेश के अनुरूप लिपिक श्रेणी में पदोन्नित कराया जाय। राम अधार पाल ने बताया कि डीएम ने समस्याओं के निस्तारण का आश्वासन दिया है। डीएम से वार्ता के दौरान प्रतिनिधि मण्डल में मुख्य रूप से विकास भवन कर्मचारी संघ के महामंत्री ओम प्रकाश, ग्राम्य विकास मिनीस्टीरियल एसोसिएशन अध्यक्ष मुकेश सोनकर, पंचायतीराज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के संगठन मंत्री राम कृपाल चौधरी आदि शामिल रहे।

### विकासखंड कुदरहा के ग्राम पंचायत मुरादपुर में ग्राम प्रधान द्वारा महत्वाकांक्षी मनरेगा योजना को दिया जा रहा है गति



**बस्ती।** बस्ती जिले में ग्राम प्रधान मुरादपुर द्वारा अपने गांव पंचायत में मनरेगा योजना के तहत गरीब मनरेगा मजदूरों को रोजगार देने के साथ-साथ संपूर्ण ग्राम पंचायत का सर्वागीण विकास करते हुए ग्राम पंचायत में ही जनता को रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है गांव पंचायत की जनता ने बताया कि हम सभी अपने ग्राम प्रधान सचिव एवं तकनीकी सहायक के द्वारा अपने गांव पंचायत में 100 दिन के रोजगार गारंटी अधिनियम का लाभ प्राप्त करते हुए अपनी जीविका भरी बात चला रहे हैं वास्तव में ग्राम पंचायत मुरादपुर के ग्राम प्रधान तालाब खुदाई और सफाई के कार्य को प्रगति पर करते हुए अपने गांव पंचायत की जनता को रोजगार उपलब्ध करा रहे हैं जिससे गांव पंचायत की जनता ग्राम प्रधान की सराहना कर रही है और गांव पंचायत में तालाब का सुंदरीकरण हो रहा है


### बाइक की टक्कर से साइकिल सवार 12 वर्षीय बच्चा घायल, जिला अस्पताल रेफर



**बस्ती।** गौर ब्लॉक क्षेत्र में सोमवार शाम एक दर्दनाक सड़क हादसे में 12 वर्षीय साइकिल सवार बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया। यह हादसा शाम लगभग चार बजे छितहा हलुआ मार्ग पर गर्ग भट्ठा के पास हुआ, जब एक तेज रफ्तार बाइक सवार ने साइकिल सवार मुकेश (पुत्र सुनील), निवासी छितहा हलुआ मार्ग, ब्लॉक गौर को टक्कर मार दी।बताया जा रहा है कि हादसे के वक्त मुकेश अपने किसी परिचित से मिलकर घर लौट रहा था। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि वह सड़क पर गिरकर बेहोश हो गया। मौके पर मौजूद लोगों ने तत्काल 108 नंबर डायल कर एंबुलेंस सेवा को सूचना दी। कुछ ही देर में 108 एम्बुलेंस (वाहन संख्या UP32FG0709) घटनास्थल पर पहुंची।ईएमटी कर्मियों ने मौके पर प्राथमिक उपचार देने के बाद मुकेश को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, गौर में भर्ती कराया। हालात गंभीर होने पर वहां से उसे जिला अस्पताल बस्ती रेफर कर दिया गया।फिलहाल मुकेश की स्थिति नाजुक बनी हुई है और डॉक्टरों की निगरानी में उसका इलाज जारी है। स्थानीय लोगों ने बाइक सवार के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

## आखिरकार डूडा बस्ती में करोड़ो के प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना घोटाले में शासन ने तलब की रिपोर्ट, भ्रष्टाचारियों में हड़कंप

**● सूची मिलने के बाद शशि भूषण सिंह अवर अभियंता व दिनेश चौधरी अवर अभियंता की मुश्किलें बढ़ना तयरन्दीप यादव अवर अभियंता डूडा व शुभम् गुप्ता कर संग्राहक नगर पालिका की भी आवास घोटाले में शामिलसुरेश कुमार पटवा तत्कालीन लेखपाल राजस्व विभाग बस्ती ने भी भ्रष्टाचार में लगाए गोते**



स्वतंत्र प्रभात

**बस्ती।** बस्ती डूडा में प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना के करोड़ो रुपये के हुए घोटाले में घोटालेबाजों पर कानून का शिकंजा धीरे - धीरे कसना शुरू हो गया है जिसको लेकर डूडा सहित भ्रष्टाचारियों में हड़कंप मचा हुआ है । शासन ने भ्रष्टाचार में शामिल शशि भूषण सिंह , दिनेश चौधरी व रन्दीप यादव अवर अभियंता डूडा तथा शुभम् गुप्ता कर संग्राहक नगर पालिका बस्ती व सुरेश कुमार पटवा तत्कालीन लेखपाल राजस्व विभाग बस्ती के विरुद्ध अभियोजन चलाने हेतु अभियोजन स्वीकृत देने वाले अधिकारियों की सूची तलब की है जिससे डूडा व भ्रष्टाचारियो में हड़कंप मचा हुआ हप्राप्त समाचार के अनुसार नगरीय विकास अभिकरण (डूडा) बस्ती में प्रधान मंत्री शहरी आवास योजना मे हुए करोड़ो रुपये के घोटाले में शासन ने शशि भूषण सिंह अवर अभियंता , दिनेश चौधरी अवर अभियंता व रन्दीप यादव अवर अभियंता डूडा व शुभम् गुप्ता कर संग्राहक नगर पालिका बस्ती तथा सुरेश कुमार पटवा तत्कालीन लेखपाल राजस्व विभाग बस्ती को दोषी करार देत हुए इनके विरुद्ध अभियोजन चलाने हेतु जनपद से अभियोजन स्वीकृत प्रदान करने वाले सक्षम अधिकारियों की सूची अपने पत्र संख्या 1101/69-1-2025 -1930651 दिनांक 20 जून 2025 द्वारा तलब किया है । पत्र में शासन ने डूडा बस्ती को सूची उपलब्ध कराने हेतु अधिकतम 3 दिन का समय दिया था जो काफी पहले समाप्त हो चुका है । जनपद में शासन का पत्र प्राप्त होते ही डूडा सहित भ्रष्टाचारियों में हड़कंप मचा हुआ है । जनचर्चाओं की बात करें तो जहाँ अभी तक लोग यह चर्चा करते थे कि मामला रफा-दफा हो गया है कुछ नहीं होगा वे भी शासन के पत्र की सूचना मिलते ही यह कहने लगे हैं कि जल्द ही भ्रष्टाचारी सलाखों के पीछे नजर आएंगे । हलांकि पूरे मामले पर डूडा बस्ती के जिम्मेदार चुप्पी साधे हुए हैं कोई कुछ बोलने को तैयार नहीं है और अब भी मामले को दबाने में लगे हैं ।

## सेवानिवृत्त कर्मचारियों के प्रति सरकार की मंशा ठीक नहीं, 15 जुलाई को कलेक्ट्रेट से उठेगी गूंज

**●आठवें वेतन आयोग के अध्यक्ष की घोषणा करें सरकार, पेंशनरी रूल में परिवर्तन स्वीकार नहींसेवानिवृत्त कर्मचारियों ने तय की रणनीति, पेंशनरी रूल में परिवर्तन स्वीकार नहीं, समूचे भारत में कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन की तैयारी**




स्वतंत्र प्रभात

**बस्ती।** बस्ती जिले में सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसियेशन उ.प्र. की जनपद शाखा बस्ती की बैठक प्रेस क्लब सभागार मे हुई। बैठक का संचालन जिला मंत्री उदय प्रताप पाल ने किया। बैठक में आठवें वेतन आयोग का मुद्दा छाया रहा। अध्यक्षता राधेश्याम त्रिपाठी ने किया। जिलाध्यक्ष नरेन्द्र बहादुर उपाध्याय ने कहा कि केन्द्र सरकार ने आठवें वेतन आयोग की घोषणा कर दिया है किन्तु अभी तक आयोग के अध्यक्ष एवं सदस्यों की नियुक्ति नही की गई है।उन्होने मांग किया कि इन पदों पर शीघ्र नियुक्ति की जाये। यह भी कहा कि केन्द्र सरकार ने 25 मार्च 2025 को लोकसभा में बिल लाकर पेंशनरी रूल में परिवर्तन करने का अधिकार प्राप्त कर लिया, तथा पेंशनरों को आठवें वेतन के लाभ से वंचित करने एवं महंगाई राहत को डी लिंक करने की मंशा को उजागर कर दिया। लेकिन सेवानिवृत्त कर्मचारी इसे लागू नही होने देंगे। सरकार के इस फैसले के विरूद्ध समूचे भारत में कलेक्ट्रेट पर विशाल धरना प्रदर्शन की रणनीति तैयार हो चुकी है। उ.प्र. के सभी जनपदों में कलेक्ट्रेट से कर्मचारियों की गूंज उठेंगी जो केन्द्र सरकार तक पहुचेंगी। जिलाध्यक्ष ने अपील किया कि इस धरने को सफल बनाने के लिये अधिकाधिक संख्या में शामिल होने का अनुरोध किया है।

उ.प्र. शिक्षक महासंघ के प्रान्तीय संयोजक सुरेश कुमार त्रिपाठी तथा अध्यक्ष डा. दिनेश चन्द्र शर्मा एवं राज्य कर्मचारी महासंघ के जिलाध्यक्ष सुनील कुमार पाण्डेय ने भी धरना प्रदर्शन को अपना समर्थन दिया है। सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसियेशन की बैठक में इं. रामचन्द्र शुक्ल, राधेश्याम तिवारी, डा. एल.के. पाण्डेय, रामकुमार पाल, इं. राधेश्याम त्रिपाठी, सतनाम सिंह, अरूण कुमार पाण्डेय, श्यामधर सोनी, रामसुरेश पाण्डेय, जयनाथ सिंह, चन्द्रभान पाण्डेय, रामनाथ, प्रेमशंकर लाल श्रीवास्तव, सुनील कुमार पाण्डेय, राधेश्याम तिवारी, केपी दूबे, अंगीरा प्रसाद, सुरेन्द्र उपाध्याय, मनोज श्रीवास्तव, शोभालाल यादव, छोटेलाल यादव, श्रीगोपाल त्रिपाठी, रामचेत सिंह, ब्रह्मानंद यादव, कमलापति पाण्डेय, रामचन्द्र शुक्ला, शिवगोविंद श्रीवास्तव, शारदा प्रसाद विश्वकर्मा आदि की उपस्थिति रही।

## विकास खंड तुलसीप्रु के नवागंतुक एडीओ पंचायत संचारी रोग नियंत्रण अभियान की उड़ा रहे हैं धज्जिंया

स्वतंत्र प्रभात



**बलरामपुर** – मुख्य विकास अधिकारी बलरामपुर के पत्र संख्या 783 दिनांक 23-6-2025 के अनुपालन में पूर्व एडीओ पंचायती पंचायत द्वारा शासन द्वारा चलाये जा रहे महत्वपूर्ण संचारी रोग नियंत्रण अभियान में न्याय पंचायत में रोस्टरवार सफाई कर्मचारियों को साफ सफाई के लिए आदेशित किया गया था, जिसको दरकिनार कर नवागंतुक एडीओ पंचायत श्री मालिक राम मौर्या अपना पद भार ग्रहण करते ही लगभग आधा दर्जन सफाई कर्मचारियों को अपने कार्यालय में संबद्ध कर लिया जबकि दर्जन भर राजस्व ग्राम पहले से ही सफाई कर्मचारियों से रिक्त चल रहे है जैसे - महादेव जमुनी, गुलरिहा, बदलपुर, बरदहवा, शिवचरनडीह, भंगहाकला, नंदमहरा, नरायनपुर, रजवापुर इत्यादि, इसके साथ साथ नवागंतुक एडीओ पंचायत ने सरकार के महत्तव पूर्ण संचारी रोग नियंत्रण अभियान के रोस्टर में राजस्व ग्राम नन्हुआपुर ,पूरेबक्श, कंदैला, फतेहनगरा की साफ सफाई को ठेंगा दिखाते हुए दिनांक 8-7-2025 में न्याय पंचायत लैबुडवा, गुलरिहा हिसामपुर, मोहनपुर, बालापुर के लगभग चार दर्जन से अधिक सफाई कर्मचारियों को विकास खंड मुख्यालय के परिसर की साफ सफाई करने हेतु आदेशित किया, जबकि रोस्टर में लगे हुए राजस्व ग्राम में अपार गंदगी का अंबार लगा हुआ है जिससे महानारी फैलने की आशंका व्यक्त की जा रही है। नवागंतुक एडीओ पंचायत श्री मालिक राम मौर्या का पैतृक निवास विकास मुख्यालय महज दस किलोमीटर की दूरी पर स्थित है, जिस कारण से इनके द्वारा निशपक्ष एवं पारदर्शी तरीके दायित्वों का निर्वहन करना असंभव होगा, इससे पूर्व श्री मालिक राम मौर्या वर्ष 2015 से 2020 वाले कार्यकाल में इसी विकास खंड में ग्राम पंचायत अधिकारी के पद पर रहते हुए कार्य कर चुके हैं, वही इनका यह कार्यकाल हमेशा विवादों से भरा रहा है।

## निगोहां में हरे पेड़ों की अवैध कटान तीन दिन बाद भी नहीं हुई कोई कार्यवाही

**●प्रशासन मौन, ग्रामीणों में भारी आक्रोश**

स्वतंत्र प्रभात

**निगोहां, लखनऊ** –राजधानी लखनऊ के निगोहां थाना क्षेत्र के मीरकनगर मार्ग पर बीते रविवार को लकड़कट्टों द्वारा प्रतिबंधित हरे पेड़ों की अवैध कटान कर दी गई। ग्रामीणों ने इसकी शिकायत संबंधित अधिकारियों और निगोहां पुलिस को दी थी, लेकिन घटना के तीन दिन बीत जाने के बावजूद अभी तक कोई भी कार्रवाई नहीं हो सकी है। इससे ग्रामीणों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है।जानकारी के अनुसार कटे गए पेड़ों में 60 वर्ष पुराना फलदार कलुआ आम का पेड़ भी शामिल है, जो क्षेत्र में अपनी पहचान और ऐतिहासिक महत्व के लिए जाना जाता था। ग्रामीणों का आरोप है कि नगराम के रहने वाले ठेकेदार शरीफ, द्वारा वन विभाग की मिलीभगत से यह अवैध कटान करवाई गई है, ताकि जमीन पर अवैध कब्जा किया जा सके। वही एडवोकेट व सामाजिक कार्यकर्ता देवेश बाजपेयी ने इस मामले को निगोहां पुलिस को शिकायती पत्र सौंपते हुए दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया है कि वन विभाग की मिलीभगत से पूरे क्षेत्र में हरे पेड़ों की सुनियोजित ढंग से कटान की जा रही है और प्रशासन मूकदर्शक बना हुआ है।वही स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि योगी सरकार एक ओर हरियाली बचाने के लिए एक पेड़ माँ के नाम जैसे अभियान चला रही है, वहीं दूसरी ओर ऐसे मामले उन अभियानों को पलीता लगा रहे हैं। क्षेत्रीय लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं की गई तो वे धरना-प्रदर्शन करने को विवश होंगे।अब सवाल यह उठता है कि क्या प्रशासन जानबूझकर इस मामले को नजरअंदाज कर रहा है या फिर रसूखदारों के दबाव में कोई कार्रवाई नहीं की जा रही। यह कि हरे पेड़ो की अवैध कटान पर्यावरण संरक्षण व प्रशासनिक निष्क्रियता पर एक बड़ा सवाल खड़ा करती है।

## पापकार्न, दोना मेकिंग मशीन, हनी बाक्स तथा पगमिल मशीन के अभ्यर्थियों का साक्षात्कार 18 जुलाई को

स्वतंत्र प्रभात

**प्रतापगढ़।** जिला ग्रामोद्योग अधिकारी कृष्ण कुमार यादव ने बताया है कि उ0प्र0 खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा खादी नीति के अन्तर्गत पापकार्न मेकिंग मशीन, दोना मेकिंग मशीन, हनी बाक्स एवं पगमिल मशीन निःशुल्क प्रदान करने हेतु वित्तीय वर्ष 2025-26 में मुख्यालय द्वारा लक्ष्य निर्धारित किया गया है। लक्ष्य के सापेक्ष कार्यालय में आनलाइन आवेदन पत्र प्राप्त हो चुके है। लाभार्थियों का चयन परिक्षेत्रीय ग्रामोद्योग अधिकारी प्रयागराज मण्डल, प्रयागराज की अध्यक्षता में गठित समिति के माध्यम से किया जायेगा। पात्र लाभार्थियों के चयन हेतु 18 जुलाई पूर्वान्ह 10 बजे जिला ग्रामोद्योग कार्यालय परिसर निकट रोड़वेज बस स्टाप सिविल लाइन प्रतापगढ़ में साक्षात्कार किया जायेगा। समस्त आवेदक अपने मूल प्रमाण पत्रों के साथ निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित हो।

## हठवादी रवैया छोड़ गरीबों के बच्चों को शिक्षा से वंचित न करे सरकार - उदयशंकर शुक्ल

**●परिषदीय विद्यालयों को मर्जर किये जाने के विरोध में शिक्षकों ने मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन**




स्वतंत्र प्रभात

**बस्ती।** बस्ती जिले में शिक्षक द्वारा परिषदीय विद्यालयों को मर्जर किये जाने का आदेश वापस लिये जाने की मांग को लेकर सोमवार को उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक षिक्षक संघ के आवाहन पर शिक्षकों और पदाधिकारियों ने जिलाध्यक्ष उदयशंकर शुक्ल के नेतृत्व में प्रदर्शन के बाद मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी को सौंपा। शिक्षक पहले जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर एकत्र हुये और यहां से पद यात्रा करते हुये डीएम कार्यालय पहुंचे और एक स्वर से मांग किया कि सरकार विद्यालयों को बंद करने का निर्णय व्यापक हितों को लेकर तत्काल प्रभाव से वापस ले। ज्ञापन देने के बाद जिलाध्यक्ष उदयशंकर शुक्ल ने कहा कि सरकार का हठवादी रवैया ठीक नहीं है। कहां तो सबको शिक्षा के अधिकार, अवसरों से जोड़ना था और स्थिति ये है कि सरकार ही स्कूलों को बंद करने का दुर्भाग्यपूर्ण निर्णय ले रही है। इससे गरीबों के पाल्य शिक्षा से वंचित हो जायेंगे। कहा कि सरकार अपना निर्णय वापस ले और परिषदीय स्कूलों में प्री-प्राइमरी भी संचालित कराना शुरू करे। कहा कि सबको शिक्षा का अधिकार देने का विधिक प्राविधान है और स्वयं कानूनों का उल्लंघन न करे। यदि विद्यालयों को मर्जर करने का निर्णय वापस न लिया गया तो प्रान्तीय स्तर पर संघर्ष को तेज किया जायेगा। जनपद में चरणबद्ध आन्दोलन जारी रहेगा।

यह जानकारी देते हुये संघ के जिला प्रवक्ता सूर्य प्रकाश शुक्ल ने बताया कि मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन सौंपने के दौरान मुख्य रूप से जिला मंत्री राघवेन्द्र सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष महेश कुमार, कोषाध्यक्ष अभय सिंह यादव, देवेन्द्र वर्मा, चन्द्रभान चौरसिया, शैल शुक्ल, अभिषेक उपाध्याय, रीता शुक्ला, रामपाल चौधरी, सतीश शंकर, राम प्रकाश शुक्ल, विनोद यादव, सन्तोष शुक्ला, राजीव पाण्डेय, त्रिलोकीनाथ, मारूफ खान, ओम प्रकाश पाण्डेय, अकिलेश कुमार, ओम प्रकाश, विजय वर्मा, अरूण कुमार, अभिषेक शुक्ल, सुनील पाण्डेय, आदित्यनाथ तिवारी, रविन्द्रनाथ, नरेन्द्र पाण्डेय, मुक्तिनाथ, राजेश कुमार, योगेश्वर शुक्ल, विवेक गौतम, रमेश विश्वकर्मा, आदित्य तिवारी, शिवम शुक्ल, राजेश पाठक, नवीन कुमार, सरिता पाण्डेय, प्रशान्त प्रियदर्शी, इन्दुबाला, राघवेन्द्र उपाध्याय, रामरेखा, ज्योति सोनी, अफसापरवीन, महमूद आलम अंसारी, नीलम श्रीवास्तव, श्रवण कुमार, विपिन शुक्ल, विजय बहादुर वर्मा, गुरूलाल, कन्हैयालाल भारती, जगदम्बा प्रसाद पाण्डेय, विनय कुमार, सचिन शुक्ला, वैभव कन्नौजिया, रचना देवी, विनोद गुप्ता, अमित कुमार वर्मा, आनन्द कुमार शुक्ल, विन्दावती, सुमन श्रीवास्तव, दीपा पाण्डेय, सुनीता कुमारी, अभिषेक यादव, मंजेश राजभर, अंगद पाण्डेय, जय प्रकाश शुक्ल, पूनम पाण्डेय, सुशीला त्रिपाठी, शीला वर्मा, विभा, अनुराधा, अभिनव कुमार, रमेश चौधरी, प्रभाकर शुक्ल, अरूण शुक्ल, चन्द्रिका सिंह, राघवेन्द्र पाण्डेय, चन्द्रशेखर शर्मा, विजय कुमार, प्रेमनाथ, रविन्द्रनाथ, अवनीश तिवारी, गिरजेश चौधरी, गौरव सिंह, कन्हैयालाल विश्वकर्मा, भरतराम, शशिकान्त धर द्विवेदी, सुशील कुमार उपाध्याय, संध्या त्रिपाठी, ओंकार उपाध्याय, वृजेश कुमार पाण्डेय, रामचन्द्र शुक्ल, प्रणव मिश्र, अवध नरायन शुक्ल, अभिनव उपाध्याय, अनिल कुमार सिंह, राजेश्वर शर्मा के साथ ही बड़ी संख्या में शिक्षक, शिक्षिकायें और संघ पदाधिकारी, मेधा प्रवक्ता दीनदयाल तिवारी के साथ ही अनेक संगठनों के लोग शामिल रहे।

## छांगुर बाबा पर कसता शिकंजा , बेदखली का आदेश जारी

स्वतंत्र प्रभात



**बलरामपुर-** मंगलवार शाम करीब 6:30 बजे तक छांगुर की कोठी पर पुलिस बल के साथ पहुंची प्रशासन की टीम ने गेट पर बेदखली की नोटिस चस्पा किया। तहसीलदार ने बताया कि सात दिनों में अतिक्रमण नहीं हटाया गया तो प्रशासन अपने स्तर से अतिक्रमण को गिरवा देगा। हिंदू परिवारों का धर्म परिवर्तन कराने का आरोपी जलालुद्दीन उर्फ छांगुर की उतरौला के मधपुर स्थित आलीशान कोठी का निर्माण अवैध रूप से हुआ है। तहसीलदार उतरौला ने सोमवार को बेदखली के दो नोटिस जारी कर निर्माण को सात दिनों में हटाने की चेतावनी दी है। एक नोटिस 17 मई और दूसरा 26 मई को जारी हुआ है। तहसीलदार एसपी प्रजापति ने सोमवार को बताया कि जिस तिथि में बेदखली की गई है, उसी तिथि का नोटिस चस्पा किया गया है। पूर्व में भी कई बार नोटिस भेजा गया, लेकिन किसी ने गेट ही नहीं खोला। इसलिए पूर्व में जारी नोटिस को चस्पा किया गया है। राजस्व टीम की रिपोर्ट के अनुसार नीतू रोहरा के नाम से मधपुर में गाटा संख्या 337/370 पर मकान बनाया गया है। निर्माण जिस जमीन पर हुआ है वह बंजर भूमि है, जिसका आवंटन किसी को नहीं हुआ है, निर्माण वैध नहीं है। जमीन भी आवासीय उपयोग के लिए स्वीकृत नहीं है। इससे निर्माण किए गए भवन को तत्काल हटाया जाए।

**नोटिस चस्पा करने पर विरोध**

प्रशासन की कार्रवाई के बाद छांगुर की आलीशन कोठी में रह रहे लोगों ने आक्रोश जताया। छांगुर की बहू साबिरा पहली बार बाहर आई और प्रशासन पर आरोप लगाया कि पुलिस की कार्रवाई से बच्चे डरे हैं। मामले में प्रभारी निरीक्षक ने कहा कि आरोप मनगढ़ंत है।

**अवैध धर्मांतरण के खिलाफ फूटा सिख और सिंधी समाज का गुस्सा**

प्रदेश में गैर-मुस्लिम लड़कियों को बहला फुसलाकर कराए जा रहे धर्मांतरण के खिलाफ सिख व सिंधी समाज के लोगों ने आक्रोश व्यक्त किया है। समाज के लोगों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से इस तरह का कुत्सित प्रयास करने वालों को चिह्नित कर उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने धर्मांतरण की साजिश रचने वाले अपराधियों को फांसी की सजा दिलाने की मांग की है।

**यूएई के नेटवर्क को खंगाल रही एटीएस**

छांगुर बाबा की करीबी नीतू नवीन रोहरा के यूएई (संयुक्त अरब अमीरात) के नेटवर्क को एटीएस खंगाल रही है। दरअसल, सातवीं कक्षा पास नीतू ने 2014 से 2019 तक 19 बार यूएई की यात्रा की, जिसकी वजह का अभी तक खुलासा नहीं हुआ है। इसी तरह नवीन घनश्याम रोहरा ने भी 2016 से 2020 के बीच 19 बार यूएई की यात्रा की। पति-पत्नी होने के बावजूद दोनों केवल 8 अप्रैल, 2017 को एक बार साथ में गए थे, लेकिन वापसी अलग-अलग की थी। सूत्रों की मानें तो छांगुर बाबा के गिरोह का नेटवर्क यूएई में भी है। दुबई सरकार ने प्रमाणित भी किया था कि नवीन घनश्याम रोहरा, नीतू नवीन रोहरा और समाले नवीन रोहरा का धर्मांतरण 16 नवंबर, 2015 को दुबई के अल फारुख उमर बिन कताब सेंटर में हुआ था। इसे दुबई सरकार ने प्रमाणित भी किया था। हालांकि उनके पासपोर्ट की जांच में दुबई की यात्रा करने की पुष्टि नहीं हुई, जिससे आशंका जताई जा रही है कि छांगुर बाबा के गिरोह के गुर्गो ने अलग नाम से भी पासपोर्ट बनवाए हुए हैं।अधिकारियों को शक है कि गिरोह खाड़ी देशों के संगठनों के इशारे पर धर्मांतरण का रैकेट चला रहा था।

## 9 जुलाई 2025 को जनपद में होगा वृहद स्तर पर वृक्षारोपण, रोपे जाएंगे 45.50 लाख पौधे

**●एक पेड़ मां के नाम 2.0 थीम पर वृक्षारोपण जन अभियान 2025 में रोपित किए जाएंगे पौधे**

स्वतंत्र प्रभात



**अमेठी।** वृक्षारोपण अभियान को सफल बनाने के लिए शासन द्वारा नामित नोडल अधिकारी/आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग उत्तर प्रदेश राजेश कुमार ने आज कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी संजय चौहान, पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक, मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल सहित अन्य अधिकारियों के साथ बैठक कर वृक्षारोपण महा अभियान 2025 की तैयारियों की समीक्षा किया एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में प्रभागीय वनाधिकारी रणवीर मिश्रा ने बताया कि इस वर्ष शासन द्वारा जनपद अमेठी को 4550100 पौधे रोपित करने का लक्ष्य दिया गया है जिसमें 20 लाख पौधे वन विभाग तथा 2550100 पौधे अन्य विभागों क्रमशः पर्यावरण विभाग को 305000, ग्राम्य विकास विभाग को 1203600, राजस्व विभाग को 52000, पंचायती राज विभाग को 75000, उद्योग विभाग को 26400, नगर विकास विभाग को 21900, लोक निर्माण विभाग को 11900, सिंचाई विभाग को 60000, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति को 7200, कृषि विभाग को 414380, रेलवे विभाग को 15000, रक्षा विभाग को 50000, पशुपालन विभाग को 19000, सहकारिता विभाग को 7000, विद्युत विभाग को 10020, बेसिक शिक्षा विभाग को 50000, माध्यमिक शिक्षा को 12500, प्राविधिक शिक्षा को 5500, उच्च शिक्षा विभाग को 17300, श्रम विभाग को 9000, स्वास्थ्य विभाग को 14000, परिवहन विभाग को 1100, उद्यान विभाग को 155000 तथा पुलिस विभाग को 7200 पौधे रोपित किए जाने का लक्ष्य निर्धारित है। उन्होंने बताया कि वृक्षारोपण महा अभियान को लेकर हमारी तैयारियां पूरी हैं सभी विभागों द्वारा अपने लक्ष्य के सापेक्ष गढ्ढों की खुदाई का कार्य पूर्ण कर लिया गया है जनपद में वन विभाग की 28 पौधशालाएं हैं जिनमें विभिन्न प्रजातियों के 62.41 लाख पौधे उपलब्ध हैं उद्यान विभाग द्वारा अपनी पौधशाला से ही पौधारोपण कराया जाएगा। विभागों द्वारा निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष पौधशालाओं से पौध उठान का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि वृक्षारोपण महा अभियान के अंतर्गत मुख्य कार्यक्रम विकासखंड सिंहपुर के रतवलिया मंझार वन भूमि पर किया जाएगा। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण महा अभियान के अंतर्गत गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी विशिष्ट वनों की स्थापना कराई जाएगी जिसमें अटल वन, एकता वन, ऑक्सी वन, गोपाल वन, त्रिवेणी वन, शौर्य वन, पवित्र धारा वन शामिल होंगे इसके लिए भूमि का चयन किया जा चुका है। बैठक में नोडल अधिकारी ने कहा कि वृक्षारोपण अभियान के दौरान जो पेड़ लगाए जाएं उनका संरक्षण भी बहुत जरूरी है इसके लिए संभव हो तो ट्री गार्ड भी लगाया जाए तथा उन पेड़ों को नियमित रूप से पानी व खाद भी दी जाए जिससे पेड़ सूखने ना पाए। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि गत वर्षो में जो भी पौधरोपण हुए हैं उनका भी संरक्षण जरूरी है सिर्फ पौधों को लगाने से ही नहीं अपितु उनका संरक्षण भी आवश्यक है। उन्होंने इसके लिए जन सामान्य को भी जागरूक करने को कहा वृक्षारोपण अभियान में जन भागीदारी भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए साथ ही जन सामान्य को अनावश्यक पेड़ो को ना काटने के संबंध में भी जागरूक करने को कहा। नोडल अधिकारी ने बैठक में कहा कि जो भी पेड़ लगाए जाएं सुनियोजित तरीके से लगाएं और समय-समय पर उनकी देखरेख की जाए। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण पुण्य का कार्य है इस कार्य में स्वतः ही लोगों को अपनी जिम्मेदारी निभानी चाहिए, वृक्षारोपण केवल सरकार का कार्य नहीं अपितु इससे जन सामान्य को भी जोड़ा जाए लोगों को जागरूक किया जाए आप सभी इस महा अभियान में पूर्ण मनोयोग से अपनी अपनी भागीदारी निभाएं और वृक्षारोपण कार्यक्रम को सफल बनाएं। उन्होंने गौशालाओं में भी बृहद स्तर पर पेड़ लगाने के निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने नोडल अधिकारी को आश्वस्त करते हुए कहा कि आपके द्वारा जो भी निर्देश दिए गए हैं उनका संबंधित अधिकारियों से अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करते हुए वृक्षारोपण अभियान को सफल बनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि जनपद में इंडस्ट्रीज के द्वारा वृहद स्तर पर वृक्षारोपण कराया जा रहा है। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता, प्रभागीय वनाधिकारी रणवीर मिश्र, डीसी मनरेगा शेर बहादुर, डीपीआर मनोज त्यागी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### चल रही ट्रेन का टूटा इलेक्ट्रिक तार, बड़ा हादसा होने से बचा, 6 पोल के तार टूटकर मेमू ट्रेन के छत पर गिरे



**गाजीपुर-** (जखनियां ) मऊ से छ्ब्रू ट्रेन आ रही थी अचानक इलेक्ट्रिक तार टूट कर छ्ब्रूट्रेन पर गिर गया इलेक्ट्रिक तार टूट कर गिरने की खबर पाते ही यात्रियों सहित वहां के लोगों मे अफरा तफरी मच गई लेकिन कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ यात्रियों सहित ग्रामीणों ने राहत की सांस ली यात्री ट्रेन की बोगियों से निकलकर अगल-बगल पेड़ की छांव में निकलकर बैठे देखे गए मौके पर भारी भीड़ इकट्ठा हो गई आज यह घटना सुबह 9बजे हुरमुजपुर किलोमीटर संख्या 103/7 पर हुई।ऑटो कट सिस्टम के कारण बिजली आपूर्ति तुरंत बंद हो गई जिसे ट्रेन में आग लगने की संभावना टल गई।वहीं सादात रेलवे स्टेशन मास्टर ने तुरंत मऊ और औड़िहार रेलवे स्टेशन से टावर बैगन की मांग की रेलवे इंजीनियर के नेतृत्व में मैकेनिकों की टीम ने मरम्मत कार्य शुरू किया ट्रेन करीब डेढ़ घंटे तक वहीं खड़ी रही इस घटना से अन्य ट्रेनों पर भी असर पड़ा रेलवे अधिकारियों ने बताया कि ओएचटी तार मरम्मत में कई घंटे लग सकते हैं डीजल इंजन की व्यवस्था से ट्रेन को आगे भेजने की योजना बनाई जा रही है ।

### विद्यालय मर्ज के विरोध में समाजवादी छात्र सभा का प्रदर्शन, डीएम को सौंपा ज्ञापन



**गाजीपुर।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेशभर में चलाए जा रहे प्राथमिक विद्यालयों के मर्ज अभियान का विरोध अब छात्र संगठनों तक पहुंच गया है। इसी क्रम में आज समाजवादी छात्र सभा के कार्यकर्ताओं ने ग़ाज़ीपुर में ज़ोरदार प्रदर्शन करते हुए ज़िलाधिकारी कार्यालय का घेराव किया और ज्ञापन सौंपा। गौरतलब है कि ग़ाज़ीपुर जनपद में छात्र संख्या 50 से कम वाले लगभग 104 प्राथमिक विद्यालयों को चिन्हित कर उन्हें समीपवर्ती विद्यालयों में मर्ज किया जा रहा है। सरकार का दावा है कि इस प्रक्रिया से शैक्षिक गुणवत्ता और संसाधनों की उपलब्धता बेहतर होगी। हालांकि, समाजवादी छात्र सभा ने इसे शिक्षा के अधिकार और सामाजिक न्याय के खिलाफ बताया है। संगठन के जिलाध्यक्ष अभिषेक कुशवाहा ने आरोप लगाया कि "यह निर्णय गरीब, दलित, पिछड़े, मजदूर और किसान वर्ग के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण और सुलभ शिक्षा से वंचित करने वाला है। सरकार इन वर्गों के बच्चों को शिक्षा से दूर कर, समाज में अज्ञानता और असमानता को बढ़ावा दे रही है।"प्रदर्शन के दौरान छात्रों ने नारेबाज़ी करते हुए कहा कि प्राथमिक विद्यालयों का बंद किया जाना संविधान द्वारा प्रदत्त निशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा के अधिकार का उल्लंघन है। छात्र नेताओं ने मांग की कि सरकार इस निर्णय को तुरंत प्रभाव से वापस ले अन्यथा आंदोलन और तेज़ किया जाएगा। इस मौके पर प्रदर्शनकारियों ने जिलाधिकारी को एक ज्ञापन भी सौंपा जिसमें सरकार की स्कूल मर्ज नीति को वापस लेने की मांग की गई है। प्रदर्शन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।

### अपहृत किशोरियां के 24 घंटे में की गई बरामद

**प्रतापगढ़।** रविवार की रात्रि में वन स्टाप सेन्टर प्रतापगढ़ से 02 लड़कियों के बिना बताये कहीं चले जाने पर प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना कोतवाली नगर में अभियोग पंजीकृत किया गया। रविवार को समय लगभग 10:43 बजे रात सखी वन स्टॉप सेंटर प्रतापगढ़ से केंद्र प्रबंधक श्रीमती नीरजा कुमारी द्वारा थाना कोतवाली नगर में सूचना दी गई कि 02 नाबालिग लड़कियां निवासिनी थाना लालगंज क्षेत्रातंर्गत तथा दूसरी निवासिनी थाना जेठवारा क्षेत्रातंर्गत बिना बताए केंद्र से कहीं चली गई हैं।उक्त सूचना पर थाना कोतवाली नगर में अभियोग पंजीकृत करते हुए तत्काल विवेचना प्रारंभ की गई।थाना कोतवाली नगर के उप निरीक्षक अंकित तिवारी मय हमराह कां0 योगेश व महिला आरक्षी दीप्ती राठौर द्वारा मंगलवार को त्वरित कार्यवाही करते हुए संभावित ठिकानों पर दबिश दी गई।एसपी के निर्देश पर अपहृतओं की बरामदगी हेतु 03 टीमें गठित की गई थी। जिसमे पुलिस टीमों की सतत प्रयासों से मात्र 24 घंटे के भीतर दोनों किशोरियों को सकुशल थाना कोतवाली नगर क्षेत्रातंर्गत रामलीला मैदान बस स्टैण्ड के पास से बरामद कर लिया गया है।

# वृक्षारोपण महा अभियान की तैयारियों को लेकर आयुक्त ने किया बैठक

स्वतंत्र प्रभात



**गाजीपुर।** गाजीपुर 08 जुलाई, 2025 ¬ आयुक्त वाराणसी मण्डल वाराणसी एस राजलिंगम की अध्यक्षता मे जनपद मे ''एक पेड़ मॉ के नाम 2.0 वृक्षारोपण महा अभियान की तैयारियों को लेकर अधिकारियों संग बैठक तहसील सैदपुर सभागार मे अयोजित की गयी। बैठक के दौरान आयुक्त महोदय नें 09 जुलाई को होने वाले पौधरोपण के सम्बन्ध में समस्त तैयारियों यथा- विभिन्न विभागों द्वारा लक्ष्य के अनुरूप स्थलों का चिन्हांकन, गडढा खुदान, सम्बन्धित विभाग द्वारा नर्सरी से पौध प्राप्त करने की स्थिति, मा0 जनप्रतिनिधियों द्वारा किये जाने वाले पौधरोपण के स्थलों का चिन्हांकन, वृक्षारोपण कार्यक्रम के अन्तर्गत एकता वन, आक्सी वन शौर्य वन, एक्सपेस वे वृक्षारोपण, त्रिवेणी वन, पवित्र धारा वन , अटल वन, ग्राम वन, बाल वन, एकलव्य वन, गोपाल वन, रक्षाबन्धन वन, युवा वन, एक पेड़ गुरू के नाम, खाद्य वन, शक्ति वन एवं मित्र वन आदि स्थलों का चिन्हांकन आदि के सम्बन्ध जानकारी ली एवं विभिन्न विभागो द्वारा पौध उठान के सापेक्ष शत-प्रतिशत पौधरोपण करने के साथ हरितिमा अमृत ऐप के माध्यम से वृक्षारोपण की जिओ-टैगिंग का निर्देश दिया। उन्होने कहा कि इसमे किसी स्तर की लापरवाही क्षम्य नही होगी जो भी पौध उठान हुए है उसका निर्धारित स्थल पर रोपण किया जाये। उन्होने समस्त विभागों को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी विभाग अपने-अपने लक्ष्य के सापेक्ष वृक्षारोपण कराना सुनिश्चित करायें तथा सम्बन्धित क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों को भी वृक्षारोपण कार्यक्रम में आमंत्रित करें। उन्होंने कहा कि पर्यावरण को बेहतर बनाने हेतु वृक्षारोपण कार्यक्रम को सफल बनाने के साथ ही साथ रोपित पौधों को जीवित रखना भी हमारी जिम्मेदारी है, उसे सभी विभाग जिम्मेदारी पूर्वक निर्वहन करें। बैठक के पश्चात आयुक्त महोदय ने तहसील परिसर मे महोबनी का पौधरोपण किया।

बैठक मे प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी ने बताया गया कि वर्ष 2025-26 हेतु मा0 मुख्यमंत्री जी के आह्वान पर प्रदेश मे 37 करोड़ पौध रोपण का लक्ष्य निर्धारित है जिसकी पूर्ती के लिए 09 जुलाई 2025 को वृहद वृक्षारोपण की तिथि निर्धारित किया गया है। उक्त तिथि को जनपद मे वन विभाग द्वारा 10 लाख 50 हजार व अन्य विभाग द्वारा 33 लाख 14 हजार एक सौ कुल 43 लाख 64 हजार एक सौ पौधो का रोपण जनपद के 28 विभागो एवं जनसहभागिता से किया जायेगा।

उन्होने बताया कि जनपद मे 7931 चयनित स्थलो पर पॉच सबसे बडे लक्ष्य वाले विभाग जिसमे वन विभाग 1050000, ग्राम्य विकास 2130000, राजस्व विभाग कृषि विभाग 571300, उद्यान 221000, पर्यावरण 151000 के अतिरिक्त नगर विकास 23000, रेशम विभाग 23000, उच्च शिक्षा 19000, लोक निर्माण 11000, स्वास्थ्य विभाग 10000, उद्योग विभाग 17000,सहकारिता विभाग 7980 , पशुपालन विभाग 7000, रक्षा विभाग 4000, प्राविधिक शिक्षा 5000, उर्जा विभाग 5320, माध्यमिक शिक्षा 11000, बेसिक शिक्षा 21700, श्रम विभाग 3000, नमामि गंगे एव ग्रामीण जलापूर्ती 12000, गृह विभाग 7000 ओरियन्टल इन्स्ट्रक्चर प्रा0लि0 53800, लक्ष्य निर्धारित किया गया है जिसके सापेक्ष पौधो का शत-प्रतिशत उठान किया जा चुका है। उन्होने बताया कि वन विभाग द्वारा गंगा व उसकी सहायक नदियों के 10 किमी के अन्दर 661601 पौध रोपित किये जायेगे। जनपद मे 1-7 जुलाई के मध्य जन्म लिये बच्चो के माता-पिता को '' ग्रीन गोल्ड सर्टिफिकेट'' के साथ एक पौध भी दिया जा रहा है। इसके साथ ही सहजन भण्डारा कार्यक्रम मे 294 प्रधानमंत्री आवास योजना एवं 2605 मुख्यमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों मे 2-2 सहजन के पौध का वितरण किया रहा है । जनपद के विभिन्न विकास खण्डो मे वर्षाकालीन वृक्षारोपण जन आन्दोलन 2025 के अन्तर्गत निर्धारित तिथियो को मा0 जनप्रतिनिधियों/विशिष्ट अतिथियों की उपथिति मे वन महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन कर पौध रोपित किये जायेगे।

बताया गया कि पौधो के रोपण की सूचना वन विभाग द्वारा प्राप्ति/संकलन के सम्बन्ध मे प्रक्रिया निर्धारित किया गया है। जिसमे विभागो की ग्राम पंचायतवार/नगर निकायवार रोपित पौधो की स्थलवार संकलित सूचना खण्ड विकास अधिकारी द्वारा जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी को प्रेषित करेगे, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी संकलित सूचना मुख्य विकास अधिकारी को मुख्य विकास अधिकारी सूचना अपने हस्ताक्षर से प्रभागीय निदेशक को प्रभागीय निदेशक द्वारा वन विभाग के पी0एम0एस0 पर आन लाईन अपलोड कराया जायेगा तत्पश्चात प्रभागीय निदेशक, मुख्य विकास अधिकारी के माध्यम से प्राप्त संकलित सूचना संरक्षित रखते हुए जिलाधिकारी को अवगत कराते रहेगे। बताया कि वृक्षारोपण महाअभियान हेतु विभिन्न विभागो के नोडल अधिकारी नामित किये गये है तथा इसके लिए जनपद स्तर पर कन्ट्रोल रूम भी बनाये गये है।

# पशुओं को बीमारी से बचाने के लिए टीकाकरण व सफाई जरूरी- डा. नमिता जोशी

स्वतंत्र प्रभात





**कुमारगंज [ अयोध्या ] ।** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के पशु लोक स्वास्थ्य एवं महामारी विज्ञान विभाग द्वारा जागरूकता अभियान चलाया गया। विश्व जूनोसिस दिवस के अवसर पर यह कार्यक्रम विवि के कुलपति डॉ बिजेंद्र सिंह के दिशा-निर्देशन में मरूई गणेशपुर जूनियर हाई स्कूल के प्रांगण में आयोजित किया गया। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष डॉ नमिता जोशी द्वारा पशुओं से मनुष्यों में फैलने वाले प्रमुख रोग एवं उनके बचाव के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। डॉ नमिता जोशी ने बताया कि पशुओं से मनुष्यों में फैलने वाले रोगों को जूनोटिक रोग कहा जाता है। ये रोग पशुओं से मनुष्यों में विभिन्न तरीकों से फैल सकते हैं, जैसे कि सीधे संपर्क, दूषित भोजन या पानी, या वायु के माध्यम से। डॉ नमिता ने बताया कि रेबीज एक वायरल रोग है जो पागल कुत्तों, बिल्लियों, और अन्य पशुओं के काटने से फैलता है। ब्रुसेलोसिस एक बैक्टीरियल रोग है जो पशुओं से मनुष्यों में दूध, मांस, या अन्य पशु उत्पादों के माध्यम से फैलता है। एवियन इन्फ्लूएंजा (बर्ड फ्लू) एक वायरल रोग है जो पक्षियों से मनुष्यों में फैलता है। डॉ जोशी ने बताया कि पशुओं को संभालते समय दस्ताने पहनें और उनके मल-मूत्र से बचें। साथ ही साथ पशुओं को नियमित रूप से टीकाकरण करवाएं ताकि वे रोगों से बच सकें। विद्यालय के छात्र-छात्राओं शिक्षक एवं ग्राम प्रधान सहित क्षेत्र के ग्रामीणों ने कार्यक्रम में प्रतिभाग किया।

# चकबन्दी कार्यों की समीक्षा बैठक में 5 वर्ष से अधिक पुराने वादों के त्वरित निस्तारण के निर्देश

स्वतंत्र प्रभात



**गाजीपुर।** जिलाधिकारी एवं जिला उप संचालक चकबन्दी अविनाश कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में चकबन्दी कार्यों की गहन समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में उप संचालक चकबन्दी ने जानकारी दी कि जनपद की विभिन्न चकबन्दी न्यायालयों में कुल 5931 वाद विचाराधीन हैं, जिनमें से 1764 वाद 5 वर्ष से अधिक पुराने हैं। जिलाधिकारी ने ऐसे वादों के शीघ्र व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए।बैठक में वर्तमान में प्रक्रियाधीन 22 ग्रामों की ग्रामवार समीक्षा की गई। इनमें ताजपुर मांझा ग्राम धारा-7, पांच ग्राम धारा-8, तीन ग्राम धारा-10, चार ग्राम धारा-20, चार ग्राम धारा-24 और पांच ग्राम धारा-27/52 के तहत कार्यरत हैं। दशवन्तपुर व हटवार मुरार सिंह ग्रामों में सीमांकन/कब्जा परिवर्तन की कार्यवाही पूर्ण हो चुकी है जबकि शेष दो ग्रामों में यह कार्य प्रगति पर है।जिलाधिकारी ने चकबन्दी आयुक्त के निर्देशों के अनुसार कब्जा परिवर्तन से जुड़े ग्रामों में 15 जुलाई तक सीमांकन व कब्जा परिवर्तन की कार्यवाही पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने पुराने ग्राम बबुरा व सकरा में धारा-52 (1) के तहत प्रस्ताव निदेशालय भेजने व 30 वर्ष से अधिक पुराने ग्रामों में कार्ययोजना के अनुसार कार्य पूर्ण करने के निर्देश भी दिए।तिलसड़ा व दरवेपुर ग्रामों में उच्च न्यायालय के स्थगन आदेश समाप्त कराने के लिए प्रभावी पैरवी करने के निर्देश भी बैठक में दिए गए। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों से जन समस्याओं के प्रति संवेदनशील रहते हुए पारदर्शी, निष्पक्ष व समयबद्ध चकबन्दी कार्य सुनिश्चित करने को कहा।बैठक में मुख्य राजस्व अधिकारी आयुष चौधरी, रमजान बख्श, गजाधर सिंह, शिवनाथ पाण्डेय सहित समस्त सहायक चकबन्दी अधिकारी उपस्थित रहे।

# कृषि महाविद्यालय में मनाई गई पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय चंद्रशेखर जी की 18वीं पुण्यतिथि

### ●अद्भुत राजनीतिक पुजारी थे स्वर्गीय पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर जी

स्वतंत्र प्रभात



**सीतापुर-** 8 जुलाई चंद्रभानु गुप्त कृषि स्नातकोत्तर महाविद्यालय में पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय चंद्रशेखर की 18वीं पुण्यतिथि मनाई गई। महाविद्यालय प्रबंध तंत्र के महामंत्री डॉ बैजनाथ रावत ने बताया कि चंद्रशेखर जी समाज को नजदीकी से पहचान रखने वाले प्रखरवादी अद्भुत राजनीतिक पुजारी थे। वह समाज की पारंपरिक अपेक्षाओं से बिल्कुल अलग थे कभी दलों को तोड़ने का काम नहीं किया चंद्रशेखर जी बात के बहुत धनी थे और जैसे ही उन्हें पता चला कि वह अल्पमत में है तो उन्होंने प्रधानमंत्री पदसे इस्तीफा दे दिया। महाविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ एस के सिंह ने बताया कि श्रद्धेय चंद्रशेखर जी सदैव जोड़ने की कोशिश करते सफल समाजसेवी थे आज उनकी पुण्यतिथि पर महाविद्यालय में उनकी प्रतिमा पर पुष्पअर्पित कर उन्हें याद किया गया इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर गजेंद्र सिंह, प्रशासनिक अधिकारी शिवमंगल चौरसिया कुलानुशासक डॉ योगेंद्र कुमार सिंह, डॉ सुधाकर सिंह डॉ सुधीर कुमार रघुवंशी, डॉ धर्मेश कुमार सिंह, डॉ अनिल कुमार वर्मा, डॉ रवि शंकर वर्मा, डॉ विवेक वर्मा, डॉ हरीश यादव, डॉ लल्लन प्रसाद यादव, डॉ जसकरन सिंह, डॉ दीप्ति श्रीवास्तव, श्रीमती प्रतिमा सिंह, शिव बहादुर सिंह चौहान एवं राम प्रकाश सहित महाविद्यालय के सभी शिक्षकों कर्मचारियों उपस्थित रहे।

# लखनऊ में नशामुक्ति के लिए पदयात्रा 3 अगस्त को

### ●हिंदुस्तानियों नशा छोड़ो होगा स्लोगन, तैयारियों को लेकर विधायक जयदेवी की अध्यक्षता में हुई बैठक

स्वतंत्र प्रभात





लखनऊ। सरोजिनी नगर विधानसभा के ग्राम सभा बेंती में भारतीय जनता पार्टी लखनऊ जिले के उपाध्यक्ष अमित तिवारी के गेस्ट हाउस पर 3 अगस्त को निकलने वाली नशा मुक्त पद यात्रा की तैयारी बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में कार्यकर्ताओं को बताया गया कि 3 अगस्त को घंटाघर लखनऊ से परिवर्तन चौक तक अंग्रेजों भारत छोड़ो की तर्ज पर हिंदुस्तानियों नशा छोड़ो के तहत पैदल मार्च निकालकर नशा मुक्त भारत का संदेश दिया जायेगा। बैठक में मलिहाबाद की विधायक जय देवी कौशल भी मौजूद रही उन्होंने बताया की पूर्व केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर ने युवाओं को नशे से निजात दिलाने के लिए पूरे देश में नशा मुक्ति अभियान चलाकर तमाम युवाओं को नशे की चपेट से बचाया है। यह अभियान उत्तर प्रदेश में ही नहीं बल्कि देश के कई अन्य राज्यों में भी सुचारू रूप से चलाया जा रहा है। जिससे लाखों युवाओं ने नशे को त्याग कर अच्छा जीवन शुरू किया है जिसके चलते आगे भी यह अभियान चलता रहे और देश में लोग नशे से दूर रहे हमारा देश नशा मुक्त बने इसके लिए लगातार कार्यक्रम किया जा रहे हैं। इसी तर्ज पर एक बार फिर से लखनऊ में घंटाघर से परिवर्तन चौक तक नशा मुक्ति रैली पदयात्रा के रूप में निकाली जाएगी। जिसमें हर विधानसभा से 15000 लोगों को पहुंचने कहा आह्वान किया गया है। वही अन्य जनपदों से भी लोग लखनऊ पहुंच रहे हैं। बैठक में वीरेंद्र रावत पूर्व जिला मंत्री, भाजपा सोनू तिवारी, मंडल उपाध्यक्ष सरोजिनी नगर राजू शुक्ला, रामकृष्ण तिवारी मीडिया प्रभारी, संदीप रावत, सूरज रावत, राहुल रावत,आशीष तिवारी, विनय तिवारी, सरवन रावत, बच्चा लाल पासी, कौशल किशोर, मोनू बाजपेई, अतुल मिश्रा, लाल शुक्ला, अवध सुरेश लोधी, सुमित त्रिवेदी, राकेश तिवारी, आशुतोष मिश्रा व सुरेश राजपूत सहित सैकड़ो की संख्या में लोग बैठक में मौजूद रहे।

# निजी विद्यालय संघ द्वारा अपार आईडी व शिक्षा की गुणवत्ता पर मंथन

### ●डेमोक्रेटिक एजुकेशनल सोसाइटी, हरगांव में सम्पन्न हुई बैठक

स्वतंत्र प्रभात



**हरगांव (सीतापुर)।** प्राइवेट विद्यालय संघ सीतापुर द्वारा संगठनात्मक विस्तार एवं शिक्षा की गुणवत्ता पर केंद्रित एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन डेमोक्रेटिक एजुकेशनल सोसाइटी, हरगांव में किया गया। बैठक की अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष राम नरेश शुक्ल ने की, जबकि संचालन उपाध्यक्ष अशोक अवस्थी द्वारा किया गया। इस अवसर पर हरगांव व एलिया ब्लॉक के लगभग 30 विद्यालयों के प्रधानाचार्य एवं प्रबंधकों ने भाग लिया। कार्यकारिणी सदस्य सत्यनारायण अवस्थी ने संगठन के विस्तार, विद्यालयों की प्रगति तथा छात्रों की गुणवत्तापरक शिक्षा सुनिश्चित करने पर विस्तृत चर्चा की। एलिया ब्लॉक के संगठन उपाध्यक्ष मुख्तार अहमद ने यू-डाइस प्लस व अपार आईडी प्रणाली में आने वाली तकनीकी व व्यावहारिक समस्याओं पर प्रकाश डालते हुए उनके समाधान प्रस्तुत किए। बैठक में नीरज मिश्र, अवनीश दीक्षित, श्याम बाबू, निर्मल कुमार, शुभम, व कोषाध्यक्ष राकेश सिंह ने भी अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम में अंकुर पांडे, आफताब आलम, दिलीप शुक्ला, पुनीत वर्मा, रामजीवन, चेतराम, हरीश कुमार, विमलेश, आशीष यादव, रामशंकर, मधुराम सहित अनेक गणमान्य शिक्षाविदों ने भाग लिया और संगठन के प्रति सक्रिय सहभागिता का संकल्प लिया।

# प्राथमिक शिक्षको का विरोध प्रदर्शन स्कूलों के विलय और पुराना पेंशन समेत 10 मांगो को लेकर डीएम को सौंपा ज्ञापन

स्वतंत्र प्रभात



**सीतापुर –** जनपद सीतापुर में प्राथमिक विद्यालयों को जबरन बंद किए जाने और पेयरिंग नीति के विरोध में प्राथमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने मंगलवार को जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान शिक्षकों ने मुख्यमंत्री को संबोधित 10 सूत्रीय मांग पत्र जिलाधिकारी के माध्यम से सौंपा ज्ञापन के माध्यम से शिक्षकों ने कहा गया कि प्रदेश भर में 150 से कम और 100 से कम छात्र संख्या वाले प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों को बिना व्यापक जनसुनवाई के बंद किया जा रहा है। इससे न सिर्फ छात्रों को दूरस्थ विद्यालयों तक जाना पड़ेगा बल्कि हजारों प्रधानाध्यापक अध्यापक और रसोइयों की सेवा भी समाप्त हो जाएगी शिक्षकों ने 30 जून को 822 ब्लॉकों में आयोजित बैठकों का हवाला देते हुए कहा कि जनप्रतिनिधियों और अभिभावकों ने भी इस निर्णय का एक स्वर में विरोध किया है। संघ की प्रमुख मांगों में पुरानी पेंशन व्यवस्था लागू करना पेयरिंग/मर्जर प्रक्रिया रोकना सभी विद्यालयों में प्रधानाध्यापक की तैनाती कैशलेस चिकित्सा सुविधा और शिक्षकों को बीएलओ ड्यूटी से मुक्त करने जैसी मांगें शामिल हैं इसके अलावा आकांक्षी जनपदों में कार्यरत शिक्षकों का स्थानांतरण और मृत शिक्षकों के योग्य आश्रितों को नियुक्ति देने की मांग भी प्रमुख है शिक्षकों ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने शीघ्र कोई सकारात्मक निर्णय नहीं लिया तो आंदोलन को और व्यापक किया जाएगा!!

# एक बार फिर तेंदुए की दस्तक ग्रामीणों में दहशत

### ●लोकेशन ट्रेस करने के लिए कांबिंग कर रही वन विभाग की टीम

स्वतंत्र प्रभात



**लहरपुर –** सीतापुर के लहरपुर तहसील क्षेत्र में एक बार फिर तेंदुए की मौजूदगी से लोगों में डर का माहौल है उमरिया और शेखनापुर गांव के बीच खेत में तेंदुआ देखा गया है डायल 112 की पुलिस टीम रात में गश्त कर रही थी खेतों से आहट सुनकर पुलिसकर्मियों ने टॉर्च की रोशनी डाली खेत में एक तेंदुआ टहलता दिखाई दिया। पुलिसकर्मियों ने मोबाइल से वीडियो बना लिया कुछ देर बाद तेंदुआ घनी झाड़ियों में चला गया कोतवाल लहरपुर विजेंद्र सिंह ने वीडियो की पुष्टि की है वन विभाग ने बच्चों और पशुओं को अकेले खेत में न भेजने की अपील की है। रेंजर अभिषेक सिंह ने बताया कि वन विभाग की टीमें अलर्ट हैं तेंदुए की लोकेशन ट्रेस करने के लिए कांबिंग की जा रही है एक माह पहले भी इसी इलाके में तेंदुआ दिखा था वन विभाग की टीम ने पीलीभीत और दुधवा की संयुक्त कार्रवाई में तेंदुए को ट्रैंकुलाइज कर बहराइच के जंगलों में छोड़ा था प्रशासन ने लोगों से सतर्क रहने की अपील की है!!

# स्कूल की फिटनेस समाप्त वाहनों का सार्वजनिक मार्ग पर संचालन कदापि न किया जाय-एआरटीओ

### ●विद्यालयों में संचालित वाहनों के चालकों का ड्राइविंग लाइसेंस व चरित्र सत्यापन करायें

स्वतंत्र प्रभात

**प्रतापगढ़।** सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) बी0के0 सिंह ने बताया है कि कार्यालय अभिलेखानुसार जनपद प्रतापगढ़ में विद्यालय में संचालित 493 वाहनों की फिटनेस समाप्त हो गयी है। उन्होने सम्बन्धित सभी विद्यालयों में प्रधानाचार्यो/प्रबन्धकों को सूचित किया है कि उनके द्वारा अपने स्कूल की फिटनेस समाप्त वाहनों का सार्वजनिक मार्ग पर संचालन कदापि न किया जाये। यदि स्कूल के बच्चों को ले जाते हुये अथवा किसी अन्य उद्देश्य से सार्वजनिक मार्ग पर संचालित पायी जाती है तो सम्बन्धित के विरूद्ध विधिक कार्यवाही सम्पादित की जायेगी एवं किसी ऐसी फिटनेस समाप्त वाहन से कोई घटना कारित होती है तो उसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी विद्यालय के प्रबन्धक/प्रधानाचार्य की होगी। सभी प्रधानाचार्यो/प्रबन्धकों को सूचित किया है कि वह अपने विद्यालयों में संचालित वाहनों के चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस का सत्यापन परिवहन विभाग एवं चरित्र का सत्यापन पुलिस विभाग से कराना सुनिश्चित करें।

# बिहार में नीतीश पर टिकीं महागठबंधन की राहें



बिहार में इसी वर्ष विधानसभा चुनाव होने हैं। हालांकि चुनाव आयोग ने अभी तारीखों की घोषणा नहीं की है लेकिन राजनैतिक दलों की तैयारियां पूरी तरह से चल रही हैं। बिहार की 243 सदस्यों की विधानसभा में बहुमत के लिए 122 सदस्यों की संख्या चाहिए। मुख्यमंत्री नितीश कुमार अपने लिए यह संख्या जुटा ही देते हैं, फिर चाहे वह आरजेडी के साथ मिलें या एनडीए के साथ मिलकर सरकार बना लें। बिहार विधानसभा में इस बार दो बार परिवर्तन हुआ लेकिन मुख्यमंत्री नितीश कुमार ही रहे। पिछले विधानसभा चुनाव के बाद नितीश कुमार ने एनडीए के साथ मिलकर सरकार बनाई थी और फिर बीच में एनडीए से अनबन के कारण वो आरजेडी से मिल गये। अभी आरजेडी के साथ ज्यादा समय नहीं गुज़रा था और नितीश कुमार ने फिर पलटी मारी और एनडीए के साथ मिलकर फिर सरकार बना ली। भले ही एनडीए की भारतीय जनता पार्टी के पास और इंडिया गठबंधन की आरजेडी के पास नितीश कुमार से दुगुनी सीटें हों लेकिन मुख्यमंत्री नितीश कुमार ही बनते हैं। यह एक तरह की विडंबना ही है जो कम सीटें पाकर भी मुख्यमंत्री नितीश कुमार ही बने रहते हैं।

इस बार की बिहार विधानसभा में सर्वाधिक सीटें आरजेडी के पास 79 सीटें थीं लेकिन वह बिना नितीश कुमार के सरकार नहीं बना सकते थे। दूसरे नंबर की बात करें तो भारतीय जनता पार्टी के पास आरजेडी से दो सीट कम 77 सीटें थीं लेकिन वह भी बहुमत से बहुत दूर थे और बिना जनता दल यूनाइटेड के सरकार नहीं बना सकते थे। पिछले चुनाव की बात करें तो बिहार की 243 सदस्यों वाली विधानसभा में जनता दल यूनाइटेड को 46, भारतीय जनता पार्टी को 77, हिंदुस्तान आवाम मोर्चा को 4, राष्ट्रीय जनता दल को 79, कांग्रेस को 19, माकपा माले को 11, भाकपा 2, माकपा 2, एआईएमआईएम को 1 सीट पर विजय प्राप्त हुई थी। एआईएमआईएम ने पिछले विधानसभा चुनाव में राष्ट्रीय जनता दल का काफी नुकसान किया था। और इस लिहाज से वह इस बात इंडिया गठबंधन में शामिल होकर अपना हिस्सा मांग रही है लेकिन तेजस्वी यादव ने साफ कह दिया है कि यदि आप इंडिया गठबंधन का भला करना चाहते हैं तो चुनाव न लड़के भी भला किया जा सकता है। तेजस्वी की पार्टी आरजेडी बिहार में इंडिया गठबंधन का प्रमुख दल है और वहां एआईएमआईएम को शामिल करने का निर्णय तेजस्वी के हाथ में ही है।

बिहार में एक बार फिर से त्रिकोणीय संघर्ष देखने को मिल सकता है क्योंकि नितीश कुमार अभी थके नहीं हैं और वो पूरी तरह से चुनौती देने के लिए मैदान में होंगे। लेकिन चुनाव के बाद नितीश किसके साथ होंगे इस बात की कोई गारंटी नहीं ले सकता है। नितीश कुमार ने तमाम वार अपने गठबंधन के साथी बदले हैं लेकिन मुख्यमंत्री का पद उन्हीं के पास रहा है। जब जब भारतीय जनता पार्टी ने परिवर्तन की कोई कोशिश की है नितीश तुरंत तेजस्वी के पास भाग आए हैं। इसलिए नितीश कुमार पर कोई भरोसा नहीं कर सकता है। वैसे भारतीय जनता पार्टी इस बार पूरी कोशिश कर रही है कि मुख्यमंत्री का पद उसके पास आ जाए लेकिन नितीश के साथ रह कर ऐसा असंभव ही है। नितीश कुमार के पास सबसे अधिक बार मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने का रिकार्ड भी है। लोगों ने उनका उपनाम भी रख दिया है 'पलटू राम' लेकिन नितीश कुमार पर इसका कोई प्रभाव नहीं पड़ने वाला है उनकी राजनीति अलग ही तरह की है।

बिहार की वर्तमान राजनैतिक स्थिति काफी जटिल और उतार-चढ़ाव से भरी हुई है। नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली सरकार में कई बदलाव देखे गए हैं, खासकर उनके एनडीए से अलग होने और महागठबंधन की सरकार बनाने की कोशिशों के दौरान।

पिछले चुनाव के बाद बिहार में राजनीतिक घटनाक्रम काफी तेजी से बदले थे। जिसमें नीतीश कुमार की भूमिका ही अग्रणी रही है। नीतीश कुमार ने हाल ही में अपने राजनीतिक रुख में बदलाव किया है, जिससे उनके एनडीए से अलग होने और महागठबंधन की सरकार बनाने की अटकलें लगाई जा रही हैं। नितीश के पार्टी के नेता बराबर आरजेडी नेता लालू प्रसाद यादव और तेजस्वी यादव के संपर्क में हैं। अखिलेश यादव की सलाह ने भी नितीश कुमार को सलाह दी है। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने नीतीश कुमार को केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार से समर्थन वापसी की सलाह दी है, जिससे आगामी चुनावों में नए समीकरण बन सकते हैं। अब फैसला नितीश कुमार के पास है कि वो क्या करते हैं। बीच-बीच में हलचल बढ़ती रहती है और इसी डर से भारतीय जनता पार्टी भी शांत दिखाई देती है ताकि नितीश कहीं लालू प्रसाद यादव से राजनैतिक नजदीकियां न बढ़ा लें।

बिहार की राजनीति में इस बार राजपूत वोटरों का महत्व बढ़ गया है। बिहार में राजपूत वोटरों का महत्वपूर्ण स्थान है, और बीजेपी ने राजनाथ सिंह जैसे वरिष्ठ नेता को पार्टी की ओर से संकेत देने की जिम्मेदारी दी है कि बीजेपी हर जाति को साथ लेकर चलेगी। बिहार की चुनावी राजनीति में जाति और वर्ग का महत्वपूर्ण स्थान है, और राजनीतिक दल इन समीकरणों को साधने की कोशिश करते हैं।

महागठबंधन की संभावनाएं नितीश कुमार के ऊपर ही टिकीं हैं, नीतीश कुमार के महागठबंधन की सरकार बनाने की कोशिशों से आगामी चुनावों में नए समीकरण बन सकते हैं। नीतीश कुमार की आगामी रणनीति और उनके राजनीतिक रुख का पता लगाना महत्वपूर्ण होगा, जिससे बिहार की राजनीति में आगे की दिशा तय हो सके। जबकि बीजेपी की ओर से राजनाथ सिंह का बिहार दौरा और उनके द्वारा दिए गए संकेतों से पता चलता है कि पार्टी जातिगत समीकरणों को साधने की कोशिश कर रही है। -

**जितेन्द्र सिंह पत्रकार**

# पूर्णिया की आग- आदिवासी अस्मिता पर हमला या लोकतंत्र की पराजय?


पूर्णिया जिला मुख्यालय से करीब 20 किलोमीटर दूर पूर्णिया प्रखंड के राजीगज पंचायत के टेटगामा आदिवासी टोला में पांच आदिवासियों को जीवित जला दिए जाने की वीभत्स और अमानवीय घटना भारतीय लोकतंत्र के माथे पर कलंक बनकर उभरी है। यह कोई साधारण हत्या नहीं थी, यह एक सुनियोजित नरसंहार था, जो आदिवासी समुदाय की अस्मिता, गरिमा और उनके अस्तित्व पर किया गया एक सधा हुआ हमला था। इस देश में जहां संविधान हर नागरिक को बराबरी, न्याय और गरिमा का अधिकार देता है, वहीं एक आदिवासी परिवार को महज अंधविश्वास, जातीय वैमनस्य और सामाजिक पूर्वाग्रह के कारण जिंदा जला देना दर्शाता है कि हमारे लोकतंत्र का आंचल आज भी आदिवासियों के लिए उतना ही संकीर्ण और असुरक्षित है जितना वह औपनिवेशिक काल में हुआ करता था। घटना की पृष्ठभूमि में एक भयावह सामाजिक मानसिकता छिपी है। गांव में एक व्यक्ति की मृत्यु हुई और उसकी जिम्मेदारी एक आदिवासी परिवार पर थोप दी गई। एक कथित ओझा को बुलाया गया, उसे पैसे दिए गए और जब उसके झाड़-फूंक से कुछ न निकला, तो अपने अपराध को छिपाने और अपनी विफलता का दोष किसी पर डालने के लिए एक सम्पूर्ण परिवार को डायन ठहराकर जिंदा आग के हवाले कर दिया गया। यह हत्या नहीं, एक सुनियोजित जातीय-सामाजिक नरसंहार था। मकई के खेत में जलती पराली से आग लगाई गई, और फिर उन जले हुए शवों को दो किलोमीटर दूर फेंक दिया गया, ताकि साक्ष्य मिट जाए और गांव की छवि पर कोई दाग न लगे। इस भयावह कांड में मारे गए लोग कोई आम आंकड़े नहीं थे वे एक समुदाय की प्रतिनिधि चेतना थे। एक वृद्ध महिला, एक किशोर, एक विवाहिता महिला और दो छोटे बच्चे इन सभी की चिताएं न केवल उनके जीवन को भस्म कर गईं, बल्कि भारत के लोकतांत्रिक दावों को भी झुलसा गईं। केवल 14 वर्षीय सोनू किसी तरह भागकर जान बचा सका और उसी की गवाही ने इस नरसंहार को उजागर किया। आज वह किशोर मात्र गवाह नहीं, बल्कि पूरे देश के विवेक और न्याय प्रणाली का जीवित प्रश्न है। भारत में डायन-बिसाही के नाम पर अब भी दर्जनों महिलाओं की हत्या होती है, परंतु जब यह लांछन किसी आदिवासी परिवार पर थोपा जाता है, तो यह केवल अंधविश्वास नहीं रहता। यह सामाजिक दमन और जातीय हिंसा का औजार बन जाता है। यह अंधविश्वास, समाज की उस हिंसक मानसिकता से पोषित होता है जो आदिवासी जीवन को हीन, असभ्य और अशुभ मानती है। यह संयोग नहीं है कि पीड़ित परिवार आदिवासी था, निर्धन था, और सामाजिक रूप से हाशिए पर था। यही वह त्रिकोण है जिसमें भारत की सबसे बड़ी हिंसाएं जन्म लेती हैं जाति, अंधविश्वास और सत्ता-समर्थित चुप्पी। पूर्णिया की इस घटना को केवल स्थानीय अपराध की तरह देखना भारी भूल होगी। यह घटना भारत के संविधान की आत्मा को चुनौती देती है। जब किसी गांव में एक परिवार को जिंदा जलाया जाता है और बाकी गांव मौन रहता है, तो वह मौन ही सबसे बड़ा अपराध बन जाता है। वह मौन बताता है कि सामाजिक संरचना कितनी भयावह और असंवेदनशील हो चुकी है। जब राज्य की पुलिस, प्रशासन, और पंचायत व्यवस्था इस तरह के अपराध को होने से नहीं रोक पाती, तब यह केवल कानून-व्यवस्था की विफलता नहीं, बल्कि संवैधानिक व्यवस्था की संपूर्ण असफलता है। सरकार की ओर से तीन लोगों की गिरफ्तारी की गई है। पर क्या यही पर्याप्त है। क्या अपराधियों को केवल पकड़ना न्याय है। क्या किसी भीड़ द्वारा जिंदा जला देने जैसी घटना को सामान्य हत्या की तरह देखा जा सकता है। क्या इस घटना को हेट क्राइम, जातीय नरसंहार और सामूहिक सामाजिक अपराध की श्रेणी में नहीं रखा जाना चाहिए। क्या आदिवासी समुदाय को यह भरोसा दिया जा सकता है कि उन्हें इस देश में जीवित रहने का अधिकार सुरक्षित है।आदिवासी समाज पर यह हमला कोई पहली बार नहीं हुआ है। कभी ज़मीन छीनकर, कभी जंगल उजाड़कर, कभी विस्थापन के नाम पर, तो कभी धर्मांतरण विरोधी कानूनों के ज़रिए। और जब कुछ बचता है, तो उसे अंधविश्वास की आड़ में नष्ट कर दिया जाता है। यह एक संगठित सामाजिक और सांस्कृतिक युद्ध है, जिसमें आदिवासी समुदाय हर मोर्चे पर अकेला है। भारत में आदिवासी समुदाय का अर्थ आज भी सिर्फ पिछड़े, अशिक्षित, जंगल में रहने वाले लोगों तक सीमित है। इस सोच को नहीं तोड़ा गया, इसलिए उन्हें नागरिक के रूप में स्वीकार करने में हमारा बहुसंख्यक समाज आज भी झिझकता है। मीडिया की भूमिका इस पूरे मामले में बेहद निराशाजनक रही। इस घटना को कुछ अखबारों में छोटे कोने में प्रकाशित कर दिया गया, जबकि यह राष्ट्रीय बहस का विषय बनना चाहिए था। क्या यह इसलिए कि पीड़ित कोई नामचीन व्यक्ति नहीं थे। या इसलिए कि वे आदिवासी थे, जो न तो प्रभावशाली हैं और न ही उन्हें राजनीतिक शक्ति प्राप्त है। मीडिया का मौन भी सत्ता और व्यवस्था की मिलीभगत को उजागर करता है। मीडिया अगर निष्पक्ष नहीं रहेगा, तो न्याय कभी पूर्ण नहीं होगा। यह समय केवल संवेदना व्यक्त करने का नहीं है, यह प्रतिकार और संगठन का समय है। राष्ट्रीय आदिवासी छात्र संघ और अन्य संगठनों को इस मुद्दे को राष्ट्रीय स्तर पर उठाना चाहिए। यह आवश्यक है कि संसद के भीतर यह विषय उठे, मानवाधिकार आयोग इस पर संज्ञान ले, और सर्वोच्च न्यायालय स्वतः संज्ञान लेकर जांच की निगरानी करे। बिहार सरकार को इस पूरे मामले की उच्चस्तरीय न्यायिक जांच करानी चाहिए और दोषियों पर हत्या नहीं, बल्कि मानवता के विरुद्ध अपराध की धारा में मुकदमा चलाना चाहिए। हमारे समय का यह सबसे बड़ा नैतिक संकट है कि एक पूरा समाज, एक पूरा राज्य और एक पूरा तंत्र एक आदिवासी परिवार को बचाने में विफल रहा। अगर इस घटना पर देश का बौद्धिक, न्यायिक और राजनीतिक तंत्र चुप रहता है, तो फिर यह स्वीकार कर लेना चाहिए कि भारत में आदिवासी जीवन की कोई कीमत नहीं है। पूर्णिया की आग बुझ गई है, पर उसकी राख में एक पूरा इतिहास जल चुका है न्याय की असफलता का इतिहास, समाज की चुप्पी का इतिहास, और संविधान की विफलता का इतिहास। अब यह हम पर निर्भर करता है कि हम उस राख से फिर कोई चिंगारी उठने देंगे या उस राख को लोकतंत्र की आत्मा से सींचकर प्रतिकार की मशाल बनाएंगे। यह केवल पांच लोगों की हत्या नहीं थी यह भारत की आत्मा पर किया गया हमला था। और इस आत्मा को बचाने के लिए अब केवल भाषण नहीं, संघर्ष चाहिए। सच्चा, संगठित और निर्णायक संघर्ष। तभी इस देश की लोकतांत्रिक पहचान बच पाएगी। नहीं तो कल किसी और गांव में कोई और सोनू अपनी पूरी दुनिया को आग में जलते देखेगा, और हम एक बार फिर उसी शर्मनाक चुप्पी में लिपटे रहेंगे।

**हंसराज चौरसिया**

# दैनिक राशिफल



डॉ.कौशलेन्द्र पाण्डेय जी
ज्योतिष सेवा केन्द्र लखनऊ



**मेष**-कोर्ट-कचहरी में अनुकूलता रहेगी। पूजा-पाठ में मन लगेगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। झंझटों में न पड़ें। उधार दिया धन मिलने से राहत हो सकती है। जीवनसाथी का सहयोग उलझे मामले सुलझाने में सहायक हो सकेगा। वाहन सावधानी से चलाएँ।

**वृष**-चोट, चोरी व विवाद से हानि संभव है। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। कुसंगति से हानि होगी। अपने काम से काम रखें। स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही न करें। आवास संबंधी समस्या हल होगी। आलस्य न करें। सोचे काम समय पर नहीं हो पाएँगे।

**मिथुन**-राजकीय बाधा दूर होकर लाभ होगा। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। क्रोध पर नियंत्रण रखें। लाभ होगा। रुके हुए काम समय पर पूरे होने से आत्मविश्वास बढ़ेगा। परिवार की समस्याओं का समाधान हो सकेगा। व्यापार में नई योजनाएँ बनेंगी। व्यापार अच्छा चलेगा।

**कर्क**-भूमि व भवन संबंधी कार्य लाभ देंगे। रोजगार मिलेगा। शत्रु भय रहेगा। निवेश व नौकरी लाभ देंगे। व्यापार अच्छा चलेगा। कार्य के विस्तार की योजनाएँ बनेंगी। रोजगार में उन्नति एवं लाभ की संभावना है। पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी। लाभदायक समाचार मिलेंगे।

**सिंह**-रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। पार्टी व पिकनिक का आनंद मिलेगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। विवाद न करें। सामाजिक एवं राजकीय ख्याति में अभिवृद्धि होगी। आर्थिक अनुकूलता रहेगी। रुका धन मिलने से धन संग्रह होगा। राज्यपक्ष से लाभ के योग हैं।

**कन्या**-उत्तेजना पर नियंत्रण रखें। शत्रु सक्रिय रहेंगे। शोक समाचार मिल सकता है। थकान महसूस होगी। व्यावसायिक चिंता रहेगी। संतान के व्यवहार से कष्ट होगा। सहयोगी मदद नहीं करेंगे। व्ययों में कटौती करने का प्रयास करें। वाहन चलाते समय सावधानी रखें।

**तुला**-रोमांस में समय बीतेगा। मेहनत का फल मिलेगा। कार्यसिद्धि से प्रसन्नता रहेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। परिवार में प्रसन्नता का वातावरण रहेगा। व्यापार के कार्य से बाहर जाना पड़ सकता है। कार्यपद्धति में विश्वसनीयता बनाएँ रखें। धनार्जन होगा।

**वृश्चिक**-अतिथियों का आवागमन रहेगा। उत्साहवर्धक सूचना मिलेगी। स्वाभिमान बना रहेगा। नई योजनाओं की शुरुआत होगी। संतान की प्रगति संभव है। भूमि व संपत्ति संबंधी कार्य होंगे। पूर्व कर्म फलीभूत होंगे। परिवार में सुखद वातावरण रहेगा। व्यापार में इच्छित लाभ होगा।

**धनु**-बेरोजगारी दूर होगी। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। भेंट व उपहार की प्राप्ति होगी। जोखिम न लें। क्रोध एवं उत्तेजना पर संयम रखें। सत्कार्य में रुचि बढ़ेगी। प्रियजनों का पूर्ण सहयोग मिलेगा। व्यावसायिक चिंताएँ दूर होंगी। आर्थिक स्थिति मजबूत होगी।

**मकर**-कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। व्ययवृद्धि होगी। तनाव रहेगा। अपरिचितों पर विश्वास न करें। प्रयास में आलस्य व विलंब नहीं करना चाहिए। रुके हुए काम समय पर होने की संभावना है। विरोधी परास्त होंगे। यात्रा कष्टप्रद हो सकती है। धैर्य एवं संयम बना रहेगा।

**कुंभ**- दिन प्रेमभरा गुजरेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। रुका हुआ धन मिलेगा। प्रसन्नता रहेगी। जल्दबाजी न करें। प्रियजनों से पूरी मदद मिलेगी। धन प्राप्ति के योग हैं। स्वयं के सामर्थ्य से ही भाग्योन्नति के अवसर आएँगे। संतान के कार्यों में उन्नति के योग हैं।

**मीन**-नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। मान-सम्मान मिलेगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। स्वास्थ्य के प्रति सावधानी रखें। कार्यक्षमता एवं कार्यकुशलता बढ़ेगी। कर्म के प्रति पूर्ण समर्पण व उत्साह रखें। व्यापार में नई योजनाओं से लाभ होगा।

# संपादकीय


## सीबीआई की रेड नहीं, मेडिकल सिस्टम की पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट

[ भ्रष्टाचार की दवाइयों से जहर बनती डॉक्टर फैक्ट्री ]

जब एक देश की स्वास्थ्य व्यवस्था और उसकी नींव मानी जाने वाली मेडिकल शिक्षा भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जाए, तो यह केवल एक घोटाला नहीं, बल्कि लाखों लोगों के भरोसे और भविष्य पर सीधा हमला है। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने हाल ही में एक सनसनीखेज खुलासे के साथ स्वास्थ्य मंत्रालय, राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग (एनएमसी), और निजी मेडिकल कॉलेजों के बीच गहरे भ्रष्टाचार के जाल को उजागर किया है। 34 लोगों के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी ने एक ऐसी सच्चाई सामने लाई है, जो न केवल मेडिकल शिक्षा की विश्वसनीयता को धक्का देती है, बल्कि देश के स्वास्थ्य तंत्र के प्रति जनता का विश्वास भी हिलाती है। यह घोटाला स्वास्थ्य मंत्रालय के गलियारों से शुरू होता है, जहां अधिकारियों ने बिचौलियों और निजी मेडिकल कॉलेजों के साथ मिलकर एक ऐसा तंत्र बनाया, जो नियमों को तोड़ने-मरोड़ने का पर्याय बन गया। गोपनीय दस्तावेजों की चोरी, निरीक्षण कार्यक्रमों का पहले से लीक होना, और मूल्यांकनकर्ताओं की जानकारी कॉलेजों तक पहुंचाना–यह सब एक सुनियोजित साजिश का हिस्सा था। इस सेटिंग ने मेडिकल कॉलेजों को वह मौका दिया, जिसके जरिए वे निरीक्षण प्रक्रिया को धोखे में बदल सके। कॉलेजों ने इस अवसर का भरपूर फायदा उठाया। फर्जी संकाय की नियुक्ति, काल्पनिक मरीजों को भर्ती दिखाना, और बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली में हेरफेर जैसे हथकंडे अपनाए गए। यह सब रिश्वत के खेल का हिस्सा था, जहां लाखों रुपये हवाला के जरिए लेन-देन किए गए। यह धन न केवल व्यक्तिगत लाभ के लिए, बल्कि सामाजिक और धार्मिक गतिविधियों के नाम पर भी इस्तेमाल हुआ। यह खुलासा यह सवाल उठाता है कि क्या पवित्रता का मुखौटा पहनकर भ्रष्टाचार को छिपाना अब आम बात हो गई है? मेडिकल शिक्षा का उद्देश्य कुशल और नैतिक डॉक्टर तैयार करना है, जो देश की स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करें। लेकिन जब यह प्रक्रिया ही भ्रष्टाचार से ग्रस्त हो, तो परिणामस्वरूप निकलने वाले डॉक्टरों की गुणवत्ता पर सवाल उठना लाजमी है। फर्जी संकाय और नकली मरीजों के दम पर मान्यता प्राप्त करने वाले कॉलेज न केवल शिक्षा की गुणवत्ता को ठेस पहुंचाते हैं, बल्कि मरीजों की जान को भी खतरे में डालते हैं। यह घोटाला मेडिकल शिक्षा की वैश्विक साख पर भी गहरा प्रहार करता है। भारत, जो चिकित्सा शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं के लिए वैश्विक स्तर पर जाना जाता है, इस तरह के घोटालों के कारण अपनी विश्वसनीयता खो रहा है। उन लाखों छात्रों का क्या, जो भारी-भरकम फीस चुकाकर इन कॉलेजों में पढ़ते हैं? क्या उनकी मेहनत और सपने इस भ्रष्ट तंत्र की भेंट चढ़ जाएंगे? यह स्थिति न केवल शिक्षा व्यवस्था के प्रति अविश्वास को जन्म देती है, बल्कि समाज में असमानता को भी बढ़ावा देती है, क्योंकि आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों के लिए अवसर और सीमित हो जाते हैं। यह घोटाला केवल मेडिकल शिक्षा तक सीमित नहीं है; इसके सामाजिक और आर्थिक प्रभाव भी गंभीर हैं। निजी मेडिकल कॉलेजों का व्यावसायीकरण पहले ही शिक्षा को एक विलासिता बना चुका है। जब ये कॉलेज भ्रष्टाचार के जरिए मान्यता हासिल करते हैं, तो यह शिक्षा की पहुंच को और सीमित करता है। मेधावी लेकिन आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों के लिए मेडिकल शिक्षा का सपना और दूर हो जाता है। आर्थिक दृष्टिकोण से, हवाला के जरिए होने वाला रिश्वत का लेन-देन देश की अर्थव्यवस्था को खोखला करता है। यह धन, जो जनकल्याण के लिए उपयोग हो सकता था, भ्रष्टाचार के काले गलियारों में गायब हो रहा है। धार्मिक और सामाजिक कार्यों के नाम पर इसका इस्तेमाल न केवल नैतिकता पर सवाल उठाता है, बल्कि समाज के प्रति एक गहरे विश्वासघात को दर्शाता है। यह घोटाला राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग (एनएमसी) की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाता है। एनएमसी को भ्रष्टाचार-मुक्त और पारदर्शी व्यवस्था लाने के लिए बनाया गया था, लेकिन इस घोटाले ने इसके दावों की पोल खोल दी। यह स्पष्ट है कि नियामक ढांचे में गहरी खामियां हैं, जिन्हें तत्काल दूर करने की जरूरत है। निरीक्षण प्रक्रिया को डिजिटल और स्वचालित करना, स्वतंत्र ऑडिट को अनिवार्य करना, और भ्रष्टाचार में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करना कुछ ऐसे कदम हैं, जो इस तंत्र को मजबूत कर सकते हैं। साथ ही, जनता को भी जागरूक होकर इस भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठानी होगी। यह केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि समाज का सामूहिक दायित्व है कि हम ऐसी व्यवस्था बनाएं, जहां शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे क्षेत्र भ्रष्टाचार से मुक्त हों। यह घोटाला एक कड़वी सच्चाई सामने लाता है कि हमारी व्यवस्था में भ्रष्टाचार की जड़ें कितनी गहरी हैं। लेकिन यह एक अवसर भी है–सुधार का अवसर, जवाबदेही का अवसर, और एक ऐसी व्यवस्था बनाने का अवसर, जो नैतिकता और पारदर्शिता पर टिकी हो। सीबीआई की कार्रवाई एक शुरुआत है, लेकिन यह तभी सार्थक होगी जब इसके परिणामस्वरूप ठोस बदलाव आएं। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि मेडिकल शिक्षा का हर स्तर–प्रवेश से लेकर मान्यता तक–पारदर्शी और जवाबदेह हो। यह न केवल उन छात्रों के लिए जरूरी है, जो अपने सपनों को साकार करने के लिए दिन-रात मेहनत करते हैं, बल्कि उन करोड़ों मरीजों के लिए भी, जिनका जीवन इन डॉक्टरों के हाथों में होता है। यह घोटाला एक चेतावनी है–हमारी व्यवस्था की कमजोरियों की, हमारे विश्वास की ठगी की, और हमारे भविष्य के साथ खिलवाड़ की। यह एक ऐसा आघात है, जो हर उस व्यक्ति के दिल को छूता है, जो इस देश के स्वास्थ्य और शिक्षा तंत्र पर भरोसा करता है। लेकिन यह समय केवल शोक मनाने का नहीं, बल्कि संकल्प लेने का है। हमारी मेडिकल शिक्षा को भ्रष्टाचार के इस काले साये से मुक्त करना होगा। यह एक लंबी लड़ाई है, लेकिन अगर हम एकजुट होकर इस भ्रष्ट तंत्र के खिलाफ खड़े हों, तो हम एक ऐसी व्यवस्था बना सकते हैं, जो न केवल कुशल डॉक्टर तैयार करे, बल्कि समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी को भी निभाए। आइए, इस घोटाले को एक सबक बनाएं और एक नए, पारदर्शी, और नैतिक भारत की नींव रखें।

**प्रो. आरके जैन**

## गुरु पूर्णिमा- आध्यात्मिक, सामाजिक, बौद्धिक एवं वैज्ञानिक दृष्टिकोण



गुरु पूर्णिमा भारतीय संस्कृति का एक ऐसा पर्व है, जो केवल श्रद्धा या परंपरा तक सीमित नहीं, बल्कि मानव जीवन के समग्र विकास से जुड़ा चेतना दिवस है। यह तिथि हर वर्ष आषाढ़ मास की पूर्णिमा को आती है और इसे वेदव्यास जी की जयंती के रूप में भी मनाया जाता है। वेदव्यास न केवल महाभारत और पुराणों के रचयिता थे, बल्कि उन्होंने वेदों का वर्गीकरण कर ज्ञान को व्यवस्थित रूप दिया। इस कारण यह दिन 'व्यास पूर्णिमा' भी कहलाता है और समस्त गुरु परंपरा को नमन करने का अवसर प्रदान करता है।

भारतीय ज्ञान परंपरा में गुरु का अर्थ केवल शिक्षक नहीं, बल्कि वह आलोक है जो अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाता है। गुरु वह होता है जो जीवन के सभी आयामों—धर्म, ज्ञान, व्यवहार, नीति और आत्म-उत्कर्ष—में मार्गदर्शन करता है। इस पर्व का महत्व केवल वैदिक परंपरा तक सीमित नहीं है। बौद्ध धर्म में इसे उस दिन के रूप में मनाया जाता है जब भगवान बुद्ध ने ज्ञान प्राप्ति के पश्चात सारनाथ में अपना पहला उपदेश दिया। योग परंपरा में इसे उस दिन से जोड़ा जाता है जब शिव ने सप्तर्षियों को योग का पहला ज्ञान दिया। इस प्रकार यह पर्व हर परंपरा में जागरण और मार्गदर्शन का प्रतीक है।

आज के प्रतिस्पर्धात्मक, तनावपूर्ण और भ्रम से भरे समय में सही मार्गदर्शन की आवश्यकता पहले से कहीं अधिक है।वर्तमान समय में जहां सूचना का विस्फोट हुआ है, वहीं विवेक का ह्रास भी देखा जा रहा है। पाखंड, फरेब, और दिखावे ने गुरु-शिष्य संबंध को कहीं न कहीं अपवित्र करने का प्रयास किया है। आध्यात्मिकता के नाम पर बाजारवाद, सोशल मीडिया पर दिखावटी ज्ञान, और स्वयंभू गुरुओं की बाढ़ ने लोगों को भ्रमित कर दिया है। परिणामस्वरूप, सच्चे गुरु का चयन और सही मार्गदर्शन प्राप्त करना अब एक गंभीर चुनौती बन चुका है। यह स्थिति केवल गुरु की विश्वसनीयता पर प्रश्न नहीं उठाती, बल्कि शिष्यों की विवेकशीलता और आत्मपरीक्षण की क्षमता पर भी विचार करने को प्रेरित करती है।

सच्चा गुरु न तो भीड़ चाहता है, न प्रसिद्धि; वह आत्म-प्रकाशित होता है और शिष्य को भी आत्मप्रकाश की ओर ले जाता है। वही शिष्य भी योग्य होता है जो प्रश्न करता है, समर्पण करता है और अपने अहं को छोड़ने का साहस रखता है। यह संबंध केवल श्रद्धा पर नहीं, बल्कि चरित्र, समर्पण और आंतरिक उत्कंठा पर आधारित होता है। सामाजिक दृष्टि से भी इस दिन का महत्व विशेष है। यह दिन हमें उन व्यक्तियों को स्मरण करने और उनके प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने की प्रेरणा देता है, जिन्होंने हमारे जीवन को दिशा दी—चाहे वे माता-पिता हों, शिक्षक हों, मित्र हों या अन्य कोई भी घटना,जीव, व्यक्ति।

नैतिक मूल्यों और जीवनदृष्टि की कमी के कारण आज का युवा भटकाव, असंतोष और आत्मसंघर्ष का शिकार ज्यादा हो रहा है। गुरु पूर्णिमा इस शून्यता को भरने का माध्यम बन सकती है यदि हम गुरु-तत्त्व को केवल किसी व्यक्ति में नहीं, बल्कि जीवन की प्रत्येक शिक्षाप्रद घटना में भी देखने का अभ्यास करें।

गुरु पूर्णिमा का एक रोचक पक्ष इसका वैज्ञानिक महत्व भी है। खगोलशास्त्र के अनुसार यह तिथि उस समय आती है जब चंद्रमा पृथ्वी के सर्वाधिक निकट होता है और पूर्ण रूप से प्रकाशित होता है। चंद्रमा का मानव मस्तिष्क पर प्रभाव विज्ञान द्वारा प्रमाणित है—विशेषतः भावनात्मक संतुलन और मानसिक स्पष्टता के क्षेत्र में। योग और आयुर्वेद के अनुसार यह समय ध्यान, साधना और आत्ममंथन के लिए अत्यंत उपयुक्त होता है। इस समय वायुमंडल में प्राणवायु की मात्रा बढ़ती है और मानसून की पहली वर्षा के साथ प्रकृति भी उर्जस्वित होती है। इसलिए प्राचीन गुरुकुलों में यही समय शिक्षा की औपचारिक शुरुआत का भी हुआ करता था।

यह पर्व हमें प्रकृति से भी जोड़ता है। कई स्थानों पर धरती, नदी, हल, बीज और पशु-पक्षियों को गुरु मानकर पूजा की जाती है, जो इस बात का संकेत है कि भारत की संस्कृति में केवल मानव नहीं, संपूर्ण सृष्टि गुरु-तत्त्व की वाहक मानी जाती है। इसी व्यापक दृष्टिकोण ने भारत को 'गुरु-भूमि' के रूप में प्रतिष्ठा दी है।

आज जब शिक्षा प्रणाली केवल अंकों और परिणामों पर केंद्रित होती जा रही है, गुरु पूर्णिमा हमें मूल्य आधारित शिक्षा, आचरण और दृष्टिकोण की याद दिलाती है। यह दिन बच्चों में श्रद्धा, युवाओं में आत्मावलोकन और समाज में कृतज्ञता का भाव जगाने का अवसर बन सकता है। यदि आधुनिक समाज इस पर्व को केवल धार्मिक उत्सव न मानकर आत्म-निर्माण के पर्व के रूप में अपनाए, तो यह सामाजिक नवजागरण का सशक्त साधन बन सकता है।

अतः मेरी दृष्टि में गुरु पूर्णिमा एक ऐसा अवसर है जो हमें यह समझने का अवसर देता है कि जीवन में ज्ञान, दृष्टि और विवेक का स्थान सर्वोपरि है। यह तिथि एक स्थायी स्मरण है उस ऊर्जा का, जो हमारे जीवन को अर्थ देती है, संकल्प देती है और लक्ष्य की ओर अग्रसर करती है। इसे केवल एक दिन की पूजा न बनाकर, पूरे जीवन में गुरु-तत्त्व को आत्मसात करना ही इस पर्व का वास्तविक सम्मान होगा। और जब समाज अपने भीतर छिपे 'अंधश्रद्धा' और 'छद्म ज्ञान' के आवरण को हटाकर सच्चे गुरु और विवेकशील शिष्य की परंपरा को पुनः स्थापित करेगा, तभी गुरु पूर्णिमा की सार्थकता भी अपने चरम पर होगी।

**डॉ मनमोहन प्रकाश**

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक रवि कुमार अवस्थी द्वारा अनवर ऑफसेट एम्- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुद्रित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उष्मान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित **संपादक-राजीव कुमार शुक्ल,** मो0- 7499472288
E-Mail: news@swatantraprabhat.com, RNI No: UPHIN/2019/79073 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारो के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी भी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### ओबरा,सोनभद्र रेलवे ट्रैक पर ट्रेन से कटकर अज्ञात महिला की दर्दनाक मौत



**ओबरा, सोनभद्र।** आज सुबह ओबरा रेलवे स्टेशन के निकट एक हृदय विदारक घटना में एक अज्ञात महिला की ट्रेन से कटकर मौके पर ही मौत हो गई। यह दुखद हादसा सुबह करीब 9:00 बजे हुआ, जब महिला ने कथित तौर पर स्वयं चलती ट्रेन के सामने छलांग लगा दी।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, मृतका घटना से करीब आधे घंटे पहले से रेलवे स्टेशन के आस-पास अकेले टहल रही थी जैसे ही एक ट्रेन स्टेशन की ओर आ रही थी, महिला ने अचानक उसके सामने आकर छलांग लगा दी। ट्रेन की तेज रफ्तार की चपेट में आने से महिला का शरीर दो टुकड़ों में बंट गया और उसकी तुरंत मृत्यु हो गई। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची, पुलिस ने महिला के शव को कब्जे में ले लिया है और आगे की जांच शुरू कर दी है। समाचार लिखे जाने तक मृतका की पहचान नहीं हो पाई थी। पुलिस महिला की शिनाख्त करने का प्रयास कर रही है और साथ ही यह भी जानने की कोशिश कर रही है कि उसने इतना चरम कदम क्यों उठाया

### राष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस पर ABVP ने सोनभद्र के डाला में चलाया स्वच्छता अभियान



**सोनभद्र, उत्तर प्रदेश-** राष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस के अवसर पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ( ABVP) ने सोनभद्र जिले के डाला नगर में स्वच्छता अभियान चलाया यह अभियान डाला शहीद स्थल पर नगर मंत्री श्याम पाठक के नेतृत्व में आयोजित किया गया ।इस दौरान, सोनभद्र विभाग संयोजक सौरभ सिंह पंकज ने स्वच्छता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा, स्वच्छता एक अच्छी आदत है जो हमारे जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाती है।स्वच्छता अपनाओ, स्वस्थ जीवन पाओ स्वच्छता है, तो स्वस्थता है। हर घर, हर गली, हर शहर स्वच्छ हो स्वच्छ भारत, सुंदर भारत उन्होंने एक कदम स्वच्छता की ओर, मिलकर करें देश को स्वच्छ और सुंदर का नारा भी दिया। अभियान में शामिल रहे प्रकाश चौधरी ने बताया कि इस तरह के अभियानों को गांवों और शहरों की गलियों तक पहुंचाया जाना चाहिए ताकि हमारा देश स्वच्छ और स्वस्थ रह सके। इस स्वच्छता अभियान में विनय, अनमोल, अमन अग्रहरि, प्रकाश, आदर्श केसरी सहित कई अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे, ABVP के कार्यकर्ताओं ने शहीद स्थल पर साफ-सफाई कर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया।

### गोरखपुर जोन पुलिस बैडमिंटनबैडमिंटन/टेबल टेनिस) महिला/पुरुष टीम ने जीता 54 पदक



**9 गोल्ड, 9 रजत तथा 36 कांस्य पदक जीती**

**एडीजी जोन ने पदक जीते खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया**

**गोरखपुर ।** उत्तर प्रदेश पुलिस गोरखपुर जोन की टीम ने मुरादाबाद में 26 जून 2025 से 29 जून 2025 से खेली गई 42 वीं उत्तर प्रदेश पुलिस वार्षिक बैडमिंटन क्लस्टर (बैडमिंटन/टेबल टेनिस) महिला/पुरुष प्रतियोगिता 2025 में गोरखपुर जोन के खिलाडियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 54 पदक हासिल किया, जिसमें 9 गोल्ड, 9 रजत तथा 36 कांस्य पदक है। अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन द्वारा टीम के खिलाडियों से आज जोन कार्यालय में मुलाकात कर उनके अच्छे प्रदर्शन के लिए उत्साहवर्धन किया गया एवं भविष्य में और अच्छा प्रदर्शन किये जाने के सम्बन्ध में प्रोत्साहित किया गया। टीम कोच सूरज नाथ सिंह का अहम योगदान रहा गोरखपुर जोन की टीम ने 54 मेडल प्राप्त किया।

# उत्तर प्रदेश में 5000 सरकारी प्राइमरी स्कूलों को बंद करने के खिलाफ समाजवादी छात्र सभा का विरोध

स्वतंत्र प्रभात



**सोनभद्र-** 8 जुलाई 2025 उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार द्वारा लगभग 5000 सरकारी प्राइमरी स्कूलों को बंद करने के फैसले के विरोध में समाजवादी छात्र सभा ने कड़ा रुख अख्तियार कर लिया है। आज, 8 जुलाई 2025 को, समाजवादी छात्र सभा के महासचिव और पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष हिमांशु यादव के नेतृत्व में, कार्यकर्ताओं ने सोनभद्र के जिलाधिकारी को महामहिम राज्यपाल के नाम एक ज्ञापन सौंपा। हिमांशु यादव ने इस अवसर पर कहा कि भाजपा सरकार की यह नीति, जिसमें इन स्कूलों में पढ़ने वाले अनुसूचित जाति, पिछड़ी जाति, अल्पसंख्यक, आदिवासी, गरीब और किसान परिवारों के बच्चों को अन्य स्कूलों में विलय करने की बात कही जा रही है, उनके भविष्य पर प्रतिकूल प्रभाव डालेगी। उन्होंने आशंका व्यक्त की कि इससे इन बच्चों की पढ़ाई बाधित हो सकती है, जो अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। यादव ने भाजपा सरकार पर नौकरियां खत्म करने और बच्चों को शिक्षा से वंचित कर उनके मौलिक अधिकारों का हनन करने का आरोप लगाया। उन्होंने सर्व शिक्षा अभियान के नारे सभी पढ़ें, सभी बढ़ें का उल्लेख करते हुए सरकार से इसी सिद्धांत पर काम करने का आग्रह किया। समाजवादी छात्र सभा ने चेतावनी दी है कि यदि सरकार ने इस फैसले पर पुनर्विचार नहीं किया, तो उन्हें पूरे प्रदेश में व्यापक आंदोलन करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा, जिसकी सारी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। समाजवादी छात्र सभा के जिला उपाध्यक्ष शाहिद अफरीदी और धीरेंद्र यादव ने कहा कि जब से केंद्र और प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी है, तब से हर वर्ग के गरीबों के बच्चों के साथ अन्याय किया जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि समाजवादी पार्टी इसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेगी और बच्चों के हितों की रक्षा के लिए जन आंदोलन करने को तैयार है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए, समाजवादी छात्र सभा के जिला सचिव राहुल यादव और नगर अध्यक्ष विवेक कुमार ने भी भाजपा सरकार पर गरीब बच्चों के साथ अन्याय करने का आरोप दोहराया और कहा कि समाजवादी छात्र सभा इसे स्वीकार नहीं करेगी।ज्ञापन सौंपने वालों में मुख्य रूप से योगेश वर्मा, विमलेश कुमार, सुनील कुमार, सनी कुमार, अमन विश्वकर्मा, अंकित विश्वकर्मा और अंशु गुप्ता (NSUI जिलाध्यक्ष) के साथ-साथ समाजवादी छात्र सभा के दर्जनों पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे।यह घटना उत्तर प्रदेश में शिक्षा के क्षेत्र में चल रही बहस को और गहरा करती है, जहाँ सरकार शिक्षा के बुनियादी ढांचे में बदलाव कर रही है और विपक्षी दल इसका विरोध कर रहे हैं।

# गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे पर रफ्तार का कहर- दो युवतियां और युवक घायल, दो की हालत नाजुक

स्वतंत्र प्रभात



**गोरखपुर।** मंगलवार दोपहर गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे पर रफ्तार का कहर देखने को मिला जब महज कुछ सेकंड में दो जिंदगियां मौत के करीब पहुंच गई। खजनी थाना क्षेत्र में भगवानपुर टोल प्लाजा से करीब एक किलोमीटर दूर तेज रफ्तार में दौड़ती दो बाइकों की आगे पीछे से भिड़ंत में तीन लोग घायल हो गए, जिनमें दो की हालत गंभीर बताई जा रही है। ख़जनी संवादाता रामअशीष तिवारी अनुसार देवरिया जिले की दो युवतियां, जाह्नवी खान और शालिनी सिंह, और अभिषेक सिंह एक हीरो की मॉडल बाइक पर सवार होकर गोरखपुर की ओर से सिकरीगंज की तरफ जा रही थीं। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक उनकी बाइक की रफ्तार काफी तेज थी। उसी वक्त सामने से राजीव रंजन (निवासी जांखा, खजनी) बुलेट मोटरसाइकिल लेकर आ रहे थे। एक्सप्रेसवे की खुली सड़क पर दोनों बाइकों की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि लोग आवाज सुनकर रोड पर दौड़ पड़े। टक्कर के बाद दोनों बाइकें उछलकर दूर जा गिरीं और सवार सड़क पर गिरकर बुरी तरह घायल हो गए। संयोग अच्छा था कि उस समय कोई ट्रक या कार पीछे नहीं आ रही थी, वरना यह हादसा और भयावह हो सकता था। हादसे में जाह्नवी खान और उनके साथ मौजूद अभिषेक सिंह (निवासी पडौली, देवरिया) गंभीर रूप से घायल हो गए। शालिनी सिंह को हल्की चोटें आई, जबकि बुलेट सवार राजीव रंजन के पैर में चोट आई है। घटना के तुरंत बाद लिंक एक्सप्रेसवे की सुरक्षा टीम और खजनी पुलिस मौके पर पहुंची। थानाध्यक्ष अनुप सिंह और एसएसआई बलराम पांडेय के नेतृत्व में पुलिस ने घायलों को तुरंत एंबुलेंस से अस्पताल पहुंचाया, जहां जाह्नवी और अभिषेक की हालत गंभीर बनी हुई है।

पुलिस ने दोनों क्षतिग्रस्त बाइकों को कब्जे में लेकर थाने भेज दिया है। प्रारंभिक जांच में तेज रफ्तार और लापरवाही को हादसे की वजह माना गया है। एक्सप्रेसवे पर स्पीड गन से चालान और चेकिंग के बावजूद चौड़ी और खाली सड़क पर लोग रफ्तार पर काबू नहीं रख पा रहे हैं। स्थानीय लोगों ने एक्सप्रेसवे पर स्पीड कंट्रोल के लिए पुलिस पेट्रोलिंग बढ़ाने और चेतावनी बोर्ड लगाने की मांग की है। खजनी पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। यह हादसा एक बार फिर चेतावनी दे गया है कि सड़क सुरक्षा नियमों की अनदेखी चंद सेकंड में जिंदगी और मौत के बीच फासला पैदा कर सकती है।

# ओबरा के श्री राम मंदिर, धर्मशाला और मानस भवन का संचालन अब प्रशासन के हाथों में

स्वतंत्र प्रभात




**सोनभद्र-** 7 जुलाई 2025 ओबरा में स्थित श्री राम मंदिर, धर्मशाला, मानस भवन, और इनसे जुड़े सभी व्यापारिक प्रतिष्ठानों का प्रबंधन अब स्थानीय प्रशासन संभालेगा। यह अहम फैसला सोनभद्र के जिलाधिकारी के निर्देश पर ओबरा उपजिलाधिकारी और पुलिस क्षेत्राधिकारी की मौजूदगी में ओबरा तहसील सभागार में हुई बैठक में लिया गया। यह व्यवस्था तब तक जारी रहेगी जब तक एक नई और वैध संचालन समिति का गठन नहीं हो जाता। आज हुई इस बैठक में नगर के कई गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। हालांकि, वर्तमान में इन परिसरों का संचालन कर रही समिति का कोई भी पदाधिकारी, सूचना दिए जाने के बावजूद, बैठक में शामिल नहीं हुआ। ओबरा उपजिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि सोसायटी और चिट्स मंडल वाराणसी के पूर्व आदेश के अनुसार, श्री रामचरितमानस नाम की कोई भी समिति वैध रूप से पंजीकृत नहीं है। इस जानकारी और वर्तमान समिति के प्रतिनिधियों की अनुपस्थिति के आधार पर, सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि इन सभी परिसरों का संचालन और देखरेख वैधानिक रूप से प्रशासन अपने हाथों में ले लेगा। यह कदम यह सुनिश्चित करने के लिए उठाया गया है कि इन महत्वपूर्ण सार्वजनिक और धार्मिक संपत्तियों का प्रबंधन पारदर्शी और नियमानुसार हो, खासकर तब जब वर्तमान में संचालित समिति की वैधता पर गंभीर सवाल उठ रहे हों। प्रशासन के नियंत्रण में आने के बाद, अब परिसर के दैनिक संचालन, रखरखाव और उससे जुड़ी सभी गतिविधियों का जिम्मा प्रशासन संभालेगा। इसके साथ ही, एक नई और वैध समिति के गठन की प्रक्रिया भी शुरू की जाएगी। इस प्रक्रिया में संबंधित नियमों और कानूनों का पालन करते हुए एक नई पंजीकृत समिति का चुनाव या नियुक्ति शामिल होगी, जो भविष्य में इन प्रतिष्ठानों का विधिवत संचालन कर सके। यह निर्णय ओबरा के धार्मिक और सामाजिक परिदृश्य में एक महत्वपूर्ण बदलाव है, जिसका मुख्य उद्देश्य इन सार्वजनिक संपत्तियों का उचित और प्रभावी प्रबंधन सुनिश्चित करना है।

# प्राकृतिक खेती की तकनीकी अपना कर खेती करें और बढ़ाए उत्पादन- राम अधार

स्वतंत्र प्रभात



**गोलाबाजार गोरखपुर ।** देश प्रदेश के हर नागरिकों को पौष्टिक एवं शुद्ध भोजन उपलब्ध हो सके इसके लिए प्राकृतिक एवं जैविक पद्धति से खेती करने होगी किसान भाइयों की आय में वृद्धि हो इसके लिए वैज्ञानिक तकनीकी सरकार की योजनाएं आधुनिक कृषि यंत्र संतुलित उर्वरक उन्नतशील बीज का उपयोग कर खेती करनी होगी खाद्यान्न उत्पादन बढ़ेगा कृषि उत्पादन का निर्यात बढ़ेगा धान गेहूं की खेती के साथ पशुपालन सब्जी की खेती श्री अन्न की खेती मत्स्य पालन बागवानी के क्षेत्र में कार्य होगा तब किसान भाइयों की आय बढ़ेगी।उक्त बातें आत्मा योजना एवं प्राकृतिक खेती योजनांतर्गत गोला विकास खंड के डाड़ी के पंचायत भवन पर आयोजित कृषक प्रशिक्षण में पूर्व अपर जिला कृषि अधिकारी राम अधार यादव ने कही।प्रशिक्षण में सहायक विकास अधिकारी आलोक राय भंडार प्रभारी राज नरायन यादव भगवान दास ने प्राकृतिक खेती की योजना खेती में कृषि यंत्रों की उपयोगिता कृषि निवेश की व्यवस्था प्रधानमंत्री किसान सम्मन निधि सरकार की खरीफ की सफल खेती की योजना फसल बीमा फसल अवशेष प्रबंधन पर विस्तार से जानकारी दी।

कंप्यूटर ऑपरेटर पिंटू आर्य ने फार्मर रजिस्ट्री कैसे करें क्यों आवश्यक है आदि की विस्तार से जानकारी दी।गोष्ठी में किसान भाइयों को तकनीकी जानकारी देकर जागरूक किया गया। प्राकृतिक खेती पर प्रशिक्षण ककरही गांव में साधन सहकारी समिति परिसर में भी आयोजित किया गया। अध्यक्षता ककरही ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अमरेश शुक्ला डाड़ी में प्रधान राजेंद्र यादव ने किया।संचालन सहायक विकास अधिकारी आलोक राय धन्यवाद ज्ञापन राज नरायन यादव ने किया। गोष्ठी में इंद्रेश शुक्ला पंकज शुक्ला अमृत सिंह अनिल दुबे विनय शुक्ला सुधीर शुक्ला माधुरी सुनीता भानमती रामनिवास शिवाकांत शारदा अशोक यादव अरुण मिश्रा गायत्री देवी हरे राम सहित अधिक संख्या में किसान गणों ने भाग लिया।

# 10 जुलाई को होगा बाबा भूतेश्वर दरबार में अध्यक्ष का चुनाव

**●कुल 6 प्रत्याशी होंगे आमने-सामने जिसमें निवर्तमान अध्यक्ष विकास तिवारी भी रहेंगे प्रत्याशी**

स्वतंत्र प्रभात



**ओबरा/सोनभद्र।** बाबा भूतेश्वर दरबार महारुद्र सेवा समिति 25 वर्षो से संचालित है। समय-समय पर इसका चुनाव मनोनीत द्वारा होते रहे जिसे भी बाबा भूतेश्वर दरबार महा रूद्र सेवा समिति का अध्यक्ष पद दिया जाता है वह मंदिर में तमाम पर्व पर होने वाले कार्यक्रमों को अध्यक्ष अपनी टीम द्वारा पूर्ण कराता है कुछ वर्षो से संस्था के नियमों में परिवर्तन किया गया की जो भी अध्यक्ष के रूप में आएगा उसका कार्यकाल 2 साल का ही रहेगा उसके पश्चात उसे उस पद को त्याग कर संस्था के साथ जुड़कर कार्य करना पड़ेगा इसी क्रम में 25 जून को संस्था के प्रबंधक द्वारा तत्काल प्रभाव से लिखित रूप में समाचार पत्रों के माध्यम से समिति को भंग कर दिया गया क्योंकि वैसे भी समिति के अध्यक्ष का कार्यकाल खत्म होते ही समिति अपने आप भंग हो जाती है ऐसी स्थिति में प्रबंधक रामआश्रय बिंद द्वारा अगले को कार्यभार सौंपने से पहले प्रबंधक की देखरेख में रहता है यह नियम में लागू है आपको बताते चलें की आगामी 10 जुलाई को होने वाले चुनाव को लेकर पांच प्रत्याशियों का नाम संस्था के प्रबंधक के पास आया है ।

जिसमें मनीष कुमार पाण्डेय अध्यक्ष पद के प्रत्याशी, मनोज कुमार सोनी अध्यक्ष पद के प्रत्याशी, धर्मेंद्र कुमार यादव अध्यक्ष पद के प्रत्याशी, रणजीत तिवारी अध्यक्ष पद के प्रत्याशी, अजीत कुमार सिंह अध्यक्ष पद के प्रत्याशी इस तरह पांच प्रत्याशियों का नाम आज दिनांक 9 जुलाई को घोषित किया जाता है ।वे अपने-अपने समर्थन के साथ 10 जुलाई को उपस्थित रहेंगे । वर्तमान में अध्यक्ष पद पर रह चुके विकास कुमार तिवारी भी पुनः दोबारा इस चुनाव में अध्यक्ष पद के प्रत्याशी के रूप में है ।10 जुलाई को बाबा भूतेश्वर दरबार के प्रांगण में गुरु पूर्णिमा बड़े ही भव्यता के साथ मनाया जाएगा जिसमें भव्य भंडारे का आयोजन है उसमें आप सम्मिलित होकर पुण्य के भागीदार बने । बाबा भूतेश्वर दरबार के समस्त कार्यकर्ता समस्त सती सेवक की उपस्थिति अनिवार्य है क्योंकि 10 जुलाई को 2 से 4 पक्ष विपक्ष के दोनों तरफ से चुनकर चुनाव अधिकारी के रूप में रखा जाएगा, जिसकी देखरेख में यह चुनाव संपन्न होगा, गुप्त वोट देने की व्यवस्था की जाएगी । जो भी इस गुप्त ओट से चुनकर आएगा उसे ही समिति का अध्यक्ष घोषित किया जाएगा । और सभी कार्यकर्ता सभी सती सेवक हर तरह का मनमुटाव को छोड़कर उस अध्यक्ष का सम्मान करेंगे । ताकि एक दूसरे में एक जूटता लोगों की बरकरार रहे किसी को किसी तरह का मन मोटाव ना हो एकजुट होकर मंदिर के विकास के बारे में सोचें जिससे लोग इसका मजाक ना उड़ा पाए। बाबा भूतेश्वर दरबार महा रूद्र सेवा समिति आप सभी का हार्दिक अभिनंदन करती है।

# सरकर द्वारा परिषदीय विद्यालयो के मर्जर व्यवस्था से महिलाऐं काफी संख्या में होंगी बेरोजगार

**●जातिगत समीकरण के चक्कर मे सब बरबाद हो जा रहा है कुछ दिखाई नहीं दे रहा**

स्वतंत्र प्रभात

**खजनी गोरखपुर-** सरकार द्वारा परिषदीय विद्यालयों के मर्जर व्यवस्था से महिलाऐं, शिक्षा मित्र, रसोईया काफी प्रभावित होंगे उक्त बातें एक एक विशेष भेट वार्ता के मध्यम से वरिष्ठ शिक्षक सूर्य प्रकाश पांडे ने बताया की पांच हजार विद्यालय केवल नहीं बंद किए हैं दो रसोईयों और दो शिक्षामित्र के अनुसार बीस हजार जिसमें 90त्न महिलाएं हो गई बेरोजगार पांच हजार ग्राम प्रधान प्रभावित होंगे और लगभग 10हजार अध्यापक भी इधर उधर होंगे और 20 की संख्या कम से कम मान लें लाखों बच्चे भी प्रभावित होंगे, लेकिन आज जन प्रतिनिधियों और आम जनता को समझ में नहीं आ रहा है और जब समझ में आएगा तो वही कहावत चरितार्थ होगी कि अब पछताए होत क्या जब चिड़िया चुग गई खेत, भविष्य बच्चों का उज्जवल है जो साहब जी ने कहा है कि पकौड़ा बेचना भी नौकरी है फर्क इतना ही होगा बेचने वालों की संख्या ज्यादा होगी खानें वाले शैलानी ढूंढने पड़ेंगे, चेतें, जागरूक करें और आगे बढ़ें मुकाबला करें यहां तो जातिगत समीकरण के चक्कर में सब बर्बाद हो जा रहा है कुछ दिखाई ही नहीं दे रहा है पन्द्रह साल से प्रमोशन हजारों भाइयों का नुक़सान हुआ और होगा

# पडरौना नगर की छठ स्थान अब बिखेरेगी गुलाबी छटा

स्वतंत्र प्रभात



**कुशीनगर।** आस्था और श्रद्धा के महापर्व श्री छठ पूजा के दृष्टिगत नगर पालिका परिषद् पडरौना द्वारा श्रद्धालु माताओं-बहनों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इसी क्रम में नगर पालिका अध्यक्ष विनय जायसवाल ने हनुमान इंटरमीडिएट कॉलेज के पास स्थित प्रमुख छठ घाट पर पहुंचकर गुलाबी मार्बल से हो रहे सौंदर्यीकरण एवं साज-सज्जा कार्यो का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अध्यक्ष जी ने संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि छठ माता का यह पर्व माताओं-बहनों की आस्था से जुड़ा हुआ है, इसलिए घाट की स्वच्छता, सुंदरता और सुरक्षा में कोई कोताही न हो। यह हमारी जिम्मेदारी है कि श्रद्धालु निर्भय और सम्मान के साथ पूजा-अर्चना कर सकें। जायसवाल ने माताओं-बहनों के लिए प्रकाश व्यवस्था, साफ-सफाई, एवं सुरक्षा की विशेष व्यवस्था करने के निर्देश दिए। साथ ही यह भी आश्वस्त किया कि नगर पालिका की पूरी टीम छठ पूजा के आयोजन को भव्य और शांतिपूर्ण बनाने के लिए लगातार कार्य कर रही है। यह केवल एक पूजा नहीं, यह हमारी संस्कृति, आस्था और माँगल्य का उत्सव है। नगर पालिका परिवार हर श्रद्धालु के साथ है।

# साहित्यकार साहित्यिक संस्थायें बाल साहित्य सम्मान हेतु संस्तुति प्रपत्र 18 अगस्त तक भेजे

स्वतंत्र प्रभात

**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान द्वारा संचालित बाल साहित्य संवर्द्धन योजना के अन्तर्गत दिये जाने वाले दस बाल साहित्य सम्मानों क्रमशः सुभद्रा कुमारी चौहान महिला बाल साहित्य सम्मान, सोहन लाल द्विवेदी बाल कविता सम्मान, निरंकार देव सेवक बाल साहित्य इतिहास लेखन सम्मान, अमृतलाल नागर बाल कथा सम्मान, शिक्षार्थी बाल चित्रकला सम्मान, लल्ली प्रसाद पाण्डेय बाल साहित्य पत्रकारिता सम्मान, डा0 रामकुमार वर्मा बाल नाटक सम्मान, आचार्य कृष्ण विनायक फड़के बाल साहित्य समीक्षा सम्मान, जगपति चतुर्वेदी बाल विज्ञान लेखन सम्मान एवं उमाकान्त मालवीय युवा बाल साहित्य सम्मान के लिये साहित्यकार साहित्यिक संस्थायें संस्तुति प्रपत्र 18 अगस्त तक निदेशक उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान लखनऊ को भेजे। संस्तुतिकर्ता का स्पष्ट नाम, पता, दूरभाष सहित तथा जिसके नाम की संस्तुति की जा रही है उसका जीवनवृत्त संस्तुति प्रपत्र के साथ संलग्न होना अनिवार्य है। प्रत्येक सम्मान की धनराशि 51 हजार होगी। उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान 'बाल साहित्य सम्मान नियमावली 2015', संस्तुति प्रपत्र तथा सम्मानो से सम्बन्धित अन्य जानकारी संस्थान की वेबसाइट www.uphindisansthan.in पर उपलब्ध है। सम्मानों की संस्तुतियॉ व्यक्तिगत रूप से/डाक द्वारा मूल रूप में हस्ताक्षर सहित संस्थान को भेजनी होगी। एक संस्तुति प्रपत्र पर किसी एक साहित्यकार के नाम की संस्तुति ही मान्य, संस्तुति प्रपत्र के साथ साहित्यकार का जीवनवृत्त लगाना अनिवार्य है। निर्धारित तिथि के उपरान्त प्राप्त संस्तुतियों पर विचार नही किया जायेगा।

## कानपुर के सीएमओ रहे डॉक्टर हरिदत्त नेमी के निलंबन पर रोक, हाईकोर्ट ने लगाई रोक

स्वतंत्र प्रभात



**कानपुर।** कानपुर के पूर्व सीएमओ हरिदत्त नेमी के सस्पेंशन पर हाईकोर्ट ने रोक लगा दी है। हरिदत्त नेमी की तरफ से दलील दी गई थी कि बिना विभागीय जांच के उन्हें निलंबित कर दिया है। हाई कोर्ट ने राज्य सरकार से इस मामले में जबाब मांगा है। कानपुर के डीएम जितेंद्र प्रताप सिंह से विवाद के बाद बीती 19 जून को शासन ने डॉक्टर हरिदत्त नेमी को सस्पेंड कर दिया था। डीएम कानपुर और सीएमओ कानपुर के बीच चले विवाद में लखनऊ में लोक भवन के गलियारों से लेकर सोशल मीडिया तक चर्चा का विषय बना रहा। डीएम सीएमओ विवाद में सरकार के मंत्री और विधायक भी दो खेमे में बंट गए थे। तीन विधायकों ने सीएमओ के पक्ष में चिट्ठी लिखी जब कि दो विधायक जिलाधिकारी के पक्षधर हो गये और मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर भेज दिया। डॉक्टर हरिदत्त नेमी ने सस्पेंशन के आदेश को हाईकोर्ट में चुनौती दी थी. उनका आरोप था कि बिना विभागीय जांच के उन्हें पद से हटाया गया. हाईकोर्ट को डॉक्टर हरिदत्त नेमी की दलीलों में दम लगा और निलंबन आदेश पर रोक लगा दी। इस मामले में हाईकोर्ट ने राज्य सरकार और अन्य पक्षों से चार हफ्ते में जवाब दाखिल करने के लिए कहा है. अगली सुनवाई 18 अगस्त को होगी। अब सरकार की तरफ़ से जबाब क्या होगा ये देखने वाली बात होगी। लेकिन अब यह मामला और बढ़ गया है जिसमें डीएम साहब को भी आगे आना होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### खेतों की रखवाली कर रहे बुजुर्ग किसान को पीटा, गंभीर रूप से घायल

**लालगंज (रायबरेली)।** कोतवाली क्षेत्र के संभर सिंह का पुरवा मजरे मेरुई गांव में सोमवार की रात खेतों की रखवाली कर रहे एक किसान को कुछ लोगों में पीट दिया। घायल किसान के बेटे ने पुलिस को तहरीर देकर दो नामजद व तीन अज्ञात लोगों पर कार्रवाई की मांग की है। गांव निवासी पप्पू यादव ने बताया कि उसके पिता भंडारी यादव खेतों में रखवाली के लिए लेटे हुए थे। तभी गांव के ही दो युवक अपने तीन अज्ञात साथियों के साथ उसके पिताजी की जमकर पिटाई कर दी। जिससे उसके पिता को गंभीर चोंटे आई हैं। इंस्पेक्टर प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि मामला संज्ञान में नहीं है। शिकायत मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

### सड़क हादसे में घायल युवकों को एसडीएम ने पहुंचवाया अस्पताल



**सिंगाही ।** पनवारी स्टेट हाईवे सिंगाही निघासन रोड पर बंग्लहा ताकिया मोड़ के पास दो बाइकों की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। जोरदार टक्कर से दोनों बाइकों के चालक सहित सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। तभी वहीं से गुजर रहे एसडीएम राजीव निगम ने तत्परता दिखाते हुए सभी घायलों को निघासन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया, जहां घायलों का इलाज चल रहा है।सोमवार को दोपहर में बथुआ टांडा निवासी रिजवान अपने दोस्त के बबलू के साथ आधार कार्ड सही करने के लिए निघासन जा रहे थे। वहीं दूसरी ओर से सुरजीपुरवा निवासी रमेश पुत्र रामचंद्र और गौतम पुत्र नन्नू ताकियापुरवा गांव जा रहे थे। इसी दौरान बांग्लहा ताकिया मोड़ पर दोनों बाइकों की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई, जिसमें चारों युवक बुरी तरह घायल हो गए।इसी दौरान एसडीएम राजीव निगम वहीं से गुजर रहे थे उन्होंने अपनी गाड़ी को रोककर घायल अवस्था में पड़े चारों लोगों को 108 एंबुलेंस के माध्यम से निघासन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया। एसडीएम राजीव निगम ने बताया कि घायलों को हर संभव चिकित्सकीय सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है और हादसे की जानकारी संबंधित विभाग को दे दी गई है।

### शिव कॉरीडोर का कच्छप गति से चल रहे कार्य को देख कर नाराज हुये विधायक



**इसमे संलिप्त अधिकारियो की सिकायत मुख्यमंत्री से करने के भी कहा।**

**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** गोला में सावन माह की तैयारियों को लेकर शिव मन्दिर कॉरिडोर में दो महीनों से चल रहे कार्य की धीमी गति को देखकर नाराज हुए विधायक अमन अरविंद गिरी ने एडीएम व सीओ गोला व तहसील प्रशासन समीक्षा अधिकारियों को बुलाकर ठेकेदारों व अन्य अधिकारियों की शिकायत प्रदेश स्तर पर की। जिससे आए हुए श्रद्धालुओं व कावरियों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हों और जल्द ही सावन माह के मेले को सही कराने का आदेश दिया इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख विमल वर्मा जी केके शुक्ला गुरु रामगुलाम पांडे डॉ, बच्चू सिंह सुधीश बाजपेई दिलीप यादव अन्य लोग मौजूद रहे।

### पकरिया गांव मे नाली की सफाई न होने से गांव मे भर रहा बरसात का पानी

**सफाई से मरहूम गांव है पकरिया।**

**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** गोला तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत विलहरी के गांव पकरिया मे लगभग ऐक वर्ष से पूर्व जिला पंचायत की ओर से बनबाये गया नाले देखरेख के आभाव मे छतिग्रस्त हो गया है। और उस पर बडी बडी झाड़ियां उग आई है। ग्रामीण असलम, ऐहसान; मुन्ना, कल्लू, सरताज, रवि उल्ला, पप्पू, जमशीद, जमाल आदि ने बताया कि गांव मे जरा सी बारिस होने पर पानी नाले मे नही निकल पाता है जिससे बरसात व नाली का पानी घरो मे भर्ती है। जिससे वीरानियों का खतरा बना रहता है। गामीणो ने इसकी सिकायत जब ग्राम प्रधान अजमुद्दीन से की तो उन्होंने कहा कि अतिशीघ्र ही सफाई कर्मचारियो को वुलाकर नाले की सफाई कराई जायेगी। वही ग्रामीणो नै बताया कि कोई सफाई कर्मी लगभग ऐक महीने से ज्यादा का समय हो गया है गांव मे झांकने तक नही आया है।

# घरौनी बनाने के नाम पर पीड़िता से 30000 रूपया रिश्व्त लेने के आरोप

**● जिलाधिकारी से शिकायत कर लेखपाल द्वारा लिए गए उक्त पैसे वापस दिलाया जाने की मांग**

**लेखपाल से पैसा बापस मांगने पर लेखपाल ने भद्दी भीद्दी एवं जाति सूचक गालियां देकर भगाया और दी जान माल की धमकी - आरोप**

स्वतंत्र प्रभात



**लखीमपुर खीरी-** मामला गोला तहसील का बताया जाता है जहां लेखपाल जेपी वर्मा द्वारा पीड़िता लक्ष्मी देवी पत्नी स्वर्गीय सोनू से घरौनी बनाने के नाम पर30000 की अवैध वसूली की गई ,मामले की लिखित शिकायत पीड़िता द्वारा जिला अधिकारी खीरी से की गई है। जिला अधिकारी को दिए गए शिकायती प्रार्थना पत्र में पीड़िता ने बताया कि वह अपने स्वर्गीय पति सोनू की जमीन अपनी पुत्री अंशी के नाम कराना चाहती थी जिसे फर्जी बाड़ा करके उसकी सौतेली सास ने कूटरचित दस्तावेज तैयार कराकर लेखपाल से मिलीभगत कर अपने नाम करवा ली थी। इसी सिलसिले में पीड़िता गोला तहसील में जाकर लेखपाल से मिली और जानकारी ली। तो पता चला कि इनसे पहले वाले लेखपाल द्वारा जानबूझकर किया गया खेल बताया गया । तब लेखपाल ने कहा कि हमआपकी घरौनी बना देंगे जिसके लिए आपको 30000 देने पड़ेंगे 30000 देने से मना किया तो लेखपाल साहब गुस्सा आ गए और भाग जाने को कहने लगे बेचकर लेखपाल जेपी वर्मा को 3000 0आज के 8 माह पहले दिए थे। आठ माह गुजर जाने के बाद जब घरौनी नहीं मिली तो लेखपाल जेपी.वर्मा से संपर्क किया और घरौनी के विषय में जानकारी ली तो लेखपाल जेपी वर्मा ने बताया कि मैं आपके घरनी नहीं बना पाऊंगा, पीड़िता लक्ष्मी ने कहा मेरा पैसा ही वापस कर दो जैसे ही पैसा वापस करने की बात की लेखपाल साहब का दिमाग सातवें आसमान पर पहुंच गया और बौखलाते हुए गंदी गंदी गालियां देने लगा और कहा साली चमारन यहां से भाग जा दोबारा पैसा मांगा या कोई कार्रवाई की तो जान से मरवा दूंगा। लेखपाल के इस व्यवहार से आहत पीड़िता ने जिला अधिकारी खीरी को शिकायती प्रार्थना पत्र देकर मामले की निष्पक्ष जांच कराए जाने की मांग की है पीड़िता ने ऑन कैमरा यह भी बताया वह अपनी बच्ची की कसम खा जाएगी कि उसने 30000 अपने गहने बेचकर लेखपाल जेपी वर्मा को दिए इसके बावजूद न तो पैसा वापस किया जा रहा है और ना ही घरौनी ही बनाई गई है। वही सूत्र बताते हैं कि लेखपाल जेपी वर्मा का यह पहला कारनामा नहीं है वह अपने कारनामों के लिए गोला तहसील में खासा चर्चित रहे हैं देखना अब यह है कि इस मामले पर क्या कार्रवाई की जाती है। पीड़िता को न्याय दिलाया जाता है या फिर जेपी वर्मा के मामले में लीपापोती कर मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया जाएगा।

**क्या कहते है जिम्मेदार**

उपरोक्त मामले पर जब लेखपाल जेपी वर्मा से संपर्क करने का प्रयास किया गया तो उनके फोन की घंटी बजती रही लेकिन फोन नहीं उठाया गया जिससे उनके पक्ष की कोई जानकारी नहीं हो सकी।

# सच्चे ज्ञान में भगवान और सच्चे भगवान से होती मोक्ष प्राप्ति - महात्मा शिवानंद जी

स्वतंत्र प्रभात



**लखीमपुर खीरी।** सदानन्द तत्त्वज्ञान परिषद् के पिपरभुआल स्थित पिपरा धाम आश्रम में सदगुरु पूर्णिमा के अवसर में सत्संग सुनाते हुए सन्त ज्ञानेश्वर स्वामी सदानन्द जी परमहंस से तत्त्वज्ञान प्राप्त महात्मा शिवानन्द सुमन ने कहा आज समाज में स्वार्थी और कपटी कालनेमी जैसे भी गुरु और सदगुरु बनकर जन समाज को अपने झूठे ज्ञान से दिग्भ्रमित कर रहे हैं, ऐसे झूठे गुरुओं के जाल से बचने के लिए जनसमाज को स्वयं ही सावधान होना रहना पड़ेगा, क्योंकि आध-अधूरे और झूठे ज्ञान से मनुष्य जीवन का मंजिल मुक्ति और अमरता का साक्षात् बोध कदापि सम्भव नहीं है, जीवन का परमलक्ष्य इससे प्राप्त नहीं हो सकता । आध-अधूरे ज्ञानोपदेश में 'नीम हकीम खतरे जान' वाली युक्ति लागू होती है । यह मानवीय शरीर (पिण्ड) इस सृष्टि की सर्वोत्तम मशीन है जो परमात्मा-परमेश्वर-खुदा-गॉड-भगवान ने हम लोगों को अहैतु की कृपा कर अपने ही निजरूप को प्रदान किया है । सच्चे तत्त्ववेत्ता सद्गुरु से प्राप्त 'तत्त्वज्ञान रूप भगवद्ज्ञान रूप सत्यज्ञान' के अन्तर्गत कोई भी जिज्ञासु भक्त 'सम्पूर्ण' (संसार-शरीर-जीव-ईश्वर-परमेश्वर) को सम्पूर्णतया (शिक्षा-स्वाध्याय-योग साधना या अध्यात्म और तत्त्वज्ञान से) जानते हुये देख सकता है । सच्चा सद्गुरु अपने शिष्यों को वेद का तीनों सूत्र का हैसैद्धान्तिक और प्रायौगिक ज्ञान देकर अपनी अस्तित्त्व, मार्ग और मंजिल तीनों का स्पष्टतः बोध कराते हैं जैसे की-

पहला सूत्र 'असदोमासद्गमय' (असत्य नहीं, सत्य की ओर चलें !)- जिसके अन्तर्गत कर्मप्रधान सांसारिक जीवन जीने वालों को पूर्ण गुरु या सद्गुरु सबसे पहले 'जगन्मिथ्या' अर्थात् यह जगत झूठा है-- को प्रायौगिक रूप से दिखाता है । यानी सद्गुरु शिष्यों को यह स्पष्टतः जना और दिखा देता है कि संसार और शरीर दोनों ही बिल्कुल मिथ्या है फिर सत्य का बोध कराता है और संसार शरीर रूपी असत्य से सत्य की ओर ले चलता है ।दूसरा सूत्र 'तमसो मा ज्योतिर्गमय' (मोह-अन्धकार नहीं, दिव्य ज्योति की ओर चलें !) सच्चा सद्गुरु जड़ जगत रूप मोह अन्धकार से बहिर्मुखी इन्द्रियों को आभ्यान्तर मुखी बनाते हुये अर्थात् जीव को शरीर व संसार के ममता, मोह, आसक्ति रूपी पतन विनाश व अन्धकार से मोड़कर आत्मा-ईश्वर-ब्रम्ह-सोल-नूर-स्पिरिट-सः ज्योति शिव को दिव्य दृष्टि से दिखाते हुये उससे जोड़ देता है । हालाँकि इस विधान से भी जीव को मुक्ति और अमरता की प्राप्ति नहीं हो पाती क्योंकि यह विधान से सिर्फ आत्मा-ईश्वर-ब्रम्ह की प्राप्ति होती है परमात्मा-परमेश्वर-परमब्रम्ह की नहीं जो एकमेव एक मुक्ति-अमरताका दाता होता है । अतः मनुष्य जीवन के मुक्ति और अमरता रूप मोक्ष रूप चरम व परम उपलब्धि के प्राप्ति के लिये सद्गुरु अपने शिष्यों को तीसरे व अगले उपदेश के तरफ ले चलता है ।

तीसरा सूत्र 'मृत्योर्माऽमृतं गमय' (मृत्यु नहीं, अमरता के ओर चलें ! ) - सच्चे गुरु की पहचान सच्चे ज्ञान (तत्त्वज्ञान) के आधार पर होती है और सच्चा ज्ञान वह है जिसमें झाँकने पर चार अक्षर वाला विराट पुरुष रूप भगवान सामने ही दिखाई देता हो । भगवान् के सच्चे होने को तब स्वीकारें, जब उसमें सम्पूर्ण को सम्पूर्णतया (सारी सृष्टि जिसमें ब्रम्हा, इन्द्र और शंकर आदि-आदि भी सम्मिलित हैं, की उत्पत्ति, स्थिति व लय-विलय भी ) साक्षात् देखते हुये आमने-सामने ही बात-चीत सहित उनका परिचय-पहचान प्राप्त होता हो तथा उनमें मुक्ति और अमरता का साक्षात् बोध भी मिले। यदि ऐसा नहीं तो वह सच्चा भगवान नहीं और जब वह सच्चा भगवान नहीं तो वह ज्ञान सच नहीं और जब वह ज्ञान ही सच नहीं तो वह ज्ञानदाता गुरु भला कैसे सच हो सकता है ! सच्चे गुरु से सच्चा ज्ञान और सच्चे ज्ञान में सच्चा भगवान तथा सच्चे भगवान् से मुक्ति-अमरता का साक्षात् बोध तत्क्षण प्राप्त होता है । सच्चे भगवान वाले ज्ञान को ही तत्त्वज्ञान कहते हैं और तत्त्वज्ञानदाता को ही सद्गुरु कहते हैं ।

# भ्रष्टाचार में संलिप्त विद्युत उपकेंद्र खरगूपुर- 5 साल से झुके पोल, गायब तार और अधिकारियों की अनदेखी क्यों ?

**●86 जीजी राजकीय नलकूप से की गई लाइनिंग पांच साल पहले आंधी-तूफान में टूट गई थी, मगर न कोई पोल बदला गया, न तार दोबारा खींचे गए क्यों ?**

स्वतंत्र प्रभात




**गोंडा।** "हर घर बिजली" देने के वादे के साथ शुरू हुई प्रधानमंत्री सहज बिजली हर घर योजना की हकीकत देवरिया कला (गोंडा) गांव में आज भी बिजली की एक चिंगारी ढूंढ रही है। 86 जीजी राजकीय नलकूप से की गई लाइनिंग पांच साल पहले आंधी-तूफान में टूट गई थी, मगर न कोई पोल बदला गया, न तार दोबारा खींचे गए। गांव आज भी अंधेरे में डूबा है, और जिम्मेदार अधिकारी चुप हैं।

**विद्यालय के गेट पर झुका ट्रांसफार्मर, खतरे के साये में मासूम**

गांव के प्राथमिक विद्यालय के मुख्य द्वार पर लगा ट्रांसफार्मर करीब 70 डिग्री पर झुका हुआ है। इसी रास्ते से छोटे बच्चे स्कूल आते-जाते हैं। किसी बड़े हादसे से पहले चेतावनी देना ग्रामीणों के बस में रहा, पर एक्शन लेना प्रशासन के बस में नहीं दिख रहा।

**तार भी उड़ गए, पोल भी गिरे — योजना हवा में**

ग्रामीणों का गंभीर आरोप है कि टूटी लाइन से विभागीय कर्मचारियों ने तार हटाकर दूसरी जगह ट्रांसफर कर दिए। पोल टूटे पड़े हैं, और गांव के कई हिस्सों में बिजली का नामोनिशान नहीं है।

**ग्रामीण जोड़ रहे हैं अस्थायी केबल — खतरे की बिजली**

सरकारी लाइनें ठप हैं, इसलिए ग्रामीण अपने खर्च पर केबल खरीदकर बिजली खुद जोड़ रहे हैं। ये असुरक्षित कनेक्शन कभी भी करंट या आग की चपेट में ला सकते हैं।

**DM नेहा शर्मा बोलीं- "जांच कराकर उचित कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं"**

जब इस पूरे मामले को लेकर जिलाधिकारी नेहा शर्मा से जानकारी किया गया, तो उन्होंने बताया- "प्रकरण की जानकारी ली जा रही है। संबंधित अधिकारियों को जांच कर उचित कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।" अब देखना है कि ये "निर्देश" कब "कार्रवाई" में बदलते हैं।

**ग्रामीणों की चेतावनी- अब आर-पार की लड़ाई**

रामदयाल तिवारी अमरनाथ तिवारी, जीवन बाबु, रामकुमार, श्रीकांत आज्ञाराम तिवारी पप्पू तिवारी दयाराम तिवारी ,शिवराम, अशराफ, रवीश, राममूरत, दिनेश्वर मिश्र जैसे कई ग्रामीणों ने चेताया है कि यदि जल्दी समाधान नहीं हुआ, तो वे जिला मुख्यालय पर सामूहिक प्रदर्शन करेंगे।

**मुख्य सवाल जो शासन से जवाब मांगते हैं**

1.योजना के बाद भी बिजली 5 साल से क्यों गायब है?

2.पोल और तार न बदले जाने की ज़िम्मेदारी किसकी है?

3.डीएम के निर्देशों पर अमल क्यों नहीं हुआ?

4.क्या ये भ्रष्टाचार नहीं, तो क्या है?

# शासन के निर्देशानुसार एसडीएम तहसीलदार ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का दौड़ाकर निरीक्षण किया

स्वतंत्र प्रभात





**बरेली/**नवाबगंज तहसील के सीमावर्ती ग्राम बाहर जागीर अब्दला बडेपुरा अमीर नगर जारपा मोहनपुर पेहना आदि गांव उत्तराखंड से आ रही देवहा नदी विकासखंड भदपुरा के इन ग्रामों में नदी में सैलाब आने के बाद कटान का खतरा बढ़ जाता है जिसके तहत ग्रामीणों को भारी संकट का सामना करना पड़ता है। इस संकट से निपटने के लिए आज एसडीएम उदित पवार तहसीलदार दुष्यंत कुमार सिंह ने बाढ़ प्रभावित ग्रामों में जाकर निरीक्षण किया साथ ही वहां के ग्रामीणों से संवाद कर प्रशासन द्वारा दी गई सुविधा उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया गया ज्ञात रहे गत वर्ष इसी नदी में आई भयंकर बाढ़ से गांव अमीर नगर को संकट उत्पन्न हो गया था। इसकी भनक लगते ही जिला अधिकारी रविंद्र कुमार मौके पर पहुंचे थे और उन्होंने बाढ़ नियंत्रण विभाग एवं लोक निर्माण विभाग को निर्देशित कर कार्यवाही करने का निर्देश दिया गया था क्योंकि अमीर नगर गांव लंबे समय तक अपेक्षित ही नहीं रहा बल्कि उसका जनपद से संपर्क ही टूट गया था परंतु स्वर्गीय विधायक केसर सिंह गंगवार ने इस गांव को नदी पर पुल बनवाकर पुनः जनपद में सम्मिलित करने का कार्य किया था । परंतु नदी में आई सैलाब तो फिर वही स्थिति उत्पन्न हो जायेगी जिसको देखते हुए ग्रामीणों ने स्वयं मोर्चा सा भला और मिट्टी की दीवार खड़ी करके सड़क को कटने से बचा लिया परंतु यहां पर लोक निर्माण विभाग ने भी कोई सक्रियता नहीं दिखाई साथ ही बाढ़ नियंत्रण विभाग ने भी गांव को कटान से बचने के लिए कोई भी कार्य नहीं कराया गया है । इसी तरह गांव जारपा मोहनपुर भी दो नदियों के बीच स्थित है वर्षा ॠतु में इस गांव का भी अब आगमन बाधित हो जाता है इस गांव के सड़क बनवाने के लिए क्षेत्रीय विधायक डॉक्टर एमपी आर्य द्वारा शासन से एक करोड़ से अधिक की धनराशि स्वीकृत करवारकर सड़क बनाने का कार्य किया गया परंतु एक खुरापाती के कारण सड़क निर्माण नहीं हो सका है जिसे तहसीलदार बनवाने के लिए कमर कसी है कहा सड़क बनेगी खुरापाती लोगों से भी निपटना होगा।

# शपथ पत्र के साथ शिकायत देकर ग्राम पंचायत नरहर की जांच टीम गठित कर जांच कराए जाने की मांग

**● शिकायतकर्ता ने ग्राम प्रधान पर ग्राम पंचायत के विकास को आए सरकारी धन का बंदरबांट कर खुद का विकास किए जाने के लगाए गंभीर आरोप**

स्वतंत्र प्रभात

**लखीमपुर खीरी -** विकासखंड फूलबेहड़ की घपले और घोटाले की चर्चित ग्राम पंचायत नरहर में एक बार फिर से ग्राम प्रधान पति मुन्ना लाल और पंचायत सचिव सौरव कुमारपर मिलीभगत करके विकास को आए सरकारी धन का बंदरबांट कर लिए जाने के गंभीर आरोप लगाए गए हैं। और शपथ पत्र के साथ लिखित शिकायत जिलाधिकारी खीरी को देकर मामले में जांच टीम गठित कर निष्पक्ष जांच कराई जाने की मांग की गई है। जिलाधिकारी खीरी को दिए गए शिकायती प्रार्थना पत्र में शिकायतकर्ता विश्राम पुत्र सोहनलाल निवासी रामपुरवा ग्राम पंचायत नारहर ने आरोप लगाया है की ग्राम प्रधान उषा देवी के पति मुन्ना लाल और पंचायत सचिव व पंचायत मित्र द्वारा करीब 2 वर्ष पूर्व एक मानसरोवर सरकार द्वारा आवंटित किया गया था उक्त मानसरोवर के निर्माण में आपसी मिली भगत करके आधा अधूरा मानक विहीन कार्य कराकर सरकारी धनराशी का बंदर बाट कर लिया गया। वही शौचालय निर्माण में तो जमकर फर्जीवाडा करके शौचालय बनवाये बगैर ही फर्जी फोटो अपलोड कर पैसा निकाल कर बंदर वाट कर लिया गया। शिकायतकर्तागणों की माने तो नल मरम्मत व रिबोर तथा स्ट्रीट लाइट खरीद एवं दवा छिड़काव तथा ग्राम पंचायत की साफ सफाई के नाम परजमकर भ्रष्टाचार किया गया कहीं भी आज तक दवा का छिड़काव नही हुआ है और ना ही साफ सफाई ।महज कागजों का पेट भरकर सरकारी धन से प्रधान पति द्वारा जमीन मकान व प्लांट लखीमपुर में ट्रैक्टर ट्राली जरूर बना डाली गई गांव में नलों की हालत मरम्मत व रिबोर की स्वयं दासता बयां कर रही है। पूरी ग्राम पंचायत की करा ली जाए जांच तो पता चल जाएगा कहां-कहां कितनी-कितनी स्ट्रीट लाइट लगवाई गई हैं। यही हाल मनरेगा में भी है यहां पर ग्राम पंचायत के सबसे मजबूत नामी ग्रामीण लोगों की फर्जी हाजिरी लगाकर सरकारी धन उन्हीं लोगों के खाते में पैसा लगाकर बंदर बांट कर लिया जा रहा है।जो लोग कभी भी मनरेगा खोदने नहीं जाते हैं उनके यहां हमेशा दो-चार मजदूर खुद ही मजदूरी पर लगाते हैं ऐसे लोगों के नाम पैसा भेज कर सरकारी धन का बंदरबांट किया जा रहा है उक्त आरोप लगाते हुए शिकायतकर्ता गणों ने मामले की जांच की गठित कर निष्पक्ष जांच कराए जाने की मांग की है अब देखना यह है उपरोक्त मामले में क्या कार्रवाई की जाती है या फिर भ्रष्टाचार में लिप्त ग्राम प्रधान व पंचायत सचिव को दे दिया जाता है अभयदान।

# अंबेडकर पार्क की जमीन से अवैध कब्जा हटवाए जाने की मांग

**●ऑनलाइन शिकायतों में फर्जी आख्या लगा शासन प्रशासन को किया जा रहा गुमराह**

**लेखपाल कमलेश कुमार की धन लोलुपता के चलते नहीं हट पा रहा अंबेडकर पार्क की जमीन से अवैध कब्जा**

स्वतंत्र प्रभात

**लखीमपुर खीरी -** तहसील सदर लखीमपुर के जिम्मेदारों की लापरवाही और धनलोलुपता के चलते शासन के आदेशों का खुला मजाक उड़ाया जा रहा है ।और क्षेत्रीय लेखपाल कमलेश कुमार तथा कानून को द्वारा अवैध कब्जा धारक ग्राम प्रधान पति मुन्ना लाल समेत अन्य आधा दर्जन अवैध कब्जा धारकों से चढ़ावा चढ़वाकर उनके तल पर थिरकते नजर आ रहे हैं ।उक्त आरोप मेरे नहीं दर्जनों ग्रामीणों व शिकायतकर्ता द्वारा लगाये जा रहे हैं । साक्षयो पर आधारित खबर की बात करें तो ऑनलाइन शिकायतों की जांच किए बगैर फर्जी एवं भ्रामक आखाया लगाकर शिकायतों का निस्तारण किया जाना जन चर्चा का विषय बना है। मामला ग्राम पंचायत नरहर विकासखंड फूलबेहड तहसील लखीमपुर सदर का है यहां के ग्राम प्रधान पति मुन्ना लालद्वारा अंबेडकर पार्क की आरक्षित जमीन पर स्वयं अवैध कब्जा करके पक्का मकान बना लिया गया तथा अपने चाहते लोगों से सुविधा शुल्क लेकर लगभग आधा दर्जन लोगों के पक्के मकान बनवा दिए गए ।यह सारा खेल क्षेत्र के लेखपाल कमलेश कुमार व कानूनगो की जानकारी में होने के आरोप लगाए जा रहे हैं। लोगों की जुबानी सत्य माने तो यह सारा खेल क्षेत्रीय लेखपाल कमलेश कुमार की मिली भगत से होने के आरोप लगाए जा रहे हैं लोगों का आरोप है कि लेखपाल कमलेश कुमार द्वारा दोहरा मापदंड क्यों अपनाया जा रहा है। आखिर किन परिस्थितियों में हर शिकायत में फर्जी एवं भ्रामक आख्या लगाकर शासन व प्रशासन को गुमराह करते हुए शिकायतों का फर्जी निस्तारण किया जा रहा है। शिकायतकर्ता ने शपथ पत्र के साथ जिला अधिकारी खीरी से लेखपाल के कारनामों की जांच कराकर कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

# बेहजम ब्लॉक क्षेत्र के गांवों में नहीं लगी स्ट्रीट लाइट, जहां हैं वह भी बंद

स्वतंत्र प्रभात



**नीमगांव खीरी।** बेहजम ब्लॉक की कई ग्राम पंचायतों के गांवों में स्ट्रीट लाइट,साफ-सफाई, पक्की सडक़,नाली जैसी सुविधाओं की कमी है,इनमें से सबसे बड़ी परेशानी ग्राम पंचायतों में स्ट्रीट लाइट नहीं होने की है,गांवों में बिजली के खंभे तो लगे हैं,लेकिन लाइट नहीं लगी है,ऐसे में रात होते ही गलियों में अंधेरा छा जाता है। साथ ही जहरीले जीव जंतुओं का खतरा है,वहीं चोरी की वरदातों की आशंका रहती है,ग्रामीणों का कहना है कि बिजली के खंभे तो लगे हैं, लेकिन अभी भी अधिकांश गांवों में कहीं खंभे पर स्ट्रीट लाइट नहीं है, तो कहीं लाइट होते हुए भी महीनों से बंद है,ब्लॉक के अधिकांश गांव में सालों से स्ट्रीट लाइट बंद पड़ी हैं कई जगह स्ट्रीट लाइट खंभों पर शोपीस बनी है।

**इन गांवों में रात होते ही पसर जाता है अंधेरा**

कैमां खुर्द पंचायत,ग्राम पंचायत पैला,ग्राम पंचायत नगरा के जैतापुर, करनपुर मुवैया, मूड़ा बुजुर्ग की गलियों में बिजली के खंभे तो हैं, लेकिन इनमें स्ट्रीट लाइट नहीं हैं। गांवों में स्ट्रीट लाइट बंद होने को लेकर ग्रामीण कई बार ग्राम पंचायत में शिकायत भी कर चुके हैं जिस पर ग्राम पंचायत के जिम्मेदार ध्यान नहीं दे रहे हैं,पंचायतों को इस सुविधा को उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पर्याप्त बजट भी हर साल शासन से आवंटित होता है,बेहजम कस्बे में सालों बाद भी दुकानदारों और ग्राहकों की सुविधा के लिए स्ट्रीट लाइट नहीं लगी है,रात होते ही अंधेरा छा जाता है,उजाले के लिए दुकानदार ही खुद की व्यवस्था करते हुए बैटरी का उपयोग कर बल्व जलाते हैं।

# कावड़ यात्रा की तैयारी का एडीएम ने लिया जाएगा दिए आवश्यक दिशा नर्देश

स्वतंत्र प्रभात



**लखीमपुरखीरी-** (खीरी)लखीमपुर खीरी, 08 जुलाई। सावन मास की कांवड़ यात्रा को लेकर गोला गोकर्णनाथ में प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए मंगलवार को एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह ने विधायक अमन गिरी के साथ छोटी काशी स्थित शिव मंदिर कॉरिडोर व आसपास के क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान एडीएम ने साफ निर्देश दिए कि श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। कॉरिडोर क्षेत्र में चल रहे कार्यों की धीमी प्रगति पर नाराजगी जताते हुए कार्यदायी संस्था के जिम्मेदारों को कड़ी चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि कार्य में लापरवाही किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी कार्यों को बुधवार शाम तक हर हाल में पूर्ण कर लिया जाए। एडीएम ने मौके पर उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि एसडीएम युगांतर त्रिपाठी तथा अधिशासी अधिकारी नगर पालिका व्यक्तिगत रूप से मौके पर मौजूद रहकर निगरानी करें और कार्यों को समयबद्ध ढंग से पूरा कराएं। निरीक्षण के दौरान एडीएम ने मंदिर प्रवेश मार्ग, प्राथमिक चिकित्सा बिंदु, रूट डायवर्जन और साफ-सफाई सहित अन्य सुविधाओं की भी गहन समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि यात्रा मार्ग पर अव्यवस्था या जाम जैसी स्थिति न उत्पन्न हो, इसके लिए ट्रैफिक पुलिस और सिविल पुलिस का समन्वय बेहद जरूरी है।

# संक्षिप्त खबरें

## युवाओं के अनोखे स्टार्टअप की क्षेत्र में चर्चा, मुंबई में नौकरी छोड़ गांव में की शुरुआत



**जंगीगंज।** सरकार लोगों को अपना उद्यम स्थापित करके आत्मनिर्भर भारत में सहभागी होने के लिए प्रोत्साहित कर रही हैं और इसका असर भी देखने को मिल रहा हैं। ऐसे कई युवा हैं जो कोरोना काल के दौरान अपने गांव आये और फिर क़ोई न क़ोई अपना रोजगार शुरू किया और अब धीरे धीरे और भी मजबूत हो रहे हैं, ऐसे युवाओं की सफलता को देखकर अन्य युवा भी अपने गांव क्षेत्र में ही रहकर क़ोई अपना व्यवसाय करने के लिए उत्साहित हैं और कई तो सरकार की आत्मनिर्भर भारत के माध्यम से अपने स्टार्टअप के माध्यम से नई इबारत लिख रहे हैं।

एक ऐसा ही मामला जंगीगंज के मैलौना में कोइरौना क्षेत्र के चन्दापुर निवासी कृष्णा शुक्ला और पंकज मिश्रा नामक दो युवा अपने स्टार्टअप के माध्यम से काफ़ी चर्चा में हैं और उनके इस स्टार्टअप की खुले मन से लोग सराहना भी कर रहे हैं। मालूम हो कि चंदापुर निवासी कृष्णा शुक्ला और पंकज मिश्रा ने मैलौना में सब्जी की दुकान रखी हैं जो अपने आप में अनोखा हैं। इस दुकान की सब्जी फुटपाथ पर नहीं बल्कि बाकायदा रैक बनाकर रखी गई हैं और आकर्षक स्टैंड बनाकर लोगों को सब्जी बेचीं जाती हैं, सब्जी का दाम जो बाजार में हैं उसी दाम पर मिल रही हैं। इस अनोखे दुकान पर सब्जी खरीदने के लिए अनायास ही रूक जाते हैं और खरीददारी करते हैं। युवा कृष्णा शुक्ला ने बताया कि माटी से जुड़ाव के लिए गांव में अपना स्टार्टअप शुरू किया हैं, जबकि इसके पहले मुंबई में काम करता था।

## भदोही में घर से कुछ दुरी पर लापता लड़की का तालाब में मिला शव



**भदोही।** गोपीगंज थाना क्षेत्र के बिरनई गांव में सोमवार की शाम को एक 6 वर्षीय बालिका खेलते खेलते लापता हो गई, परिजन, ग्रामीण और पुलिस के लोग भी बालिका के खोजने में जुटे रहे मंगलवार की दोपहर करीब दो बजे बच्ची का शव स्कूल के बगल तालाब में मिला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमोर्टम के लिए भेज दिया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हैं। जानकारी के मुताबिक बिरनई गांव निवासी रामलाल यादव उर्फ़ रामू की छोटी बेटी आकांक्षा यादव (6 वर्ष) सोमवार की शाम को घर से कुछ दूर खेल रही थी और शाम को घर नहीं पहुंची तो परिजनों ने काफ़ी खोजबीन की और पुलिस को भी सूचना दे गई। पुलिस भी रात भर खोजबीन की। इस दौरान भदोही के अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल, ज्ञानपुर सीओ चमन सिंह चावड़ा लोगों से पूछताछ की। लड़की को खोजने के लिए डॉग स्क्वायड भी पहुंची। मंगलवार को दोपहर करीब दो बजे लापता लड़की का शव गांव के विद्यालय के पश्चिम तरफ स्थित तालाब में मिला। शव मिलने के बाद परिजनों का रों रोकर बुरा हाल हैं। पुलिस ने आकांक्षा के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। आकांक्षा अपने एक भाई शिवांश और बहन संध्या से छोटी थी। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के मुख्य वजह सामने आ सकेगी।

## बोर्ड मीटिंग में सभासदों ने जे ई के कार्यप्रणाली के विरोध में अध्यक्ष को दिया पत्र



**चुनार मिर्जापुर।** मंगलवार बोर्ड मीटिंग के दौरान नगरपालिका अध्यक्ष मंसूर अहमद को सभासदों ने जूनियर इंजीनियर विनय सिंह पीडब्ल्यूडी सीविल जेई पद पर कार्यरत के खिलाफ कार्य में अनियमितता बरतने के आरोप में पत्रक देकर अवगत कराया गया कि इनका स्थानांतरण कर किसी और को चुनार पालिका में सम्बद्ध करने का पत्र दिया गया। पत्रक देने वाले में मुख्य रूप से आरती कुमारी, नेहा सोनी, सरोज देवी, सुनीता देवी, धर्मावती देवी, नसरीन, बिट्टू देवी, गौतम जायसवाल, विकास कश्यप, अवनीश कुमार राय, विक्रम यादव, किशन मोदनवाल, करतार सिंह, रामलाल, संतोष यादव सुनील कुमार यादव, सुजीत कुमार, सुरेश यादव इत्यादि सभासद उपस्थित रहे।

# संगठन सृजन अभियान के अंतर्गत विसापुर न्याय पंचायत एवं भदोही शहर के वार्ड नंबर 20 में कांग्रेस की बैठकें सम्पन्न

**स्वतंत्र प्रभात**



भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस द्वारा चलाए जा रहे संगठन सृजन अभियान के तहत आज भदोही ब्लॉक के विसापुर न्याय पंचायत और भदोही नगर के वार्ड नंबर 20 में महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठकें आयोजित की गईं। इन बैठकों का उद्देश्य पार्टी संगठन को जमीनी स्तर पर सशक्त करना और बूथ स्तर तक पहुंच बनाना रहा। बैठकों के मुख्य अतिथि कांग्रेस के कोऑर्डिनेटर सत्यवीर सिंह रहे। उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि यह अभियान पार्टी को पुनः जनआंदोलन का रूप देने की दिशा में निर्णायक कदम है।

बैठक की अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमेटी भदोही के अध्यक्ष श्री वसीम अंसारी ने की। उन्होंने कहा कि संगठन सृजन अभियान को प्रत्येक पंचायत, वार्ड और बूथ तक ले जाकर ही कांग्रेस को जनविश्वास की पार्टी बनाया जा सकता है। पूर्व जिला अध्यक्ष डॉ. राजेन्द्र कुमार दुबे 'राजन 'व जिला उपाध्यक्ष मुशीर इक़बाल ने कहा कि कांग्रेस का इतिहास बलिदानों और संघर्षों का इतिहास है, और आज की आवश्यकता है कि उसी जुझारूपन के साथ कार्यकर्ता जनता के बीच जाएं। ब्लॉक अध्यक्ष श्री शिव पूजन मिश्रा ने अपने संबोधन में कहा कि संगठन के पुनर्गठन में कार्यकर्ताओं की सक्रियता और प्रतिबद्धता सबसे अहम है। उन्होंने बूथ स्तर तक संवाद और संपर्क मजबूत करने का आह्वान किय युवा नेता सरफ़राज़ अहमद ने कहा कि कांग्रेस पार्टी सदैव गरीब, किसान, दलित और मजलूम की आवाज़ रही है। संगठन सृजन अभियान इन वर्गों तक हमारी नीति और नीयत पहुंचाने का जरिया है। बैठकों में बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता, युवा, महिलाएं और वरिष्ठ कांग्रेसजन उपस्थित रहे। सभी ने संगठन को मजबूत करने और आगामी चुनावों की तैयारी में जुट जाने का संकल्प लिया। संचालक जज लाल राय जी ने किया. इस अवसर पर,दीना नाथ दूबे, धर्मराज पटेल, राजेश्वर दूबे,दिलीप मिश्रा, सनाउल्लाह शाह,राजाराम दूबे, सुबूकतगीन अंसारी, नाज़िम अली, संदीप दूबे, शमशीर अहमद संजय पाण्डेय,शक्ति मिश्रा, विनोद गौतम, संतोष धोबी, राकेश पाल, धीरज पाल, राम विलास पटेल, रमापति, अमित, राजेंद्र पटेल,असलम हाशमी इत्यादि लोग उपस्थित रहें..

# भारतीय किसान यूनियन ने उप जिलाधिकारी को सौंपा 6 सूत्रीय ज्ञापन

**स्वतंत्र प्रभात**

**चुनार मिर्जापुर।** मंगलवार को भारतीय किसान यूनियन के सदस्यों ने चुनार क्षेत्र के किसानों की समस्याओं के समाधान हेतु उपजिलाधिकारी राजेश कुमार वर्मा को 6 सूत्री ज्ञापन सौंपा। जिसमें राष्ट्रीय राजमार्ग 7 पर बरईपुर गेट के सामने कट दिया जाए, क्योंकि किसानों ,छात्रों, और व्यापारियों को वाराणसी जाने के लिए,और मिर्जापुर से आते वक्त विपरीत दिशा से होकर जाना, आना पड़ता है जिससे दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। ग्राम पंचायत बरईपुर का गेट और ग्राम पंचायत अचीतपुर का गेट NH 7 के चौड़ीकरण में तोड़ दिया गया था, जिसे आज तक नहीं बनवाया गया है जिसे बनाया जाना जरूरी है। जंगल महाल विद्युत सब स्टेशन से निकली हुई विद्युत लाइन चक सरिया न्याय पंचायत में लो वोल्टेज की समस्या लगातार बनी हुई है जिससे किसानों व आम जन को भारी परेशानी हो रही है, लोग वोल्टेज की समस्या का निदान करते हुए पूर्ण रूप से बिजली दिया जाए। कुदारन से चुनार अंतर्गत कुदारन से हुसेनपुर बियर सिंचाई डाक बंगला तक बाई तरफ के सर्विस पटरी लगभग 4.5 किलोमीटर में बड़े-बड़े गड्ढे होकर सड़क अत्यंत खराब हो गई है शासन द्वारा निर्देश के बाद भी अक्टूबर माह 2024 में किसी तरह से रिपेयर का कार्य नहीं हो पाया खनिज क्षेत्र होने से सैकड़ो ट्रक का आवागमन होता है ,50 गांवो की जनता का आवागमन है, जर्जर सड़क का जनहित में निर्माण कराया जाए। सहकारी समितियो पर डीएपी यूरिया की उपलब्धता सुनिश्चित कराया जाए।पूर्व की भांति चुनार पोस्टमार्टम हाउस (चीरघर )को जनहित में अविलंब प्रारंभ किया जाए।इस दौरान प्रहलाद सिंह प्रदेश महासचिव , मंडल अध्यक्ष अनिल सिंह,जिला अध्यक्ष कंचन सिंह फौजी, जिला कोषाध्यक्ष स्वामी दयाल सिंह, राजेश कुमार सिंह उर्फ गुड्डू मंडल प्रवक्ता , डा पंचम सिंह संगठन मंत्री,धर्मेन्द्र सिंह जिला मीडिया प्रभारी ,रामवृक्ष सिंह तहसील अध्यक्ष चुनार , रतन लाल चौरसिया,रामचंद्र सिंह, राम सिंगार सिंह,राजेंद्र सिंह सुधाकर चौरसिया ,किस्मत कुशवाहा, नंदलाल भारती,रामराज बिंद ,प्रवीण कुमार सिंह, सुशील कुमार सिंह इत्यादि उपस्थित रहे।

# स्वच्छ एवं स्वस्थ्य पर्यावरण सृजित करने हेतु वृक्षारोपण महाअभियान-2025 में सभी करें प्रतिभाग -डॉ जयपाल सिंह

● उत्तर प्रदेश विधान परिषद की विशेषाधिकार समिति के सभापति व सदस्यगण द्वारा खजुरी नदी पर पहुंचकर किया वृक्षारोपण



**स्वतंत्र प्रभात**

**मीरजापुर।** मंगलवार को उत्तर प्रदेश विधान परिषद की विशेषाधिकार समिति के सभापति डॉ जयपाल सिंह ''व्यस्त'' व सदस्यगण ने जनपद भ्रमण के दौरान सिटी विकास खण्ड के अन्तर्गत ग्राम पंचायत बर्जीमुकुन्दपुर पहुंचकर खजुरी नदी के तट पर वृहद वृक्षारोपण अभियान-2025 के अन्तर्गत वृक्षारोपण किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने सभापति डॉ जयपाल सिंह व सदस्यगण को खजुरी नदी के जीर्णोद्धार व कायाकल्प के बारे में विस्तृत जानकारी दी। वृक्षारोपण अभियान के तहत समिति के सदस्यगण रमा निरंजन, सदस्य रामतीर्थ सिंघल व विधायक मझवां सुचिस्मिता मौर्या ने वृक्षारोपण किया गया। सभापति ने वृक्षारोपण महाअभियान-2025 में सभी की सहभागिता करने की अपील करते हुए कहा कि स्वच्छ एवं स्वस्थ्य पर्यावरण सृजित करने हेतु सभी नागरिकगण प्रतिभाग कर अधिक से अधिक से पौध रोपित करे। उन्होंने कहा कि इस अभियान 26 राजकीय विभागों को भी जनपदवार लक्ष्य निर्धारित किया गया हैं। सभी लोग बढ़चढ़कर हिस्सा लेते हुए पौधरोपण के लक्ष्य को पूर्ण करें। उन्होंने कहा कि सभी जनपद के नागरिकगण एक पेड़ मां के नाम अवश्य लगाएं। इस अवसर पर ग्रामीणों को वृक्षारोपण हेतु पौध भी वितरण किया गया। इस अवसर पर विकास अधिकारी विशाल कुमार, खण्ड विकास अधिकारी सिटी उपस्थित रहें।

# 288576 लाख बच्चों को पिलाई जाएगी विटामिन ए की खुराकए अभियान शुरू

● जिले में नौ माह से पांच वर्ष की अवस्था तक विटामिन ए की नौ खुराक से मिलता है बच्चे को पोषण

**स्वतंत्र प्रभात**

**मीरजापुर।** जिले में 288576 लाख बच्चों को विटामिन ए की खुराक पिलाई जाएगी । नौ माह से पांच वर्ष तक की अवस्था के बच्चों को इस सीरप का कुल नौ खुराक लेना अनिवार्य है । ऐसा करने से बच्चों को पोषण मिलता है और उनका बीमारियों से बचाव भी होता है । इसके लिए एक माह तक अभियान चलेगा जिसका आगाज बुधवार से हो गया । जिले में इस अभियान का शुभारंभ अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉक्टर अनिल ओझा ने किया । उन्होंने अपील की कि आशाए एएनएम और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता की मदद से बच्चों को इस दवा का सेवन अवश्य करवाएं। यह अभियान 09 अगस्त तक चलाया जाएगा।

अभियान के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ सी0एल0 वर्मा ने बताया कि जिले में नौ से बारह माह के 288576 बच्चों को यह दवा दी जाएगी । इस अभियान में एएनएम का सहयोग आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता करेंगी । बच्चों को यह दवा खसरे से बचाव के प्रथम और दूसरे टीके के साथ दी जाती है और इसके अलावा प्रत्येक छह माह पर अभियान के दौरान भी इसका सेवन कराया जाता है । छाया वीएचएसएनडी और छाया यूएचएसएनडी सत्रों पर बच्चों को लाकर इस दवा का सेवन करवाया जाता है । प्रत्येक सरकारी अस्पताल में यह दवा उपलब्ध है । इसे नियमित टीकाकरण कार्यक्रम में भी शामिल किया गया है । नोडल ने बताया कि विटामिन ए की कमी छोटे बच्चों में रोकथाम लायक अंधेपन का प्रमुख कारण है जिसे दवा सेवन से दूर किया जा सकता है। इसकी कमी बच्चों के विकास को बाधित कर सकती है और शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली को भी बाधित करती है। खसरा व दस्त पीड़ित बच्चों में इसकी कमी हो जाने से मृत्यु की आशंका अधिक होती है। टीकाकरण के साथ इस सीरप की सही और उम्र विशिष्ट खुराक देने पर करीब दस फीसदी बच्चों में दस्तए सिरदर्दए बुखार और चिड़चिड़ापन जैसे हल्के लक्षण दिखते हैं जो बिना उपचार के 24 से 48 घंटों के भीतर स्वतः ठीक हो जाते हैं । वर्ष 2013 में विश्व स्वास्थ्य संगठन ने विटामिन ए की कमी को एक सार्वजनिक स्वास्थ्य समस्या घोषित किया है क्योंकि यह पाया गया कि विश्व में छह से 59 माह के प्रत्येक तीन बच्चों में से एक बच्चे को यह प्रभावित करता है । इस स्थिति से निपटने के लिए सरकारी प्रावधानों के तहत यह सीरप उपलब्ध कराया जा रहा है ।

# एक देश, एक बोर्ड, एक फीस, एक पाठ्यक्रम के लिए 108 बार श्री हनुमान चालीसा पाठ के बाद जिलाधिकारी वाराणसी को दिया गया ज्ञापन

**स्वतंत्र प्रभात**




**वाराणसी।** धरोहर संरक्षण सेवा संगठन के आयाम केसरिया भारत के तत्वाधान में महंगी शिक्षा से उत्पन्न समाजिक बुराईयों के लिए जिम्मेदार महंगी शिक्षा को खत्म करने के लिए माननीय प्रधानमंत्री, भारत सरकार को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी वाराणसी को संगठन के प्रमुख संयोजक कृष्णानन्द पाण्डेय के नेतृत्व में सैकड़ों लोगों के साथ दिया गया साथ ही जिलाधिकारी पोर्टिको में एक सभा हुई ,वक्ताओं में संगठन के प्रमुख संयोजक कृष्णा नन्द पाण्डेय ने कहा

भारत जैसे विशाल, विविधतापूर्ण और प्राचीन संस्कृति वाले देश में आज शिक्षा एक व्यापार बन चुकी है। शिक्षा का उद्देश्य जहाँ समाज को सुसंस्कृत, समभावी और आत्मनिर्भर बनाना था, वहीं आज यह असमानता, आर्थिक बोझ और सामाजिक विभाजन का कारण बन गई है। इस विकट समस्या के समाधान के लिए ÷एक देश, एक बोर्ड, एक फीस, एक पाठ्यक्रम÷ जैसी क्रांतिकारी पहल की आवश्यकता है।

आज हमारे देश में एक ही कक्षा के विद्यार्थी अलग-अलग बोर्ड, अलग-अलग पाठ्यक्रम, और अलग-अलग फीस ढांचे में पढ़ रहे हैं। आज श्रीकृष्ण और सुदामा एक ही विद्यालय में नहीं रह गए। एक समृद्ध परिवार का बच्चा आईसीएसई / सीबीएसई बोर्ड के अंतरराष्ट्रीय स्कूल में पढ़ रहा है और एक सामान्य आय वाला बच्चा सरकारी या क्षेत्रीय बोर्ड में पढ़ रहा इससे सामाजिक समरसता का विघटन हो रहा है।

जब एक ही परिवार में दो भाईयों के बच्चों को अलग-अलग स्कूलों में पढ़ाने की मजबूरी होती है, तो पारिवारिक मनभेद उत्पन्न होते हैं। आर्थिक रूप से सक्षम व्यक्ति बेहतर शिक्षा में निवेश करता है, वहीं कमजोर भाई पीछे छूट जाता है। इससे रिश्तों में खटास आती है पारिवारिक तनाव और विघटन का महंगी शिक्षा ही प्रमुख कारण है।

सनातन समाज का युवा जब परिवार बढ़ाने की सोचता है, तो शिक्षा का खर्च उसे पीछे खीचता है। अधिकांश युवा एक या अधिकतम दो बच्चों की योजना बनाते हैं जिसका प्रमुख कारण महंगी शिक्षा है। यह एक गंभीर सामाजिक और सांस्कृतिक संकट का संकेत है। शिक्षा को बोझ बनने से रोकना अब अनिवार्य है।

गौरीश सिंह ने कहा महंगे निजी विद्यालयों की फीस, दाखिला प्रक्रिया और अलग-अलग बोडों की प्रतिस्पर्धा ने गाँव-गाँव से प्रतिभाओं को पलायन के लिए मजबूर कर दिया है। वहीं सरकारी विद्यालयों को नजरअंदाज कर बंद किया जा रहा है, जिससे शिक्षा का विकेंद्रीकरण और गुणवत्ता दोनों प्रभावित हो रहे हैं।

सारिका दूबे ने कहा एक देश, एक बोर्ड, एक फीस, एक पाठ्यक्रमः इस विकराल स्थिति का समाधान एक सरल, परंतु दूरदर्शी नीति में छुपा है। एक ही बोर्ड जिससे शिक्षा की गुणवत्ता, मूल्यांकन और प्रमाण पत्र सबके लिए समान हों। अविनाश आनन्द ने कहा सभी छात्रों को समान ज्ञान और मूल्य प्राप्त हो।

जिससे आर्थिक स्थिति से परे हर बच्चा समान शिक्षा प्राप्त कर सके।

भारतीय संस्कृति, भाषा, और नैतिक मूल्यों पर आधारित शिक्षा से समाज फिर से आत्मनिर्भर और समरस बन सकेगा।

गौरव मिश्र ने कहा यदि कक्षा 10वीं तक सरकारी और निजी विद्यालयों में समान पाठ्यक्रम और समान फीस होगी, तो माता-पिता सरकारी विद्यालयों में बच्चों को पढ़ाने के लिए प्रेरित होंगे। इससे शिक्षा का निजीकरण रुकेगा, सरकारी संसाधनों का सदुपयोग होगा, और समाज में शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य पुनः स्थापित होगा। ÷एक देश, एक बोर्ड, एक फीस, एक पाठ्यक्रम÷ केवल एक नारा नहीं, बल्कि यह शैक्षणिक समानता, सामाजिक समरसता, और सांस्कृतिक पुनर्जागरण की नींव है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से, सतीश पाण्डेय, उपेंद्र सिंह, रमाकान्त पाण्डेय, प्रियंवदा मिश्र, हरीशचन्द्र चौबे, चंद्र देव पटेल, अजय मिश्र, विनोद वेणवंशी, अमित सिंह, विपिन सिंह, सोनू गोंड, पंचम गुप्ता, विनीत दुबे, शुभम् पाण्डेय सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# विंध्याचल में बदली व्यवस्था, पंकज द्विवेदी पुनः अध्यक्ष के रूप में कार्य करेंगे

●कार्यवाहक अध्यक्ष चुने जाने पर लिखित शिकायत कर कायदे कानून से विपरीत बताया था नगर मजिस्ट्रेट



**स्वतंत्र प्रभात**

**विंध्याचल।** मां विंध्यवासिनी देवी धाम में व्यवस्था को बनाये रखने के लिए कार्यवाहक अध्यक्ष पर अवनीश मिश्रा की तैनाती आदेश को वापस ले लिया गया। इसी के साथ नियुक्त अवनीश मिश्रा को मिला दायित्व खत्म हो गया। यह निर्णय श्रीविंध्य पंडा समाज की बैठक में लिया गया। अब पूर्ववत पंकज द्विवेदी अध्यक्ष के रुप में कार्य करेंगे। पत्रकार वार्ता कर समाज के अध्यक्ष पंकज द्विवेदी ने बताया कि अवनीश मिश्रा को कार्यवाहक अध्यक्ष बनाये जाने पर विंध्य विकास परिषद के पदेन सचिव नगर मजिस्ट्रेट विनीत उपाध्याय ने आपत्ति जताया था। इसे उन्होंने नियमावली के विपरीत होने की बात करते हुए लिखित आपत्ति दर्ज कराया था। 1 जुलाई को अनीश मिश्रा को दायित्व सौपा गया था । 2 जुलाई को पुनः बैठक की गई, जिसमें पंडा समाज के लोगों के द्वारा अवनीश मिश्रा के प्रति सहमति जताया गया।

जिला प्रशासन के साथ 3 जुलाई को विंध्य विकास परिषद की पदेन अध्यक्ष जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन, उपाध्यक्ष एसपी सोमेन बर्मा एवं सचिव नगर मजिस्ट्रेट विनीत उपाध्याय के साथ व्यवस्थापिका समिति की बैठक की गई, जिसमें कार्यवाहक अध्यक्ष की तैनाती पर विचार विमर्श किया गया। इसे कायदे कानून के विपरीत बताया गया । इसके अलावा तमाम बिंदुओं पर चर्चा की गई। जिला प्रशासन से वार्ता के बाद श्रीविंध्य पंडा समाज की बैठक 6 जुलाई को हुई, जिसमें चर्चा के बाद कार्यवाहक अध्यक्ष के पद को समाप्त करने का निर्णय लिया गया।

निर्णय सम्बन्धित पत्र जिलाधिकारी को प्रेषित कर उन्हें कार्यवाहक अध्यक्ष का पद समाप्त किए जाने की जानकारी दी गई है। विंध्याचल धाम में व्यवस्था की कमान चयनित अध्यक्ष के द्वारा पूर्ववत किया जाएगा।

# थाना थरवई पुलिस टीम द्वारा 03 वांछित अभियुक्त 01 बाल अपचारी को अभिरक्षा में लिया गया

●कब्जे से लूट का कुल 6678/-रूपये, 01 आटोमेटिक टिकट मशीन व अन्य सामान तथा घटना में प्रयुक्त 01 मोटरसाइकिल बरामद।




**स्वतंत्र प्रभात**

**प्रयागराज।** पुलिस आयुक्तव अपर पुलिस आयुक्त के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थरवई के कुशल नेतृत्व में थाना थरवई पर पंजीकृत मु0अ0सं0-186/25 धारा-309(6) भा0न्या0सं0 से सम्बन्धित वांछित 03 अभियुक्त 1. संजय कुमार उर्फ सौरभ कुमार पुत्र रामलखन 2. सचिन कुमार पुत्र रामलखन निवासीगण ग्राम सन्दलपुर मलेथुआ थाना फूलपुर कमिश्नरेट प्रयागराज 3. धीरज पटेल पुत्र स्व0 विजय बहादुर पटेल निवासी ग्राम गुलचपा चांदोपारा थाना फूलपुर कमिश्नरेट प्रयागराज को थाना थरवई पुलिस टीम द्वारा आज दिनांक-08.07.2025 को थाना थरवई क्षेत्रान्तर्गत ग्राम बेरूई स्थित आंवले के बाग के पास से गिरफ्तार किया गया व 01 बाल अपचारी को पुलिस अभिरक्षा में लिया गया तथा कब्जे से लूट का कुल 6678/-रूपये, 01 आटोमेटिक टिकट मशीन (रोडवेज की), 08 टिकट मशीन कार्टिज पेपर रोल, 05 मैनुअल टिकट, 01 अब्स्ट्रैक्ट फार्म रोडवेज व घटना में प्रयुक्त 01 मोटरसाइकिल वाहन सं0-P 70 AE 1320 बरामद किया गया । उक्त गिरफ्तारी/बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा-317(2) भा0न्या0सं0 की बढ़ोत्तरी कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी । उल्लेखनीय है कि दिनांक-06.07.2025 को गिरफ्तार उपरोक्त अभियुक्तों द्वारा थाना थरवई क्षेत्रान्तर्गत रूदापुर स्थित दिव्य गोकुल ढाबा के पास रोडवेज बस सं0-P 78 KT 8145 के परिचालक अशोक कुमार पाण्डेय पुत्र स्व0 राम नयन पाण्डेय निवासी ग्राम गोपलापुर थाना सिकरीगंज जनपद गोरखपुर से टिकट के पैसे के लेन-देन एवं बस को रोकने को लेकर विवाद किया गया था तथा अपने 01 अन्य साथी को मोटरसाइकिल से बुलाकर परिचालक अशोक कुमार पाण्डेय उपरोक्त से मार-पीट करते हुए कैशबैग जिसमें सवारी किराया का करीब 9000/-रूपये एवं टिकट काटने की ATM मशीन, टिकट, मार्ग पत्र आदि छीन लिया गया था, जिसके सम्बन्ध में थाना थरवई पर मु0अ0सं0-186/2025 उपरोक्त पंजीकृत किया गया ।

# प्रबन्ध निदेशक रोडवेज ने डीएम के साथ भदोही बस स्टेशन का किया स्थलीय निरीक्षण

●रोडवेज बसों के संचालन से जल्द ही गुलजार होगा भदोही बस स्टेशन-प्रबन्ध निदेशक

निर्माणाधीन ज्ञानुपर बस स्टेशन, औराई, भदोही सहित मुशीलाटपुर में प्रस्तावित बस डिपो की भी प्रबन्ध निदेशक ने ली अद्यतन जानकारी

**स्वतंत्र प्रभात**



**भदोही :-** प्रबन्ध निदेशक यूपीएसआरटीसी मासूम अली सरवर ने जिलाधिकारी शैलेष कुमार के साथ भदोही बस स्टेशन का स्थलीय निरीक्षण कर सम्बन्धित अधिकारियों को त्वरित कुशल संचालन हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने निर्माणाधीन ज्ञानपुर बस स्टेशन, औराई बस स्टेशन व मुशीलाटपुर में प्रस्तावित बस डिपो के अद्यतन स्थिति की जानकारी लेकर कुशलतापूर्वक क्रियान्वयन व संचालन पर बल दिया। उ0प्र0 राज्य सड़क परिवहन निगम वाराणसी क्षेत्र के अन्तर्गत भदोही अहमदपुर फुलवरिया बस स्टेशन का औचक निरीक्षण किया। वीरान पड़े भदोही बस स्टेशन की बदहाली को देखकर प्रबन्ध निदेशक ने उपस्थित एसआरएम, एआरएम को कड़ी फटकार लगाते हुए अविलम्ब कुशलता पूर्वक संचालन हेतु निर्देशित किया।

बस स्टेशन भवन के अन्दर जाकर आफिस, शौचालय इत्यादि कक्षों का निरीक्षण करते हुए उनके अक्रियाशीलता पर संचालकों को डाट लगाई। उन्होंने उपस्थित रोडवेज अधिकारियों को सख्त निर्देश दिया कि भदोही बस स्टेशन क्षेत्र के अन्तर्गत चलायमान सभी बसों को नियमानुसार बस स्टेशन के अन्दर लाते हुए कुशल संचालन पर बल दे। प्रबन्ध निदेशक ने कुछ दिन पूर्व ही मा0 जनप्रतिनिधियों द्वारा शिलायांस ज्ञानपुर बस स्टेशन के प्रगति कार्यो के बारे में जानकारी दी। कार्यदायी संस्था यूपीपीसीएल द्वारा पुराने स्टैक्चर को अविलम्ब ध्वस्तिकरण करते हुए निर्माणाधीन कार्यो में प्रगति लाने का निर्देश दिया। औराई बस स्टेशन के कुशलता पूर्वक पर भी उन्होंने बल दिया। हाल ही में मुशीलाटपुर में प्रस्तावित बस डिपो के प्रगति सम्बन्धित फाईलों की स्थिति की जानकारी लेते हुए तत्काल कार्य शुरू कराये जाने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने जनपद के तीनों बस स्टेशनों के कुशलतापूर्वक संचालन व जनपद के दूर-दराज व सीमांत क्षेत्रों में भी बस चलाये जाने की आवश्यकता से परिचित कराया।

## दो किलो गांजे के साथ दो तस्कर पकड़े

**अलीगढ़।** थाना कोतवाली नगर पुलिस टीम ने दो शातिर गिरफ्तार कर उनके कब्जे से दो किलो दो सौ ग्राम अवैध नशीला पदार्थ गाँजा बरामद किया है। थाना कोतवाली नगर पुलिस टीम ने दो शातिर गांजा तस्कर राजेश पुत्र गंगा प्रसाद निवासी सब्जी मण्डी सराय काबा थाना कोतवाली नगर,कालू पुत्र लालाराम निवासी शौचालय के पीछे सराय काबा थाना कोतवाली नगर को मय दो किलो दो सौ ग्राम अवैध नशीला पदार्थ गांजा सहित स्टेडियम के सामने सीएल रोड से गिरफ्तार किया है । बरामदगी व गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना कोतवाली नगर पर एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकद्दमा पंजीकृत किया गया है।

## संक्षिप्त खबरें

### प्रयागराज में दो व्यक्तियों पर 17 करोड़ की कर धोखाधड़ी का आरोप



**प्रयागराज।** कथित तौर पर, दोनों ने फ़र्जी कंपनियाँ चलाई और अपने जीएसटी पंजीकरण दस्तावेज़ों के साथ फ़र्जी बिजली बिल जमा किए। धोखाधड़ी का पता तब चला जब पिछले सप्ताह एसजीएसटी अधिकारियों द्वारा फर्मों के वित्तीय रिकॉर्ड की जाँच की जा रही थी। अधिकारियों ने बताया कि आरोपी विशाल कुमार जायसवाल और मोहम्मद मोहसिन पर सोमवार को नैनी और झूंसी पुलिस थानों में धोखाधड़ी के अलग-अलग मामले दर्ज किए गए। एसजीएसटी के सहायक आयुक्त राजेंद्र सिंह यादव ने नैनी स्थित विकास एंटरप्राइजेज के मालिक जायसवाल के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी।

एफआईआर के अनुसार, विकास ने 30 जुलाई, 2024 की तारीख वाले अपने जीएसटी दस्तावेजों में दावा किया था कि उनकी कंपनी हार्डवेयर, स्टील और लोहे के व्यापार में काम करती है। विकास ने बिल के माध्यम से 6,982.67 लाख रुपये की बाहरी आपूर्ति दिखाई। अपनी जाँच के दौरान, एसजीएसटी अधिकारियों ने पाया कि उल्लिखित पते पर ऐसी कोई फर्म मौजूद नहीं है। यह पाया गया कि जमा किया गया बिजली बिल जाली था। एफआईआर में कहा गया है कि जायसवाल ने माल का परिवहन किए बिना 1,254.47 करोड़ रुपए दिखाया।

### तीन नशेड़ियों ने सड़क पर मचाया उत्पात

**अलीगढ़।** थाना क्वार्सी क्षेत्र के रामघाट रोड पर तीन युवकों में जमकर मारपीट हो गई। एक दूसरे के कपड़े फाड़ने के साथ ईट पत्थर फेंके। युवकों ने जमकर उत्पात किया,जिसके कारण घटना से राहगीरों सहम गए। सड़क के दोनों तरफ दूर दूर लोगों ने अपने वाहन खड़े कर दिये। तीनों ही युवक कोई नशे में धुत्त थे। ये घटनाक्रम काफी देर तक चलता रहा। कुछ सभ्रांत लोगों ने तीनों युवकों को समझाया कर अपने अपने घरों को भेज दिया। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

रामघाट रोड स्थित अतरौली अड्डा के पास सोमवार रात्रि करीब 3 बजे युवकों में किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और दोंनो पक्षो में जमकर मारपीट हो गई। एक दूसरे पर सड़क से पत्थर उठाकर फेंके। कपड़े तक फाड़ दिए। युवको का उत्पात काफी देर तक चला । सड़क पर वाहन खड़े हो गए। कुछ राहगीरों ने मारपीट कर रहे युवकों को समझाने का भी प्रयास किया। लेकिन वे नहीं माने। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है दोनो तरफ से मारपीट इतनी हुई कि युवकों के खून निकल आया। तभी कुछ सभ्रांत लोगों ने युवको को शांत कराने का प्रयास किया। जिसके बाद तीनों युवक अपने अपने घरो की तरफ चले गए। लोगों का कहना है कि युवक किसी तरह का नशा किये हुए थे। मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। उधर, पुलिस का कहना चश्मा तोड़ने को लेकर विवाद हुआ था। एक युवक का युवक का मेडिकोलीगल कराया है। मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

### शातिर अपराधियों पर हो गैंगस्टर की कार्यवाही: अमृत जैन

**अलीगढ़।** एसपी देहात अमृत जैन द्वारा थाना गोधा का औचक निरीक्षण किया गया । जिसमें थाना कार्यालय, थाना कार्यालय के अभिलेखों व मालखाना, हवालात, सीसीटीएनएस कक्ष, सीसीटीवी कैमरों को चैक किया गया। अभिलेखों को अद्यावधिक करने, बेहतर जनसुनवाई कर प्रार्थना पत्रों का गुणवत्तापूर्ण त्वरित निस्तारण करने एवं अपराध की रोकथाम व अपराधियों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही करने हेतु सभी सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये । एसपी देहात ने थाना प्रभारी को जनता की शिकायतों को सुनकर गुणवत्तापूर्ण शीघ्र विधिक निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया। तथा जघन्य अपराधों में संलिप्त अपराधियों के विरुद्ध गैंगस्टर व गुण्डा एक्ट की कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया । उन्होंने महिला हेल्प डेस्क पर महिला पुलिस कर्मियों को फरियादियों से अच्छे व्यवहार करने व उनकी समस्याओं को सुनकर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु दिशा निर्देश दिये गये। एसपी देहात ने पुरुस्कार घोषित अपराधियों के विरुद्ध कार्यवाही तथा हिस्ट्रीशीटर अपराधियों की गतिविधियों पर विशेष निगरानी की जायें । लंबित विवेचना को गुणवत्तापूर्ण त्वरित निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया ।

# पुलिस आयुक्त बायआगामी श्रावण मास एवं कानून-व्यवस्था के सम्बन्ध में आयोजित की गोष्ठी, दिया व्यापक दिशा निर्देश

स्वतंत्र प्रभात



**प्रयागराज** – पुलिस आयुक्त प्रयागराज जोगेन्द्र कुमार द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन्स त्रिवेणी सभागार में अपर पुलिस आयुक्त कानून-व्यवस्था व अपर पुलिस आयुक्त मुख्यालय के साथ आगामी श्रावण मास एवं कानून-व्यवस्था के सम्बन्ध में गोष्ठी आयोजित कर निम्न दिशा-निर्देश दिये गये। आगामी श्रावण मास में कांवड़ियों के सुगम यातायात एवं सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि अपने-अपने क्षेत्रों में बैरिकेडिंग लगवाना सुनिश्चित करें। थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि उनके थाना क्षेत्र में कांवड़ियों के मार्ग में पड़ने वाले ढ़ाबे, जलपान गृह एवं अन्य प्रमुख स्थानों पर 50 (पचास) सीसीटीवी कैमरे लगवाये जाये जिससे कि सतर्क दृष्टि रखी जा सकेकांवड़ियों के मार्गो में आवश्यकतानुसार पुलिसबल एवं 112 के वाहनों की तैनाती की जाये एवं समय-समय पर उच्चाधिकारीगण द्वारा उनकी चेकिंग सुनिश्चित की जाये।कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ किये जाने एवं अपराध नियंत्रण के उद्देश्य से प्रमुख मार्गो एवं भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर प्रभावी गश्त एवं चेकिंग किये जाने हेतु थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया।महिला सम्बन्धी अपराधों पर तत्काल कार्रवाई की जाये तथा पीड़ित महिला की शिकायत को उच्च प्राथमिकता प्रदान कर उनकी समस्या का समाधान किया जाये ।

जनसुनवाई पर विशेष ध्यान देते हुए पुलिस आयुक्त द्वारा निर्देशित किया गया कि जनमानस से प्राप्त होने वाली जनशिकायतों व आई0जी0आर0एस0 को गंभीरता से लिया जाये एवं प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाये। टोल फ्री नम्बर-1090, डायल-112, सोशल मीडिया आदि माध्यमों से प्राप्त शिकायतों को उच्च प्राथमिकता देते हुए गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराया जाये। हिस्ट्रीशीटर (HS) अपराधियों/अन्य सक्रिय अपराधियों की सूची अपडेट कर नियमित सत्यापन एवं निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये । लूट, चैन स्नैचिंग, जुआं, सट्टा, सूदखोरी जैसे मामलों पर प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जाए व इससे सम्बन्धित लम्बित प्रकरणों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण किया जाये। भू-माफिया व खनन माफियाओं पर के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। लम्बित विवेचनाओं को प्राथमिकता देते हुए समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया। उक्त गोष्ठी में समस्त पुलिस उपायुक्त, समस्त सहायक पुलिस आयुक्त व थाना प्रभारियों तथा अन्य पुलिस अधिकारी/कर्मचारीगण द्वारा प्रतिभाग किया गया ।

# गुलशन यादव की गिरफ्तारी राशि दो गुणी की गई, एक वर्ष से फरार चल रहे

● सूचना देने वाले को 50हजार रुपए इनाम मिलेगा।

स्वतंत्र प्रभात



**प्रयागराज।** समाजवादी पार्टी के पदाधिकारी गुलशन यादव की गिरफ्तारी में मदद करने वाली सूचना देने वाले को पुलिस ने नकद इनाम की राशि दोगुनी कर दी है। यह राशि 25,000 रुपये से बढ़ाकर 50,000 रुपये कर दी गई है। यादव पर हत्या, हत्या का प्रयास, जबरन वसूली और गै तहत उल्लंघन समेत 50 से अधिक गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। वह एक साल से अधिक समय से फरार है और अधिकारियों ने गैंगस्टर एक्ट के तहत उससे जुड़ी 7.15 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त कर ली है। कुंडा थाने के इंस्पेक्टर अवन कुमार दीक्षित ने बातचीत में बताया कि प्रयागराज रेंज के पुलिस महानिरीक्षक ने यादव पर नकद इनाम की राशि 25,000 रुपये से बढ़ाकर 50,000 रुपये कर दी है। उन्होंने कहा कि यादव की गिरफ्तारी सुनिश्चित करने के लिए दो विशेष टीमें गठित की गई हैं।

पुलिस ने जनता से यादव के ठिकाने के बारे में जानकारी देने की अपील की है, तथा उसके खिलाफ लंबित 50 से अधिक आपराधिक मामलों की गंभीरता पर प्रकाश डाला है। यादव के जटिल इतिहास में कुंडा विधायक राजा भैया का प्रमुख सहयोगी होना और बाद में राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी बनना शामिल है। उन्होंने 2022 के विधानसभा चुनाव में प्रतापगढ़ की कुंडा विधानसभा सीट से राजा भैया के खिलाफ चुनाव भी लड़ा था, लेकिन हार गए थे। यूपी गैंगस्टर एक्ट की धारा 2/3 के तहत कार्यवाही के तहत अधिकारियों द्वारा सपा पदाधिकारी की 7 करोड़ रुपये की संपत्ति पहले ही कुर्क की जा चुकी है। मौदरा (मानिकपुर) निवासी यादव का 1998 से आपराधिक मामलों का लंबा इतिहास है। पहला मामला 1998 में कुंडा थाने में दर्ज हुआ था। उसके खिलाफ कुल 53 मामले लंबित हैं, जिनमें से 52 प्रतापगढ़ जिले के विभिन्न थानों में और एक प्रयागराज के सोरांव थाने में दर्ज है।

# मोदी सरकार अमीरों को और अमीर बना रही है और आम निवेशकों को बर्बादी

● शेयर बाजार में उथल-पुथल पर राहुल गांधी का निशाना।

स्वतंत्र प्रभात

**प्रयागराज।** शेयर इंडेक्स में कथिक रूप से हेराफेरी करने के मामले में मार्केट रेगुलेटर भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) की कार्रवाई के बाद लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने केंद्र सरकार को घेरा है। राहुल गांधी ने ङ्ग (Twitter) पर लिखा कि मोदी सरकार अमीरों को और अमीर बना रही है और आम निवेशकों को बर्बादी की कगार पर धकेल दिया है। बता दें कि हाल ही में मार्केट रेगुलेटर ने अमेरिकी ट्रेडिंग कंपनी जेन स्ट्रीट पर हेराफेरी मामले में प्रतिबंध लगाया है ।

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने अपनी 24 सितंबर 2024 की एक पोस्ट को री-पोस्ट करते हुए X (Twitter) पर लिखा, 'मैंने 2024 में साफ कहा था - F&O बाज़ार 'बड़े खिलाड़ियों' का खेल बन चुका है, और छोटे निवेशकों की जेब लगातार कट रही है। अब SEBI खुद मान रहा है कि Jane Street ने हजारों करोड़ की हेराफेरी की।' मैंने 2024 में साफ कहा था - F&O बाज़ार 'बड़े खिलाड़ियों 'का खेल बन चुका है, और छोटे निवेशकों की जेब लगातार कट रही है।अब सेबी खुद मान रहा है कि जेन स्ट्रीट ने हज़ारों करोड़ की हेराफेरी की।सेबी इतने समय तक चुप क्यों रही?मोदी सरकार किसके इशारे पर आंखें मूंदे बैठी थी? उन्होंने ङ्ग पर आगे लिखा, 'SEBI इतने समय तक चुप क्यों रही? मोदी सरकार किसके इशारे पर आंखें मूंदे बैठी थी? और कितने बड़े शार्क अब भी रिटेल इन्वेस्टर्स को शॉर्ट कर रहे हैं? हर मामले में साफ दिख रहा है - मोदी सरकार अमीरों को और अमीर बना रही है, और आम निवेशकों को बर्बादी की कगार पर धकेल दिया है।' सेबी ने अमेरिकी 'ट्रेडिंग' कंपनी जेन स्ट्रीट को प्रतिभूति बाजारों से प्रतिबंधित कर दिया है और कंपनी को 4,843.57 करोड़ रुपये के अवैध लाभ को वापस करने का निर्देश दिया है। कंपनी पर सूचकांक विकल्पों में भारी मुनाफा कमाने के लिए समाप्ति के दिनों में सूचकांक स्तर में कथित रूप से हेरफेर करने का आरोप है। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने जेएसआई इन्वेस्टमेंट्स, जेएसआई2 इन्वेस्टमेंट्स प्राइवेट लिमिटेड, जेन स्ट्रीट सिंगापुर प्राइवेट लिमिटेड और जेन स्ट्रीट ग्रुप (जेएस ग्रुप) की जेन स्ट्रीट एशिया ट्रेडिंग (ऑनलाइन कारोबार) को बाजार से प्रतिबंधित कर दिया गया है।

# ट्रंप ने 59 दिनों में 21वीं बार किया मध्यस्थता का दावा, कांग्रेस का सवाल- आखिर प्रधानमंत्री कब चुप्पी तोड़ेंगे?

स्वतंत्र प्रभात

**प्रयागराज।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप लगातार और बार-बार भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध रुकवाने का दावा कर रहे हैं। ट्रंप करीब दो दर्जन बार इस बात को दोहरा चुके हैं कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य संघर्ष को रुकवाया है। इसके लिए उन्होंने दोनों देशों से व्यापार का वादा किया है। ट्रंप ने एक बार फिर यही दावा किया है, जिसके बाद कांग्रेस ने मंगलवार को सवाल किया कि आखिर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस पर अपनी चुप्पी कब तोड़ेंगे ? पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने यह दावा भी किया कि ट्रंप ने 59 दिनों में कम से कम 21वीं बार, भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य संघर्ष रुकवाने के लिए मध्यस्थता का श्रेय स्वयं लिया है।

रमेश ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, "पिछले 59 दिनों में कम से कम 21वीं बार राष्ट्रपति ट्रम्प ने कहा है कि उन्होंने मई में चार दिवसीय भारत-पाकिस्तान युद्ध रुकवाया, युद्ध परमाणु संघर्ष में बदलने वाला था, भारत और पाकिस्तान युद्धविराम पर सहमत हुए क्योंकि अमेरिका के साथ व्यापार का मूलमंत्र उन्होंने ही इस्तेमाल किया था। दूसरे शब्दों में, उनका संदेश था- तुरंत युद्ध रोकें या अमेरिकी बाज़ार (और संभवतः निवेश) खोने की वास्तविक संभावनाओं का सामना करें।" उन्होंने कहा, "राष्ट्रपति ट्रंप ने यह ढिंढोरा तब पीटा जब वह यह भी घोषणा कर रहे थे कि भारत और पाकिस्तान के साथ एक अमेरिकी व्यापार समझौते की घोषणा जल्द ही होने वाली है।"रमेश ने सवाल किया, "नरेन्द्र मोदी इस मुद्दे पर अपनी चुप्पी कब तोड़ेंगे जिन्हें कभी उनके वरिष्ठ सहयोगी घनश्याम तिवाड़ी ने "बीजेपी का ट्रंप काड" कहा था ?"अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप ने कई बार यह दावा किया है कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच बीते मई महीने में सैन्य संघर्ष को व्यापार समझौते के जरिए सुलझाया।दूसरी तरफ भारत का कहना है कि पाकिस्तान के सैन्य अभियान महानिदेशक (डीजीएमओ) के संपर्क किए जाने के बाद सैन्य कार्रवाई रोकने पर विचार किया गया।

## 26 ग्राम मिठाई कम तोलने पर भारी जुर्माना

**अलीगढ़।** उपभोक्ता अधिकारों के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण निर्णय सामने आया जब खंदौली (हाथरस) स्थित जय शिव मिष्ठान भंडार पर 500 ग्राम घेवर की खरीद में 26 ग्राम मिठाई कम तोलने के मामले में 20 हजार रूपये का जुर्माना वसूला गया। यह कार्रवाई माधव सारस्वत (निवासी दृ चौधाना, खैर, अलीगढ़) की शिकायत पर हुई, जिन्होंने पूर्व में उक्त दुकान से 1 किलोग्राम बर्फी खरीदने पर डिब्बे का वजन भी शामिल कर अधिक मूल्य वसूली की शिकायत दर्ज की थी। प्रारंभिक रूप से सूचना के अधिकार के माध्यम से जानकारी मांगी गई, लेकिन संतोषजनक उत्तर न मिलने पर प्रथम अपील प्रस्तुत की गई। इसके पश्चात विधिक माप विज्ञान (बाट माप) विभाग सक्रिय हुआ और जांच उपरांत घेवर के वजन में कमी पाए जाने पर उपरोक्त आर्थिक दंड लगाया गया। उक्त प्रकरण में उपभोक्ता की विधिक पैरवी नीरज कुमार भारद्वाज, अधिवक्ता दृ जिला एवं सत्र न्यायालय, अलीगढ़ एवं दिल्ली हाईकोर्ट द्वारा की गई। यह निर्णय उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों के प्रति सजग रहने और उचित विधिक माध्यम अपनाने हेतु प्रेरित करता है।

# वृहद वृक्षारोपण महाअभियान का आयोजन 09 जुलाई को

● मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में वृक्षारोपण की तैयारियों के सम्बंध में जिला वृक्षारोपण समिति की बैठक।

स्वतंत्र प्रभात



**प्रयागराज** – मुख्य विकास अधिकारी हर्षिका सिंह की अध्यक्षता एवं प्रभागीय वनाधिकारी अरविंद यादव की उपस्थिति में सोमवार को संगम सभागार में वृक्षारोपण की तैयारियों के सम्बंध में जिला वृक्षारोपण समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने 09 जुलाई को होने वाले वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम हेतु की गयी तैयारियों के सम्बन्ध में उपस्थित सभी अधिकारियों से उनके द्वारा वृक्षारोपण हेतु चिन्हित स्थलों, चिन्हित स्थल की एरिया, वृक्षारोपण हेतु लक्ष्य के सापेक्ष खोदे गये गड्ढ़ों की संख्या, प्रत्येक चिन्हित स्थल पर कितना वृक्षारोपण होगा, इन्डेंट जनरेशन, पौधो की उठान आदि के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त करते हुए वृक्षारोपण हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए है। उन्होंने सभी सम्बंधित अधिकारियों को इंडेंट जनरेशन का कार्य व पेड़ो की उठान समय से सुनिश्चित किए जाने के लिए निर्देशित किया है। मुख्य विकास अधिकारी ने बैठक में उपस्थित अधिकारियों से पौधरोपण के बारे में विस्तार से जानकारी लेते हुए उन विभागों को जिनके लक्ष्य में वृद्धि हुई है, उन्हें संशोधित लक्ष्य के अनुसार वृक्षारोपण की तैयारी हेतु आज ही कार्ययोजना बनाते हुए लक्ष्य को निर्धारित समयसीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए है। उन्होंने सभी सम्बंधित अधिकारियों से पेड़ों की उठान की जानकारी लेते हुए जितने पेड़ों की उठान अभी शेष है, उनकी शीघ्र उठान कराये जाने के लिए कहा है। उन्होंने 09 जुलाई को होने वाले वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम के तहत ग्राम पंचायतवार, नगर निकायवार रोपित की गयी पौध का एक-एक घण्टे के अंतराल पर स्थलवार संकलित सूचना खण्ड विकास अधिकारी के माध्यम से जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी को उपलब्ध कराये जाने के लिए कहा है।

मुख्य विकास अधिकारी ने रोपित पौधों की शत-प्रतिशत जिओ टैगिंग कराये जाने एवं हरितिमा एप पर अपलोड किया जाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है। उन्होंने उच्च शिक्षा विभाग के अधिकारियों से स्ववित्तपोषित व अशासकीय महाविद्यालयों से समन्वय करते हुए ज्यादा से ज्यादा वृक्षारोपण कराये जाने लिए कहा है। उन्होंने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से विद्यालयों में छात्रों के द्वारा पौधरोपित कराये जाने के साथ ही उसकी देखभाल के लिए उसी छात्र को नामित करने एवं उसकी नेमप्लेट भी लगवाये जाने के लिए कहा है। माध्यमिक विद्यालयों में पाठयेत्तर गतिविधि के तहत छात्रों को पौधरोपण हेतु प्रेरित करने के लिए कहा है। उन्होंने सभी अधिकारियों से वृक्षारोपण महाअभियान के तहत वृक्षारोपण हेतु एक मुख्यस्थल चिन्हित करते हुए वहां पर ज्यादा से ज्यादा वृक्षारोपण कराये जाने एवं वहां पर वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन भी कराने के लिए कहा है। उन्होंने सिंचाई विभाग के अधिकारियों से नहरों एवं वाटर बाडीज के किनारे वृहद स्तर पर वृक्षारोपण कराये जाने के लिए कहा है। बैठक में प्रभागीय वनाधिकारी श्री अरविंद कुमार यादव के द्वारा बताया गया कि प्रदेश में वृक्षारोपण महाअभियान-2025 के तहत पूरे प्रदेश में 09 जुलाई को 37 करोड़ पौधरोपण किए जाने के दृष्टिगत जनपद प्रयागराज के वृक्षारोपण हेतु आवंटित लक्ष्य 73,15,160 में वृद्धि करते हुए लक्ष्य को 77,71,700 कर दिया गया है जिससे कई विभागों के लक्ष्य में वृद्धि हो गयी है। उन्होंने सभी विभागों को उनके नए लक्ष्य से अवगत कराते हुए बताया कि इस बार सम्पूर्ण लक्ष्य को 09 जुलाई को एक साथ पूर्ण किया जायेगा एवं वृक्षारोपण की जिओ टैगिंग करते हुए उसे हरितिमा एप पर अपलोड किया जायेगा एवं लोगो के द्वारा ''एक पेड़ मां के नाम'' अभियान के तहत रोपित पौधो के साथ सेल्फी लेकर ''मेरी लाइफ पोर्टल'' पर भी अपलोड़ किया जाना है। उन्होंने बताया कि वृक्षारोपण महाअभियान की प्रत्येक घण्टे के प्रगति सूचना की रिपोर्टिंग 09 जुलाई को सुबह 06:00 बजे से अपरान्ह 05:00 बजे तक की जायेगी। उन्होंने उपस्थित सभी अधिकारियों को इस कार्य को विभागीय जिम्मेदारी के रूप में नहीं बल्कि महोत्सव के रूप में मनाते हुए ज्यादा से ज्यादा लोगो को वृक्षारोपण हेतु जागरूक करते हुए वृक्षारोपण कराये जाने के लिए कहा है। इस अवसर पर मुख्य राजस्व अधिकारी श्री कुंवर पंकज, परियोजना निदेशक, जिला विकास अधिकारी सहित अन्य सम्बंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# नदियों की सफाई को लेकर अखिलेश ने साधा सरकार पर निशाना कहा- पूरे प्रदेश के वाटर ट्रीटमेंट प्लांट बंद

स्वतंत्र प्रभात

**प्रयागराज।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने नदियों में फैल रहे प्रदूषण को लेकर एक बार फिर सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश के वाटर ट्रीटमेंट प्लांट बंद कर दिए गए है, जिससे नदियों में प्रदूषण लगातार बढ़ता जा रहा है। अखिलेश यादव ने सोमवार पत्रकारों से बातचीत में कहा कि पूरे प्रदेश के वाटर ट्रीटमेंट प्लांट बंद कर दिए गए हैं। नालों का पानी और गंदगी सीधे नदियों में डाली जा रही है। बुंदेलखंड की नदियों को इतना खोद दिया गया कि हर जिले में सड़क पर और खेत के किनारे टीले बने हुए हैं। राजधानी के अकबर नगर के लोगों को उजाड़ दिया गया है। उनकी बुनियादी जरूरतें पर ध्यान नहीं दिया गया। कई लोगों ने आत्महत्या कर ली है। कितने लोग बेरोजगार हो गए हैं। अखिलेश यादव ने कहा कि सरकार नाले में रिवर फ्रंट बनना चाह रही, जो नदियों पर बनता है। समाजवादी पार्टी सरकार के समय रिवर फ्रंच वरुणा नदी पर बनाया जा रहा था। उसे मौजूदा सरकार ने बंद कर दिया। समाजवादी पार्टी सरकार के समय कोशिश की गई थी कोई भी गंदा पानी वरुणा नदी में न जाए। अगर जाए तो ट्रीट होकर जाए। यही चीज गोमती नदी के साथ लागू है। यही हमको-आपको करना पड़ेगा। अगर शहर के बीच कोई नदी है तो उसमें नाले का पानी सीधा न जाए। तभी आने वाले समय में नदियां साफ दिखाई देगी। मथुरा-वृंदावन कॉरिडोर पर भी अखिलेश यादव ने सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि मथुरा-वृंदावन को लेकर जनता कभी माफ नहीं करेगी। सरकार कॉरिडोर बनाने के नाम पर लोगों को उजाड़ रही है। छोटे व्यापारियों को उजाड़ कर बड़े कारोबारियों को कॉरिडोर के नाम पर बसाया जाता है। बीजेपी के आरएसएस साथी जमीनों पर कब्ज़ा कर रहे हैं। पहले कम दाम पर जमीन ली जाती है। फिर ऊंची कीमत पर बेचते हैं। बीजेपी आस्था को व्यापार बना रही है। भाजपा के मुआवजा घोटाले में समाजवादी पार्टी सरकार बनने पर जांच होगी। अखिलेश यादव ने आस्था पर बात करत हुए कहा कि मथुरा की गालिया हमारी आस्था की गालियां हैं। सच्चा रास्ता ही सनातन का रास्ता है। उन्होंने कहा कि सरकार कावंड़ियों को धोखा देने के लिए दुकानों की चेकिंग कराती है। सपा सरकार बनने पर कावड़ियों के लिए कॉरिडोर बनाएंगे और दुकानदारों को भी कोई समस्या नहीं होगी। अखिलेश यादव ने कहा कि गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस घटिया बना है। समाजवादी पार्टी सरकार बनने पर कानपुर मेट्रो उन्नाव तक चलाएंगे और लखनऊ मेट्रो बाराबंकी तक चलाएंगे। समाजवादी पार्टी मुखिया ने कहा कि नितिन गडकरी इतने अच्छे मंत्री हैं। मगर यूपी सरकार में बैठे लोग उनसे कुछ मांग ही नहीं रहे। चंबल एक्सप्रेस-वे आज तक नहीं बन सका। यह एक्सप्रेस-वे जिन राज्यों से गुजरता है, उन सभी में बीजेपी की सरकार है। बीजेपी सरकार अटल जी के गांव में सड़क नहीं बनाना चाहती।

# बिहार में बड़ा हत्याकांड-ःडायन बताकर पूर्णिया में 5 लोगों को जिंदा जलाया, गांव में पसरा सन्नाटा

स्वतंत्र प्रभात

**प्रयागराज।** बिहार के पूर्णिया जिले के टेटगामा गांव में इंसानियत को शर्मसार कर देने वाली घटना सामने आई है। उरांव जाति के पांच लोगों को डायन बताकर पहले बेरहमी से पीटा गया और फिर उन्हें जिंदा जला दिया गया। इस जघन्य कांड में तीन महिलाएं और दो पुरुषों की जान गई है। मामला रजीगंज पंचायत के अंतर्गत मुफ्फसिल थाना क्षेत्र का है। वारदात के बाद गांव में सन्नाटा पसरा हुआ है। लोग अपने-अपने घरों में बंद हो गए हैं। लोगों में दहशत का माहौल है। घटना की जानकारी मिलते ही एसपी, एसडीपीओ और थाना प्रभारी मौके पर पहुंचे और पूरे गांव में सघन तलाशी अभियान शुरू किया गया। बताया जा रहा है कि हत्या के बाद शवों को छुपा दिया गया है, जिन्हें अब डॉग स्क्वाड और स्नस्रुटीम की मदद से खोजा जा रहा है। गांव में पुलिस कैंप कर रही है। पीड़ित परिवार का एकमात्र जीवित सदस्य, 16 वर्षीय लड़का, डर के कारण अपने ननिहाल भाग गया था। उसने बताया कि पूरे गांव की संलिप्तता इस घटना में है और उसने चार मुख्य आरोपियों के नाम भी बताए हैं। पुलिस ने दो आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। प्राथमिक जांच में सामने आया है कि गांव में झाड़फूंक और टोने-टोटके के विवाद को लेकर ही इस घटना को अंजाम दिया गया। गांव का कोई भी व्यक्ति पुलिस को जानकारी देने को तैयार नहीं है, जिससे पुलिस को जांच में कठिनाई हो रही है।

दरअसल गांव के ही रामदेव उरांव के पुत्र की गांव में झारफुक और इलाज के दौरान तीन दिन पहले मौत हो गई और दूसरे बच्चे की भी तबीयत बिगड़ रही थी । गांव के लोगो ने मौत की वजह डायन को बताया और डायन के आरोप में एक ही परिवार के पांच लोगों की निर्मम हत्या कर दी गई । मरने वालों में बाबूलाल उरांव , सीता देवी ,मनजीत उरांव ,रनिया देवी और तपतो मोसमत शामिल है। यह सब एक ही परिवार के हैं। घटना के बाद इलाके में दहशत व्याप्त है । गांव के लोग घर छोड़कर चले गए हैं । वहीं मौके पर पुलिस गश्त कर रही है और डॉग स्क्वायड एवं एफएलसी की टीम पहुंचकर जांच कर रही है । इस मामले में नकुल कुमार की पुलिस ने गिरफ्तारी की है । जिस पर आरोप है कि उसने जिंदा जलाने के लिए उकसाने का काम किया । मृतक के एक मात्र वारिश ललित ने बताया कि पूरे परिवार को पीट पीट कर जिंदा जला दिया और डायन का आरोप लगाया । किसी तरह हम जान बचाकर वहां से भाग निकले । ललित ने बताया कि जलाकर सबको पानी में फेंक दिया ।

# पहले दुष्कर्म उसके बाद किया निकाह

स्वतंत्र प्रभात

**अलीगढ़।** थाना रोरावर क्षेत्र के अलहदादपुर नीवरी निवासी एक किशोरी ने अपने मामा के बेटे पर दुष्कर्म का आरोप लगाते हुए उससे जबरन निकाह करने का आरोप लगाया है। किशोरी ने बताया कि एक माह तक उसे आरोपियों ने अपने मकान में बंधक बनाकर रखा किसी तरह वहां से भाग अपने दूसरे मामा के पास पहुंची। जानकारी होने पर आरोपी युवक अपने परिवार सहित घर से ताला लगाकर फरार हो गया है। पीड़ित ने थाने में तहरीर दी है। पुलिस ने मामले तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है। बताते चलें कि नीवरी निवासी एक 16 वर्षीय किशोरी सोमवार को थाना रोरावर पहुंची। उसने बताया कि उसके पिता का काफी समय पहले इंतकाल हो गया था। करीब दो माह पहले उसके सगे मामा के बेटे रिहान ने उसके साथ दुष्कर्म किया। जब उसने यह जानकारी अपनी नानी और मामा को दी तो उन्होंने थाने में शिकायत कराने की जगह जबरन आरोपी से उसकी निकाह करा दिया। किशोरी ने बताया कि उसके मामा और उसके आरोपी बेटे ने उसको अपने जबरन रखा। जैसे तैसे किशोरी वहां से भागकर अपने दूसरे मामा के पास पहुंची तो आरोपी युवक परिवार सहित घर से ताला लगाकर भाग गया। किशोरी सोमवार को अपने दूसरे मामा और अन्य ग्रामीणों के साथ कोतवाली रोरावर पहुंची और पूरे मामले की तहरीर देते हुए मुकदमा पंजीकृत कराने की मांग की। कोतवाल शिव शंकर गुप्ता ने बताया कि तहरीर मिली है, मामले की गंभीरता से जांच करके आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## संक्षिप्त खबरें

### शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण तरीके से मोहर्रम सम्पन्न होने पर कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी ने पुलिस प्रशासन व कमिटी के लोगों का जताया आभार



**बरही-** बरही में मोहर्रम का त्योहार शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाया गया। इस अवसर पर बरही कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी ने बरही पुलिस प्रशासन और मोहर्रम कमिटी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह मोहर्रम का त्योहार विशेष रूप से इस साल समाजिक एकता और भाईचारे का प्रतीक बना है और प्रशासन तथा कमिटी के सहयोग से इस पर्व को पूरी तरह से शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न किया गया। अब्दुल मनान वारसी ने कहा कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मोहर्रम का त्योहार एकता, शांति और भाईचारे के माहौल में मनाया जाए। मुझे खुशी है कि यह उद्देश्य पूरा हुआ। इस उपलब्धि के पीछे बरही पुलिस प्रशासन और मोहर्रम कमिटी का कड़ा प्रयास और समर्पण था, जिसके लिए मैं उनका धन्यवाद करता हूँ। उन्होंने आगे कहा कि इस त्योहार के दौरान सभी समुदायों ने मिलकर सौहार्दपूर्ण माहौल को बढ़ावा दिया। कहा कि इस दौरान प्रशासन की ओर से सुरक्षा व्यवस्था की पूरी तैयारी की गई थी ताकि कोई अप्रिय घटना न हो। प्रशासन ने भी अपनी तरफ से त्योहार को सुचारु रूप से सम्पन्न कराने के लिए आवश्यक कदम उठाए। साथ ही मोहर्रम कमिटी ने भी स्थानीय लोगों के बीच शांतिपूर्ण माहौल बनाए रखने में अहम भूमिका निभाई।

### 5 राजस्व संबंधी मामलों को लेकर प्रमंडलीय आयुक्त ने की समीक्षात्मक बैठक



**हज़ारीबाग, झारखंड-** प्रमंडलीय आयुक्त पवन कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को आयुक्त कार्यालय, हजारीबाग में उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल के अंतर्गत आने वाले सभी जिलों के उपायुक्तों के साथ राजस्व संबंधी विषयों पर समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में भूमि हस्तांतरण, भूमि अधिग्रहण, बंदोबस्ती, लीज, दाखिल-खारिज एवं अन्य राजस्व मामलों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। आयुक्त ने जिलेवार लंबित प्रकरणों की स्थिति का अवलोकन करते हुए संबंधित उपायुक्तों को निर्देशित किया कि सभी लंबित मामलों का निष्पादन निर्धारित समयसीमा के भीतर सुनिश्चित किया जाए।आयुक्त ने कहा कि राजस्व मामलों का निष्पादन आम जनता से सीधे जुड़ा विषय है इसलिए मामलों का निष्पादन ससमय करना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि मामलों के निष्पादन में पारदर्शिता एवं संवेदनशीलता बरती जाए तथा सभी कार्य निर्धारित प्रक्रिया के तहत ही पूर्ण हों। बैठक में आयुक्त पवन कुमार के अलावे हजारीबाग उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह, धनबाद उपायुक्त आदित्य रंजन, रामगढ़ उपायुक्त फैज अक अहमद मुमताज, चतरा उपायुक्त कीर्तिश्री जी, कोडरमा उपायुक्त ऋतुराज, प्रशिक्षु आईएएस आनंद शर्मा सहित संबंधित वरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### रोलर स्केटिंग में डीएवी सीनियर विंग, कैनरी हिल हजारीबाग को ओवर ऑल रनर अप का खिताब मिला



**हजारीबाग, झारखंड-** स्थानीय डीएवी पब्लिक स्कूल सीनियर विंग कैनरी हिल हजारीबाग की स्केटिंग टीम ने डीएवी उरीमारी में आयोजित क्लस्टर लेवल गेम्स एंड स्पोर्ट्स के तत्वाधान में स्केटिंग की प्रतियोगिता में अपने शानदार प्रदर्शन के बल पर ओवरऑल रनरअप का खिताब जीता। इस प्रतियोगिता में बच्चों ने कुल 8 गोल्ड मेडल, 7 सिल्वर मेडल और 3 ब्रॉन्ज मेडल जीतकर पूरे प्रतियोगिता के दौरान अपना दबदबा बनाए रखा। इस उपलब्धि पर डीएवी के प्राचार्य डॉ रजनीश कुमार ने सभी बच्चों के साथ साथ इनके एस्कॉर्ट कोच कुणाल गोस्वामी को भी बधाई दी। इस उपलब्धि पर पूरे विद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल है।

# शिव जी की आज्ञा से सहस्रबाहु के बंदीगृह से जब मुक्त कराया परशुराम ने दशानन रावण को

**स्वतंत्र प्रभात**

**पाकुड़िया/पाकुड़/झारखण्ड-** उत्सुकता से प्रतीक्षा कर रहे राम को बड़े ही गंभीर पर आत्मविश्वास भरे दृढ़ शब्दों में अनामिका ने कहा - अब वे नहीं आएंगे राम। कारण जानने की प्रबल उत्कंठा से राम ने पूछा तो अनामिका बोल पड़ी - गुरुजी ने उन्हें आने की अनुमति प्रदान नहीं की। पर कोई चिंता का विषय नहीं है, अन्याय के विरुद्ध मैं तुम्हारे साथ सदैव रहूंगी राम। कांतवीर्य की कठोर तपस्या से प्रसन्न होकर भगवान दत्तात्रेय ने उन्हें वरदान देते हुए सहस्रार्जुन कहा। वे बड़े प्रतापी और चक्रवर्ती सम्राट थे लेकिन भगवान दत्तात्रेय से वरदान पाकर अहंकारी और अत्याचारी होते गए। एक समय सम्राट सहस्रबाहु के चारों राजकुमार शिकार की खोज में वन गए। शिकार न मिलने पर वे कुछ चिंतित हुए और प्यास से कंठ भी सूख रहा था। कुछ दूरी पर उन्होंने एक ऋषि आश्रम देखा। वहां जाने पर ऋषि जग्दमणि ने सभी का स्वागत करते हुए कहा - हम आपकी क्या सेवा कर सकते हैं? तो राजकुमारों ने दर्प भरे शब्दों में कहा - महर्षि, हमारे साथ और भी लोग हैं। भला आप कैसे हम सभी की सेवा और भोजन की व्यवस्था शीघ्रता से कर सकते हैं?

तब ऋषि जग्दमणि बोले - आप लोग बैठ जाइए एवं सभी अपनी इच्छाओं के अनुरूप भोजन की कामना करें। इसी बीच ऋषि ने सुशीला नामक गाय से प्रार्थना की और कहा - माता, इनकी इच्छाएं पूर्ण करें। इतना कहना था कि सुशीला गाय ने उन सभी की इच्छानुसार अत्यंत सुंदर, स्वच्छ एवं स्वादिष्ट भोजन सभी के समक्ष प्रस्तुत कर दिया। स्वादिष्ट और मनभावन भोजन कर सभी संतुष्ट तो हुए लेकिन वे सभी राजकुमार यह देख अत्यधिक विस्मित हुए बिना नहीं रह पाए कि एक गाय भी ऐसा कर सकती है। और उन्होंने राजभवन पहुंचते ही सारी बातें अपने पिता को बताते हुए कहा - वह गाय हमें चाहिए पिता श्री। ऋषि जग्दमणि के आश्रम में शिक्षा ग्रहण कर रहे शिष्यों को ऋषि सभी प्रकार के शिक्षण के साथ अस्त्र-शस्त्रों का प्रशिक्षण भी देते थे लेकिन वे आत्मरक्षा हेतु ही अस्त्र-शस्त्रों के प्रयोग की अनुमति देते थे, प्रतिपक्ष पर आक्रमण के लिए नहीं। इसी विषय को लेकर बड़े पुत्र राम से मतभेद होने के कारण वे आश्रम छोड़कर चले गए। गाय सुशीला को लेकर राजपरिवार से अच्छे संबंध नहीं रहने के कारण यदा-कदा सहस्रबाहु के सैनिक आश्रम पहुंच कर यह स्थान त्यागने की धमकी देते थे। इसी बीच सहस्रबाहु स्वयं आश्रम पहुंचा और ऋषि पत्नी रेणुका से कहा - इसका समाधान हेतु आप राजभवन आइए।

ऋषि के मना करने के बावजूद रेणुका अश्व पर सवार होकर पहुंची राजभवन। लेकिन वहां से वह निकल नहीं पाई क्योंकि सभी द्वार बंद कर दिए गए थे। मदिरा सेवन के बाद सहस्रबाहु अट्टहास करते हुए रेणुका के समीप आ धमका और कहने लगा - तुमसे सुंदर नारी इस धरा पर नहीं है। तुम तो राजभवन की शोभा के लिए बनी हो सुंदरी। वैसे भी तुम राजकन्या हो, तुम्हें वन की कुटिया में रहना शोभा नहीं देता।धर्मपरायण




पतिव्रता रेणुका ने रोषपूर्ण कड़े शब्दों में निर्भीक होकर कहा - अरे दुष्ट नीच, यह तुमने कैसे सोच लिया? मैं एक पति परायण ऋषि पत्नी हूं। यह कहते हुए रेणुका ने खड्ग से उस पर वार किया और राजभवन से निकल गई। तदुपरांत राजा की धर्मपत्नी वहां पहुंच गई और ऐसी घृणित मानसिकता का विरोध करते हुए कहा - पर नारी के साथ ऐसा व्यवहार उचित नहीं है महाराज। रेणुका के राजभवन से वापस न आने से ऋषि जग्दमणि को अधिक चिंता सताने लगी और वे बार-बार बाट जोहते रहे। रात्रि बीत जाने के बाद चौथे प्रहर में रेणुका लौटी लेकिन ऋषि के कटाक्ष भरे शब्दों और शंका भरी दृष्टि से वह अत्यंत दुखी हो गई। कुछ बोलती कि ऋषि पूरे क्रोध एवं आवेश से कठोर शब्दों में बोल पड़े - एक-एक कर सभी पुत्र अपनी माता का सिर धड़ से अलग कर दें। सभी पुत्रों ने करुणा भरे स्वर में पूछा - पर क्यों, पिता श्री? ऋषि बोले - यह मेरा आदेश है। और वे आश्रम के बाहर अकेले बैठ गए। इस बीच शिव जी द्वारा प्रदान किया गया परशु लिए राम आकर ऋषि को प्रणाम किया। वे कुछ कहने को ही थे कि ऋषि ने आवेश में कहा - राम, तुम मुझे वचन दो कि मैं जो कहूं वह करोगे? राम बोले - हां पिता श्री। तब ऋषि ने कहा - कर दो अपनी माता का वध। उधर लालायित रेणुका अपने बड़े बेटे राम से मिलने को व्याकुल थी। यह कैसा संयोग है शंभू, पीड़ा भरा लंबा स्वर सहसा निकल पड़ा परशुराम के मुंह से। माता के प्रति असीम प्रेम और पिता की कठोर आज्ञा के द्वंद्व से राम का हृदय छलनी होता रहा पर पिता की आज्ञा का पालन करते हुए राम ने कहा - गुरुदेव से प्राप्त परशु का प्रयोग मैं अपनी प्रिय माता पर ही कर रहा हूं। और उन्होंने रेणुका का वध कर दिया। यह देख ऋषि अत्यधिक आनंदित हो गए और परशुराम को गले लगाकर बोले - पुत्र, मैं आज तुम पर अति प्रसन्न हूं। मांगो पुत्र, जो मांगोगे मैं दूंगा।

परशुराम ने गंभीरता से कहा - पिता श्री, मैं जो मांगूंगा, क्या आप देंगे? ऋषि बोले - हां, अवश्य दूंगा। तब परशुराम ने कहा - आप मेरी माता को जीवित कर दें। ऋषि झिझके लेकिन वचन निभाते हुए कमंडल से अभिमंत्रित जल रेणुका के सिर व धड़ पर डाला और रेणुका पुनः जीवित हो उठीं। यह देख सभी भावुक और हर्षित हो माता को नमन करने लगे। ऋषि लज्जावश एकांत में चले गए और परशुराम से क्षमा मांगने लगे। परशुराम बोले - पिता श्री, आपको माता ही क्षमा कर सकती हैं। साष्टांग प्रणाम कर परशुराम अपने लक्ष्य की ओर पुनः निकल पड़े।

इस बीच राजकुमार जबरन गाय को ले जाने के लिए आश्रम पहुंचे और जब सबों ने प्रतिकार किया तो वे असफल रहे। इसकी सूचना मिलते ही परशुराम क्रोधित होकर राजभवन गए और गाय को प्रणाम कर कहा - चलो माता, मैं तुम्हें लेने आया हूं। बाद में राजकुमारों ने फिर आश्रम पर हमला किया और परिवार को बुरी तरह पीट कर घायल कर दिया। ऋषि ने आत्मरक्षा की परंतु प्रहार नहीं किया, इसलिए वे बच निकले। परशुराम ने पिता से कहा - शत्रुओं पर प्रहार न करने से ही वे साहसी हुए। ऋषि ने स्वीकार किया - मैंने तुम्हारी सलाह न मानकर भूल की है। फिर परशुराम ने गुरुदेव आशुतोष की आज्ञा से सहस्रबाहु के बंदीगृह से रावण को मुक्त कर गुरु दक्षिणा का अर्धभाग पूर्ण किया। कारागार की रक्षा कर रहे रक्षकों को यमलोक भेज दिया। इसकी सूचना पाकर सहस्रबाहु ने पुनः गाय लेने को सैनिकों सहित आश्रम पर चढ़ाई की। तब ऋषि ने गाय माता से प्रार्थना की - रक्षा करो माता। गाय ने असंख्य सैनिक प्रकट कर दिए और सभी को परास्त किया। जब सैनिक राजा पर जानलेवा आक्रमण करने लगे, सहस्रबाहु ने ऋषि की गर्दन पर खड्ग रख कहा - सैनिकों को रोकिए। ऋषि ने गाय से ऐसा करने को कहा और वह भाग निकला। परशुराम की अनुपस्थिति में चारों राजकुमारों ने आश्रम पर हमला कर ऋषि सहित परिवार की नृशंस हत्या कर दी। प्रतिशोध स्वरूप परशुराम ने सभी राजकुमारों को मारकर सहस्रबाहु को युद्ध की चुनौती दी। रणभूमि में योजना बना सेनाओं को एक-एक कर यमलोक पहुंचाया और अंततः सहस्रबाहु का अंत किया। उल्लेखनीय है, परशुराम भगवान विष्णु के अवतार हैं। त्रेता युग में श्रीराम व परशुराम ने अवतार लेकर अनेक अत्याचारी राजाओं व राक्षसों का अंत कर कल्याण किया। परशुराम ने अत्याचारी क्षत्रियों को 21 बार पराजित कर यमलोक भेजा। जब परशुराम शिव धनुष भंग की घटना से क्रोधित होकर जनक दरबार पहुंचे, तब उन्हें ज्ञात हुआ कि श्रीराम का लोकहित में अवतरण हो चुका है और वे वन को लौट गए।

द्वापर में उनका भीषण युद्ध अपने ही प्रिय शिष्य भीष्म पितामह से हुआ। पशुपतास्त्र के समक्ष पराजय स्वीकार कर गुरु का मान रखने हेतु भीष्म रणक्षेत्र से हट गए। यही था महान गुरू-शिष्य का उदाहरण। भारत की पावन भूमि पर जब तक चक्रवर्ती सम्राटों का शासन रहा, कोई विदेशी आक्रांता भारत को पराजित नहीं कर सका। परंतु सातवीं सदी के बाद, आंतरिक कलह के कारण मुस्लिम और फिर अंग्रेज आक्रांताओं ने भारत को लूटा और सांस्कृतिक मूल्यों को क्षति पहुंचाई। महर्षियों का कथन है - सनातन सांस्कृतिक मूल्यों में निहित है राष्ट्रीयता का भाव, जो भारत राष्ट्र को सशक्त और समृद्ध बनाने की क्षमता रखता है।

## जिला पदाधिकारी की अध्यक्षता में उर्वरक निगरानी समिति की बैठक सम्पन्न, किसानों के हित में त्वरित कार्रवाई के निर्देश

**स्वतंत्र प्रभात**

**गोपालगंज ( बिहार )-** समाहरणालय सभा कक्ष में जिला कृषि विभाग द्वारा उर्वरक निगरानी समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला पदाधिकारी पवन कुमार सिन्हा ने की। इस बैठक में जिले में उर्वरकों की उपलब्धता, उनकी कालाबाजारी पर नियंत्रण, धान की रोपनी की स्थिति तथा संभावित सुखाड़ से निपटने की रणनीति जैसे विषयों पर गंभीर चर्चा की गई।

बैठक की शुरुआत में जिला कृषि पदाधिकारी ललन कुमार सुमन द्वारा पिछली बैठक की कार्रवाई रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। उन्होंने बताया कि जिले में उर्वरक की पॉस मशीन के माध्यम से बिक्री हो रही है एवं अनुज्ञप्ति धारी विक्रेताओं द्वारा उचित मूल्य का डिस्प्ले नहीं करने पर कार्रवाई की गई है। साथ ही, उर्वरक की कालाबाजारी रोकने के लिए संख्यात्मक छापेमारी की जानकारी भी दी गई। उन्होंने कहा कि जिले में वर्तमान में धान की लगभग 25त्न से 30त्न तक रोपनी हो चुकी है, लेकिन निरंतर वर्षा न होने की स्थिति में रोपनी की गति प्रभावित हो रही है।

बैठक में माननीय विधान परिषद सदस्य राजीव कुमार के प्रतिनिधि दुर्गा राय द्वारा फुलवरिया प्रखंड में नहर की सफाई के बाद बहाव में कमी की समस्या को रखा गया और इस पर त्वरित कार्रवाई का आग्रह किया गया। उन्होंने आशंका जताई कि यदि एक





सप्ताह के भीतर पर्याप्त वर्षा नहीं हुई, तो सुखाड़ जैसी स्थिति उत्पन्न हो सकती है, जिससे निपटने हेतु वैकल्पिक योजना तैयार रखने की आवश्यकता है।

इस पर जिला पदाधिकारी श्री सिन्हा ने त्वरित संज्ञान लेते हुए अधिकारियों को निर्देश दिया कि उर्वरक की बिक्री निर्धारित मूल्य पर ही हो तथा बिना अनुज्ञप्ति धारी दुकानों और फर्जी कीटनाशी विक्रेताओं पर कठोर कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि यह बैठक केवल औपचारिकता नहीं है, बल्कि किसानों की समस्याओं का समाधान खोजने का माध्यम है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि यदि किसी विक्रेता द्वारा निर्धारित मूल्य से अधिक दाम पर उर्वरक बेचे जाने की शिकायत मिलती है तो प्रखंड कृषि पदाधिकारी तक पर कार्रवाई की जाएगी।

जिला पदाधिकारी ने किसानों को "ईमानदारी की प्रतिमूर्ति" बताते हुए कहा कि वे विषम परिस्थितियों में भी देश के लिए अन्न उपजाते हैं, ऐसे मेहनतकश लोगों के साथ किसी भी प्रकार की धोखाधड़ी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने हथुआ रेलवे स्टेशन पर उर्वरक रैक निर्धारित करने की अनुमति दी और लघु जल संसाधन विभाग को निर्देश दिया कि नहरों और पईनों की सफाई कर पानी के सुचारू बहाव की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

बैठक के अंत में अपर समाहर्ता सादुल हसन ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी पंचायतों में "किसान चौपाल" का आयोजन कर किसानों को सरकारी योजनाओं, उर्वरकों के दर, और अधिकृत विक्रेताओं की जानकारी दें। साथ ही अवैध दुकानों के खिलाफ छापेमारी कर अवैध बिक्री पर नियंत्रण पाएं। उन्होंने यह भी कहा कि सुखाड़ की स्थिति में वैकल्पिक फसलों की रणनीति तैयार कर किसानों को समय रहते जानकारी दें। बैठक में समिति के संयोजक सदस्य जिला कृषि पदाधिकारी, सभी प्रखंड कृषि पदाधिकारी, माननीय विधान परिषद सदस्य के प्रतिनिधि दुर्गा राय, तथा अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर अधिकारियों ने क्षेत्र में सतत भ्रमणशील रहते हुए किसानों की समस्याओं के समाधान और उनके अधिकारों की रक्षा हेतु पूरी निष्ठा से कार्य करने का संकल्प लिया।

## जदयू0 ने साइकिल रैली निकाल मतदाता सूची पुनरीक्षण के लिए लोगो को किया जागरूक

**स्वतंत्र प्रभात**

**गोपालगंज (बिहार )-** जनता दल यूनाइटेड सिवान द्वारा जिले सभी पंचायतों में सुबह 6 बजे से 8 बजे तक साइकिल रैली निकाल कर मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान 2025 के लिए लोगो को जागरूक किया साइकिल रैली के दौरान संकल्प हमारा टूटे नहीं एक भी मतदाता छूटे नहीं , हर घर हम जायेंगे मतदाता को जगाएंगे के नारो के साथ लोगों को जागरूक किया गया जिस दौरान नगर के गोपालगंज मोड से लेकर बबुनिया मोड तक जिला संगठन प्रभारी प्रमोद कुमार पटेल के नेतृत्व में साइकिल रैली निकाल गया जिस दौरान श्री पटेल ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य में आप सभी अपने फॉर्म भर कर निश्चित रूप से जमा करे किसी के बहकावे में नहीं आए साथ



रघुनाथपुर विधानसभा के हुसैनगंज प्रखण्ड के पकवालिया पंचायत में पार्टी के नेता प्रदेश राजनैतिक सलाहकार समिति के सदस्य विकास कुमार सिंह उर्फ जीशू सिंह के नेतृत्व में साइकिल रैली निकाल मतदाताओं को जागरूक किया गया जिस दौरान जीशू सिंह ने कहा कि हमलोग अपने कार्यकर्ताओं के साथ पूरी तरह जागरूक है मेरा एक ही लक्ष्य है कोई मतदाता छूटे नहीं, उधर जिरादेई विधानसभा के हंसुआ पंचायत में जिलाध्यक्ष चन्द्रकेतु सिंह ने भी साइकिल रैली निकलते हुए कहा कि अपने नेता को पुनः मुख्यमंत्री बनाने के लिए हमें इस काम को पूरी तत्परता से करना है वही गोरेयाकोठी विधानसभा के कर्णपुरा पंचायत में पार्टी के राज्य परिषद सदस्य निकेश चंद्र तिवारी ने भी अपने पंचायतों के लोगो को जागरूक करते हुए जल्द से जल्द इस काम को पूरा करने की बात कही मौके पर जिलाध्यक्ष चन्द्रकेतु सिंह जिला संगठन प्रभारी प्रमोद कुमार पटेल, प्रदेश राजनैतिक सलाहकार समिति के सदस्य विकास कुमार सिंह उर्फ जीशू सिंह, जिला परिषद अध्यक्षा संगीता यादव, पूर्व प्रत्याशी बब्लू चौहान, राज्य परिषद सदस्य निकेश चंद्र तिवारी, जिला प्रवक्ता सुनील कुमार, मीडिया प्रभारी संतोष कुंवर, संतोष बसफोर, नगर अध्यक्ष अमित कुमार, विनोद बसफोर, राहुल सिंह अनुज कुमार सिंह उर्फ चुनू प्रदीप सिंह, राहुल सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

## यूपी में फेक आईडी से 500 से अधिक फर्जी जन्म और मृत्यु प्रमाणपत्र जारी

**स्वतंत्र प्रभात**

**प्रयागराज।** उत्तरप्रदेश में नागरिक पंजीकरण प्रणाली (सीआरएस) पोर्टल से 500 से अधिक फर्जी जन्म और मृत्यु प्रमाणपत्र जारी करने का मामला सामने आया है. ये प्रमाणपत्र दो ग्राम पंचायतों, रावल और अलीशाबाद (हरदोई जिले के टडियावां ब्लॉक) से जुड़े आईडी का उपयोग करके बनाए गए. इस मामले में शनिवार देर रात एफआईआर दर्ज की गई. अधिकारियों को संदेह है कि सीआरएस पोर्टल हैक कर 505 फर्जी जन्म प्रमाणपत्र और 23 फर्जी मृत्यु प्रमाणपत्र बनाए गए. ग्राम विकास अधिकारी राजीव श्रीवास्तव के अनुसार, 13 जून को जब उन्होंने सरकारी काम के लिए सीआरएस पोर्टल पर लॉगिन करने की कोशिश की, तो पासवर्ड गलत होने के कारण उन्हें एक्सेस नहीं मिला. "पासवर्ड भूल गए" प्रक्रिया शुरू करने पर पता चला कि लिंक्ड ईमेल आईडी बदल दी गई है.

जांच में सामने आया कि पोर्टल को ऐसे ईमेल आईडी से एक्सेस किया गया, जो उनसे संबंधित नहीं थी. राजीव ने स्वास्थ्य विभाग के उस अधिकारी को जानकारी दी, जो पोर्टल की जिम्मेदारी संभाल रहे थे. उन्होंने भी अनाधिकृत बदलाव की पुष्टि की. पहचान ठीक करने के बावजूद, कुछ ही घंटों में पोर्टल फिर से हैक हो गया. ऐसा ही एक मामला जनवरी और फरवरी में अलीशाबाद में भी हुआ था, जिससे यह एक बार की नहीं, बल्कि बार-बार और योजनाबद्ध तरीके से की गई हैकिंग लगती है. हरदोई एसपी नीरज कुमार जादौन ने कहा, "यह गंभीर मामला है. विस्तृत जांच चल रही है और बहुत जल्द पूरे नेटवर्क का खुलासा होगा।"

## गोंडा में पौराणिक मनोरमा नदी के पुनर्जीवन की ऐतिहासिक पहल का श्रमदान के साथ शुभारंभ

**स्वतंत्र प्रभात**

**गोंडा।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा पारंपरिक नदियों के संरक्षण एवं पुनर्जीवन हेतु संचालित राज्यव्यापी अभियान को आज जनपद गोंडा में नई गति मिली। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशों के क्रम में मनोरमा नदी के पुनर्जीवन अभियान का विधिवत शुभारंभ जिलाधिकारी नेहा शर्मा के नेतृत्व में ब्लॉक इटियाथोक अंतर्गत ग्राम सिसई बहलोलपुर से किया गया। यह पहल केवल प्रशासनिक गतिविधि न होकर जनआस्था, सांस्कृतिक चेतना और पर्यावरणीय संरक्षण से जुड़ा व्यापक अभियान है।

**200 से अधिक नागरिकों ने श्रमदान कर दिया सहभागिता का संदेश**

इस अवसर पर पंडरी कृपाल, इटियाथोक, रुपईडीह एवं मुजेहना ब्लॉकों से आए ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों, स्वयंसेवी संगठनों एवं युवाओं सहित 200 से अधिक नागरिकों ने स्वेच्छा से श्रमदान कर जनभागीदारी को बल दिया।

**जिलाधिकारी ने श्रमदान कार्यक्रम में भाग लेते हुए कहा**

> "मनोरमा नदी केवल जल स्रोत नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक स्मृति और प्रकृति के साथ सह-अस्तित्व का प्रतीक है। इसका पुनर्जीवन जनपदवासियों के स्वाभिमान से



जुड़ा है और यह कार्य प्रशासन एवं जनमानस की साझी जिम्मेदारी है।"

**प्रशासनिक समन्वय से तैयार की गई ठोस कार्य योजना**

गोंडा-बलरामपुर रोड से ताड़ी लाल गांव तक नदी की गाद एवं अतिक्रमण हटाकर जलधारा बहाल की जाएगी। जेसीबी व पोकलैंड मशीनों से सफाई कार्य प्रारंभ। पीपल, नीम, पाकड़ आदि देशी वृक्षों का वृक्षारोपण किया जाएगा। वन विभाग को वृक्षारोपण व सिंचाई विभाग को तकनीकी आकलन की जिम्मेदारी दी गई है। विभागों के बीच समन्वय की ठोस व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।

**जन सहयोग से बनेगा सामाजिक चेतना का प्रतीक**

जिलाधिकारी ने यह भी स्पष्ट किया कि यह अभियान केवल सरकारी कार्यक्रम नहीं, बल्कि सामूहिक चेतना और जन सहभागिता से प्रेरित एक जन आंदोलन है। ग्राम



पंचायतों, सामाजिक संगठनों एवं स्वयंसेवी समूहों को इस पुनीत कार्य में सक्रिय भागीदारी हेतु प्रेरित किया जा रहा है।

**मनोरमा नदी- इतिहास, आस्था और पुनरुत्थान**

मनोरमा नदी की कुल लंबाई लगभग 115 किमी है। यह तिर्रे ताल (गोंडा) से निकलकर बस्ती जिले के महुली क्षेत्र में कुआनों नदी में मिलती है। धार्मिक ग्रंथों में इसका उल्लेख महर्षि उद्दालक की पुत्री 'मनोरमा' के नाम से होता है, और यह मखौड़ा धाम के समीप बहती हुई सदियों से आस्था का केंद्र रही है।

**प्रथम बार योगी सरकार ने ली ऐतिहासिक पहल की सुध**

विगत वर्षों में नदी पर अतिक्रमण, गाद जमाव और उपेक्षा के कारण इसका अस्तित्व संकट में आ गया था। पहली बार सरकार द्वारा संगठित प्रयासों के माध्यम से इसे पुनर्जीवित करने की ठोस शुरुआत की गई है।

## टूटी पुलियों की मरम्मत नहीं, हादसे के लिए जिम्मेदार होंगे सिंचाई विभाग के अधिकारी- राजकुमार दूबे

**स्वतंत्र प्रभात**

**गोंडा।** सरजू ड्रेनेज खंड प्रथम के अधीन संचालित विश्वही नाला पर बनी कई पुलियों की रेलिंग क्षतिग्रस्त है, जिससे क्षेत्र में दुर्घटनाओं की आशंका बनी हुई है। इसको लेकर रघु बाबा समाज सेवा संस्थान के अध्यक्ष राजकुमार दूबे ने चेतावनी दी है कि यदि आगामी बरसात से पहले पुलियों की मरम्मत नहीं कराई गई और कोई दुर्घटना होती है, तो इसके लिए पूरी जिम्मेदारी सिंचाई विभाग केअधिकारियों की होगी।अपने कार्यालय पर पत्रकारों से बात करते हुए राजकुमार दूबे ने बताया कि उक्त पुलियों की दुर्दशा को लेकर कई बार सरजू ड्रेनेज खंड के उच्चाधिकारियों को अवगत कराया जा चुका



है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्यवाही नहीं की गई है। उन्होंने कहा कि रक्षाबंधन के दिन मल्लोह निवासी बिपुल मिश्रा की डूबकर मृत्यु भी हो चुकी है, बावजूद इसके विभाग उदासीन बना हुआ है।उन्होंने यह भी बताया कि घटना के बाद जिलाधिकारी गोंडा ने टूटे पुल की मरम्मत के निर्देश दिए थे, लेकिन अधिकारियों ने आदेशों की भी अनदेखी कर दी। संस्थान द्वारा इस संबंध में एक बार पुनः



मुख्यमंत्री व विभागीय अधिकारियों को पत्र भेजा गया है श्री दूबे ने चेतावनी दी है कि यदि बरसात के पहले पुलियों की मरम्मत नहीं होती है और कोई हादसा होता है, तो इसकी जिम्मेदारी पूरी तरह से सिंचाई विभाग के अधिकारियों की होगी।इस दौरान राम सुरेश पासवान, पप्पू सिंह, एमपी मिश्रा, बल्ले बर्मा, राम आशीष समेत कई लोग मौजूद रहे।

## दवा लेने निकले बुजुर्ग संदिग्ध परिस्थितियों में लापता

**स्वतंत्र प्रभात**

**मोहनलालगंज, लखनऊ।** मोहनलालगंज थाना क्षेत्र के दहियर निवासी एक बुजुर्ग के लापता होने का मामला सामने आया है। परिजनों ने मोहनलालगंज थाने में गुमशुदगी की तहरीर देकर जल्द से जल्द तलाश की गुहार लगाई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मोहनलालगंज थाना क्षेत्र दहियर निवासी अभिषेक कुमार शर्मा ने बताया कि उनके पिता बनवारी लाल शर्मा, पुत्र स्व. कन्हैया लाल शर्मा, बीते रविवार को शाम लगभग 3 बजे बदन दर्द की दवा लेने के लिए तेलीबाग की ओर निकले थे। लेकिन निर्धारित समय के बाद भी वह वापस नहीं लौटे। परिजनों ने उन्हें आसपास के सभी संभावित स्थानों पर खोजा, रिश्तेदारों और जानकारों से भी संपर्क किया, लेकिन कोई सुराग नहीं लग सका। लापता बुजुर्ग के पुत्र अभिषेक शर्मा ने बताया कि मंगलवार को जब कोई जानकारी नहीं मिली तो उन्होंने मोहनलालगंज थाने में गुमशुदगी की तहरीर देकर अपने पिता की खोजबीन के लिए पुलिस प्रशासन से मदद की अपील की है। उन्होंने बताया कि उनके पिता मानसिक रूप से स्वस्थ हैं, लेकिन उनकी उम्र अधिक होने के कारण उन्हें कोई अनहोनी का भय सता रहा है।परिजनों का कहना है कि वे बेहद चिंतित हैं और प्रशासन से अपेक्षा कर रहे हैं कि बनवारी लाल शर्मा की जल्द से जल्द तलाश की जाए। मोहनलालगंज पुलिस द्वारा मामले की जानकारी मिलने के बाद कार्रवाई शुरू कर दी गई है। स्थानीय पुलिस संभावित स्थानों पर जांच कर रही है और लापता वृद्ध की तलाश में जुटी हुई है।

## संक्षिप्त खबरें

### पुलिस लाइन में सजी मंगलवार परेड, एएसपी ग्रामीण ने ली सलामी और किया निरीक्षण



**जौनपुर।** रिजर्व पुलिस लाइन में मंगलवार की साप्ताहिक परेड का आयोजन किया गया। परेड का नेतृत्व कर रहे अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण श्री आतिश कुमार सिंह ने परेड की सलामी ली और पूरे परेड का गहन निरीक्षण किया। इस परेड में पुलिस लाइन के पुलिस बल, रिक्रूट आरक्षीगण एवं विभिन्न शाखाओं में कार्यरत पुलिसकर्मी शामिल रहे। परेड के दौरान सभी जवानों को शारीरिक एवं मानसिक रूप से फिट रहने हेतु दौड़ कराई गई तथा अनुशासन, समरसता और एकरूपता को मजबूती देने के लिए ड्रिल का अभ्यास भी कराया गया। निरीक्षण के उपरांत एएसपी ग्रामीण श्री सिंह ने पुलिस लाइन की विभिन्न शाखाओं का जायज़ा लिया और संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने जवानों की सजगता, अनुशासन और परेड की गुणवत्ता की सराहना करते हुए कहा कि पुलिस बल का प्रशिक्षण ही उसकी रीढ़ है, और इस प्रकार की परेड से उनकी कार्यक्षमता में निरंतर सुधार होता है। जौनपुर पुलिस का यह अनुशासित और प्रेरणादायक आयोजन जनसेवा के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

### गोमती नदी में मिला युवक का शव, गांव में मची सनसनी

**-दो दिन पहले नहाते समय डूबा था युवक, गोताखोरों की मदद से चला था तलाश अभियान**

**जौनपुर** - जफराबाद क्षेत्र के समोपुर कला गांव के पास गोमती नदी में मंगलवार को एक युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, बक्सा थाना क्षेत्र के अभयचंदपट्टी गांव निवासी 24 वर्षीय साहबलाल पुत्र भोलानाथ रविवार को अपने साथी गोविंदा (22 वर्ष, पुत्र विनोद कुमार) के साथ शहर कोतवाली क्षेत्र स्थित सद्भावना पुल के पास गोमती नदी में स्नान करने गया था। स्नान के दौरान दोनों युवक नदी की तेज धार में बह गए थे।घटना के बाद पुलिस और गोताखोरों की मदद से तलाश अभियान चलाया गया, जिसमें गोविंदा का शव सोमवार को शहर क्षेत्र में ही बरामद कर लिया गया था। वहीं, साहबलाल की तलाश जारी थी। मंगलवार सुबह उसका शव समोपुर गांव के पास नदी में उतराता मिला।शव मिलने की सूचना परिजनों द्वारा पुलिस को दी गई, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची। शव की पहचान होते ही परिजनों में कोहराम मच गया। गांव में मातम का माहौल व्याप्त है।

### बारहवीं मोहर्रम का तीजा जुलूस सम्पन्न



**अंतिम जुलूस के चलते अकीदतमंदों की उमड़ी भारी भीड़**

**सुरक्षा के मद्देनज़र पुलिस रही चाक चौबंद**

**खेतासराय(जौनपुर)।** नगर के सुन्नी समुदाय का बारहवीं मोहर्रम का तीजा का जुलूस मंगलवार को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हो गया। जुलूस को देखते हुए प्रशासन में ने शाहगंज-जौनपुर मार्ग पर कुछ देर तक रुट डाइवर्जन किया । शहीदी चौक से ताजियेदार तबल बजाते हुए जुलूस इमामबाड़ा के लिए निकला । जुलूस में शामिल में लोग ताजियेदार अलम के साथ तबल बजाते हुए चल रहे थे। इमामबाड़ा पहुंचने पर ताजियेदारों ने फातिहा पढ़ने के पश्चात सभी अपने चौक वापस लौट गए। पुलिस प्रशासन ने जुलूस के दौरान कड़ी सुरक्षा व्यवस्था कर रखा था । थानाध्यक्ष रामाश्रय राय फोर्स के साथ चक्रमण करते दिखे । शांतिपूर्ण ढंग से कार्यक्रम सम्पन्न होने पर पुलिस ने राहत की सांस ली । जुलूस का संचालन कर रहे मो असलम खान ने पुलिस प्रशासन का आभार जताया । इस मौके पर प्रमुख रूप से परवेज अंसारी, राजू फारूकी, असलम खान, सरफराज खान, तबरेज अशरफी, अब्दल अशरफी, नूर मोहम्मद खान, अकरम फारुकी, वामिक अंसारी, अरशद फारूकी, मोहम्मद कामरान, सलीम सलमानी सहित भारी संख्या में लोग शामिल रहे ।

# ऐतिहासिक श्री रामलीला समिति की चुनावी बैठक संपन्न

**●अध्यक्ष पद हेतु होना है चुनाव**

**बंद कमरे में वोटिंग प्रक्रिया का कड़ा विरोध**

**परम्परागत रूप से होगा चुनाव संरक्षक मंडल**



**स्वतंत्र प्रभात**

**जौनपुर।** शाहगंज ऐतिहासिक श्री रामलीला समिति का पिछला सत्र समाप्त हो चुका है। वहीं आगामी नए सत्र को लेकर चुनावी सरगर्मियां तेज हो गई हैं। अध्यक्ष पद के चुनाव के बाबत रविवार की देर शाम समिति की बैठक आहूत हुई। कुल नौ उम्मीदवारों ने नामांकन किया। सुशील सेठ बागी का नामांकन निरस्त कर दिया गया। चार ने निकटतम प्रत्याशी को समर्थन दिया। शेष चार के बीच आपसी सहमति न बन पाने से चुनाव सुनिश्चित किया गया। वहीं बंद कमरे में वोटिंग की प्रक्रिया के कडे विरोध पर परंपरागत रूप से चुनाव के प्राथमिकता और आम सहमति से निर्णय की घोषणा की गई। ।

**उम्मीदवारों का नामांकन**

बता दे कि नए सत्र 2025- 26 के कार्यकाल हेतु अध्यक्ष पद की चुनावी प्रक्रिया में संरक्षक मंडल के निर्देश पर विगत 29 जून से 1 जुलाई तक उम्मीदवारों से नामांकन मांगा गया था। जिसमें कुल 9 उम्मीदवारों ने अपना नामांकन कराया था।

**उम्मीदवारों की काउंसलिंग**

संरक्षक मंडल ने रविवार को आहूत बैठक में उम्मीदवारों से बात कर उनका पक्ष जाना और समिति के प्रति उनकी कर्तव्य निष्ठा, समर्पण और अनुभव आदि के बाबत गहनतापूर्वक आपसी विचार विमर्श किया ।

**बैठक में समर्थन**

इस बाबत रविवार देर शाम रामलीला भवन पर एक चुनावी बैठक हुई। जिसमें संरक्षकगण सीताराम अग्रहरि, शिवकुमार अग्रहरि, रजनीश मोदनवाल व अनिल अग्रहरि (गल्ला व्यवसाई) के नेतृत्व में बैठक आयोजित हुआ।बैठक में एडवोकेट महेंद्र वर्मा व उमेश जायसवाल ने घनश्याम जायसवाल को समर्थन दिया। वहीं कृष्णकांत सोनी और शैलेश नाग ने सीम प्रकाश अग्रहरि सिंपू को। जबकि एक का नामांकन निरस्त कर दिया गया। शेष चार प्रत्याशियों घनश्याम जायसवाल, विनोद अग्रहरि, कालीचरण जायसवाल व सीम प्रकाश अग्रहरि सिंपू के बीच सहमति न बन सकी। मनमानी सदस्यता और बंद कमरे में वोटिंग का कड़ा विरोध बंद कमरे में मतदान की चुनावी प्रक्रिया पर प्रश्न उठाते हुए वहां उपस्थित घनश्याम जायसवाल, कमलेश अग्रहरि, गिरधारी अग्रहरि व अन्य द्वारा कड़ा विरोध जताया गया। मामले को गंभीरता से लेते हुए संरक्षक मंडल द्वारा परंपरागत रुप से नगर के गांधीनगर कलेक्टरगंज रामलीला फड़ पर आमसभा में चुनाव संपन्न कराने की घोषणा कर दी गई।

**परंपरागत चुनाव और निर्धारित तिथि**

भवन पर आहूत बैठक में मामूली गहमा गहमी के बीच विरोध को देखते हुए संरक्षक मंडल ने परंपरागत रूप से गांधीनगर कलेक्टरगंज फड़ पर ही चुनाव कराने को प्राथमिकता दी है। फिलहाल चुनाव की तिथि अभी निर्धारित नहीं है। संरक्षक रजनीश मोदनवाल ने बताया कि गांधीनगर कलेक्टरगंज फड़ पर परिस्थितियों के अनुरूप आम सहमति से इस बाबत निर्णय लिया जाएगातिथि निर्धारित होने पर सार्वजनिक सूचना दी जाएगी।

**186 वर्षो पुरातन समिति से आम रामभक्त की आस**

गौरतलब है कि विगत सत्र में लगभग 132 व्यक्तियों द्वारा रु.1000/- शुल्क प्राप्त कर उन्हें सदस्यता दी गई थी। जिसको लेकर आम जनमानस मनमाने कार्य प्रणाली का आरोप लगाते हुए आक्रोशित रहा। फिलहाल 186 वर्ष पुरानी संस्था अपने नये अध्यक्ष के चुनाव में व्यस्त हैं। वहीं आम रामभक्त किसी कर्मठ अध्यक्ष की आस लगायें बैठा है। जो रामलीला की परम्पराओं को बेहतरीन ढंग से आगे ले जा सकें।

# नवागत ईओ ने योग मुद्रा निर्माण कार्य का किया निरीक्षण, तय समय में कार्य पूर्ण न मिलने पर फर्म होगी ब्लैक लिस्टेड

**● ठेकेदार की कार्य प्रणाली को लेकर सख्त हुए ईओ शोहरतगढ़**

**ईओ सचिन कुमार ने शोहरतगढ़ नगर पंचायत का कार्य भार ग्रहण करते ही निर्माणाधीन योग मुद्रा का किया स्थलीय निरीक्षण**



**स्वतंत्र प्रभात**

**सिद्धार्थनगर।** मंगलवार को शोहरतगढ़ नगर पंचायत के नवागत ईओ सचिन कुमार ने नगर पंचायत का अतिरिक्त प्रभार लेते ही सबसे पहले निर्माणाधीन योग मुद्रा स्थल का निरीक्षण किया और मुद्रा स्थल निर्माण कार्य पर हो रहे बिलम्ब के सम्बन्ध में सम्बंधित ठेकेदार को तीन दिवस के अंदर निर्माण कार्य पूर्ण कराये जाने की शख्त हिदायत दी। ईओ ने कहा कि निर्धारित समय के अंदर कार्य पूर्ण नहीं किया गया तो संबंधित ठेकेदार पर विभागीय कार्यवाही होगी। काम रुका हुआ देख कहा निर्माणाधीन कार्य में शिथिलता बरती जा रही है।

अधिशासी अधिकारी सचिन कुमार के पास पहले से डुमरियागंज का प्रभार है और अब उन्हें शोहरतगढ़ का भी दायित्व दिया गया है। शोहरतगढ़ नगर पंचायत का पदभार ग्रहण करते ही उन्होंने नगर पंचायत के वार्ड नंबर एक अंबेडकर नगर वार्ड में निर्माणाधीन योग मुद्रा स्थल का निरीक्षण किया। तय समय सीमा के अंदर निर्माण कार्य पूरा नहीं होने पर उन्होंने संबंधित फर्म मंगलम इंटरप्राइजेज सिद्धार्थनगर एवं जायसवाल कांस्ट्रेशन सिद्धार्थनगर को कड़ी चेतावनी दी। कहा कि योग मुद्रा एवं अन्य संचलित कार्य समय से और गुणवत्ता पूर्ण नहीं पाये जाने पर सम्बंधित फर्मो को ब्लैक लिस्टेड कर दिया जायेगा। उन्होंने यह भी कहा कि शोहरतगढ़ नगर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए नगर पंचायत प्रशासन प्रतिबद्ध हैं। स्वच्छता सहित अन्य विषयों पर हम सभी को गंभीरता से कार्य करना पड़ेगा ताकि स्वच्छ शोहरतगढ़ सुंदर शोहरतगढ़ के संकल्प को साकार किया जा सके। इस दौरान लिपिक राजेश कुमार त्रिपाठी, कमलेश गुप्ता, बी डी कसौधन, निकाय कर्मी व कार्यदायी संस्था के लोग मौजूद रहे।

# स्वीपर के सहारे चल रहा पीएचसी इमलिया कोड़र

**●दस हजार की आवादी का नही हो पा रहा इलाज**



**स्वतंत्र प्रभात**

**बलरामपुर ।** पचपेड़वा विकासखण्ड के इमिलिया कोडर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एक स्वीपर के सहारे संचालित हो रहा है। सभी पदो पर नियुक्ति होने के बाद भी कोई वहाँ दिखाई नहीं पड़ता है। बताते चलें कि पचपेड़वा विकास खण्ड का इमिलीया कोडर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर डा0 अनिल पटेल, फार्मासिस्ट ओमप्रकाश, एल टी विशाल श्रीवास्तव आदि की तैनाती है एक स्टाफ नर्स की भी पोस्टिंग यहाँ पर है। इसके अलावा यहाँ पर प्रसव की भी व्यवस्था सुनिश्चित की गई है परन्तु भयावह सच है कि दि0 8 जुलाई को समम 10 बजे मीडिया टीम के मुआयना दौरान पता चला कि कि स्वीपर प्रिस ही मौजूद है बाकी डाक्टर, कम्पाउन्डर, एल टी स्टाफ नर्स सब गायब। उल्लेखनीय है कि इमिलिया कोडर बलिदान डिहवा, जोगिहवा सेमरहवा. वीरपुर सेमरा, कोहर गड्डी मड़नी सड़नी आदि गावों के लगभग 10.000 की आबादी की सेवा के लिए एक मात्र प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र स्थापित है और सारी सुविधाओं से भी सुसज्जित भी है परन्तु अब स्वीपर क्या इलाज करेगा इसका अन्दाजा लगाया जा सकता है। गौरतलब हो कि लगभग डेढ माह पूर्व भी केन्द्र का भ्रमण मीडिया टीम ने किया था तब भी यहीं हाल था। शासन द्वारा वेतन सुविधा व सामान्य सेवाओं के नाम पर कई लाख रूपएँ व्यय होता है परन्तु हठ धर्मी जनता के सेवक जनता के शोषण कर रहे हैं इस सम्बन्ध में मुख्य चिकित्साधिकारी मुकेश कुमार रस्तोगी ने दूर भाष पर बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पचपेड़वा अधिक्षक डा विजय कुमार से इस प्रकरण की जांच कराई जायेगी।

# चौकियां कुंड में नहाने गया युवक डूबा, दर्दनाक मौत, सीसीटीवी में कैद हुई घटना



**स्वतंत्र प्रभात**

**जौनपुर।** चौकियां धाम स्थित पवित्र तालाब में मंगलवार सुबह एक युवक की डूबने से दर्दनाक मौत हो गई। हादसा उस वक्त हुआ जब युवक सुरक्षा रेलिंग पार कर गहरे पानी में चला गया और तैरना न आने के कारण डूब गया। जानकारी के अनुसार, सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के जमालपुर गांव निवासी विजयी मौर्य का 20 वर्षीय पुत्र शिवम मौर्य अपने दोस्तों राम सागर मौर्य और राजन मौर्य के साथ सुबह करीब 6 बजे चौकियां धाम दर्शन को पहुंचा था। मंदिर परिसर में स्थित तालाब के पास पहुंचने के बाद शिवम नहाने की इच्छा से सीढ़ियों से नीचे उतर गया, जबकि उसके दोनों साथी बाहर बैठे रहे। शिवम ने पहले कपड़े उतारे और फिर सुरक्षा रेलिंग पार कर गहरे पानी में उतर गया। दुर्भाग्यवश, वह तैरना नहीं जानता था और देखते ही देखते गहराई में समा गया। तालाब परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरे में यह पूरा घटनाक्रम कैद हुआ है। युवक के डूबते देख उसके साथियों ने शोर मचाया और स्थानीय लोगों से मदद की गुहार लगाई। कई युवकों ने तालाब में खोजबीन की, लेकिन सफलता नहीं मिली। सूचना मिलने पर डायल 112, पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। फायरकर्मियों ने रस्सी और कटिया की मदद से शव को तालाब से बाहर निकाला। स्थानीय पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जैसे ही हादसे की सूचना मृतक के परिवार को मिली, परिजन बदहवासी की हालत में घटनास्थल पर पहुंचे। यह हादसा एक बार फिर दर्शाता है कि धार्मिक स्थलों या सार्वजनिक जल स्त्रोतों के पास सुरक्षा के सभी मानकों का पालन किया जाना अत्यंत जरूरी है। प्रशासन से मांग की जा रही है कि ऐसे स्थलों पर सुरक्षा व्यवस्था को और भी पुख्ता किया जाए ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाएं दोहराई न जाएं।

# विधिक साक्षरता एवं नशा मुक्ति विषयक जागरूकता शिविर सम्पन्न



**स्वतंत्र प्रभात**

**जौनपुर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में मंगलवार को बीआरपी इंटर कॉलेज, जौनपुर में विधिक साक्षरता एवं नशा मुक्ति पर एक विशेष जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम जनपद न्यायाधीश एवं प्राधिकरण अध्यक्ष अनिल कुमार वर्मा के निर्देशन में सम्पन्न हुआ। शिविर की अध्यक्षता कर रहे अपर सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव प्रशांत कुमार सिंह ने उपस्थित छात्र-छात्राओं को विधिक अधिकारों एवं प्राधिकरण द्वारा दी जाने वाली निशुल्क विधिक सेवाओं के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने विशेष रूप से नशीली दवाओं के दुरुपयोग की ओर युवाओं के बढ़ते झुकाव पर चिंता व्यक्त की और बताया कि किस प्रकार किशोर वर्ग उत्सुकता या बड़ों की देखा-देखी नशे के जाल में फंस जाता है।

सचिव श्री सिंह ने सभी विद्यार्थियों से अपील की कि वे स्वयं को नशे से दूर रखें और समाज में इस दिशा में जागरूकता फैलाने में योगदान दें।

कार्यक्रम के अन्य विशिष्ट वक्ताओं में तहसीलदार नगर सौरभ कुमार, डॉ. दिलीप कुमार सिंह (डिप्टी चीफ डिफेंस काउंसिल), अनुराग चौधरी (असिस्टेंट डिफेंस काउंसिल), रजत पांडे (ड्रग इंस्पेक्टर), देवेंद्र कुमार यादव (पैनल लॉयर), नीरज श्रीवास्तव, नगर शिक्षा अधिकारी चंदन राय, तथा बाल संरक्षण अधिकारी शामिल रहे। इन सभी विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को औषधियों के उचित उपयोग और दुरुपयोग, मध्यस्थता, डिफेंस सिस्टम, महिलाओं व बच्चों के अधिकार, पुलिस एवं प्रशासन की मुफ्त सेवाएं, तथा आपातकालीन स्थिति में विधिक प्राधिकरण से सहायता प्राप्त करने की प्रक्रिया पर विस्तार से जानकारी दी। साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया कि यदि प्रशासन या पुलिस स्तर पर लापरवाही हो, तो पीड़ित जन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से निशुल्क विधिक सहायता प्राप्त कर सकते हैं। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षकगण, छात्र-छात्राएँ, अभिभावक, गणमान्य नागरिक तथा प्रिंट व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया से जुड़े पत्रकारगण उपस्थित रहे। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. प्रमोद श्रीवास्तव ने आभार ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. दिलीप कुमार सिंह ने कुशलता से किया।

# पीएच.डी. प्रवेश परीक्षा का एडमिट कार्ड जारी

**● 15 जुलाई को होगी दो पाली में पीएच.डी. प्रवेश परीक्षा**



**स्वतंत्र प्रभात**

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय की 15 जुलाई, 2025 को आयोजित होने वाली पीएच-डी. प्रवेश परीक्षा का प्रवेश पत्र सोमवार को कुलपति प्रोफेसर वंदना सिंह ने ऑनलाइन जारी किया है। कुलसचिव डॉ विनोद कुमार सिंह ने बताया कि 15 जुलाई को विश्वविद्यालय परिसर के 08 परीक्षा केन्द्रों पर प्रातः 10:30 बजे से 12:30 बजे तक तथा 2:00 से 4:00 बजे के मध्य दो पालियों में सम्पन्न होगी। परीक्षार्थियों को प्रातः 9:00 बजे तक अपने केन्द्र पर पहुंचना होगा। पीएचडी प्रवेश परीक्षा 49 विषयों में होगी जिसमें 4149 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित होगें। इनका एडमिट कार्ड समर्थ पोर्टल के माध्यम से जारी किया गया है। अभ्यर्थी अपना एडमिट कार्ड समर्थ पोर्टल पर लॉगिन कर डाउनलोड कर सकते हैं। प्रवेश परीक्षा के लिए अभ्यर्थी अपने साथ नवीनतम फोटो पहचान पत्र, ब्लू, ब्लैक बाल प्वाइन्ट पेन ले आयेंगे।

अभ्यर्थियों को अपने साथ कोई भी इलेक्ट्रानिक्स उपकरण-स्मार्ट वाच, कैलकुलेटर, ब्लूटूथ डिवाइस आदि परीक्षा में लाना पूर्णतया प्रतिबन्धित है। एडमिट कार्ड में किसी भी प्रकार की समस्या होने पर vbspucret@gmail.com पर मेल कर सकते हैं। एडमिट कार्ड जारी करते समय कुलसचिव डॉ विनोद कुमार सिंह, प्रो. गिरधर मिश्रा, डॉ.मनीष प्रताप सिंह, उप कुलसचिव श्री अमृत लाल, श्री अजीत प्रताप सिंह एवं डॉ. धीरेन्द्र चौधरी उपस्थित थे।

# चन्दापुर क्षेत्र में हुए हत्याकांड में तीन आरोपी गिरफ्तार और शेष आरोपियों की तलाश जारी



**स्वतंत्र प्रभात**

**चंदापुर/रायबरेली-** उत्तर प्रदेश के रायबरेली में रविवार को थाना चंदापुर से महज 500 मीटर की दूरी पर स्थित लामी चौराहे पर भूमि विवाद को लेकर खूनी संघर्ष में जहां एक 28 वर्षीया महिला की मौत हो गई थी, तो वहीं पांच लोग घायल भी हुए थे। जबकि एक 32 वर्षीय युवक की हालत गंभीर होने से उसे ट्रामा सेंटर रेफर किया गया था, जहां आज सोमवार को भी वह मौत से जिंदगी की जंग लड़ रहा है। इस हृदय विदारक घटना में मृत महिला का शव पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेजा था, पोस्टमार्टम के बाद आज सोमवार को दोपहर बाद पहले उसका शव गांव पूरे गुरुदत्त मजरे ज्योना (मायके) लाया गया, जहां ग्रामीण और परिजनों ने सभी आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर अंतिम संस्कार करने से मना कर दिया था, किंतु सपा विधायक श्याम सुंदर भारती, सपा जिला अध्यक्ष इंजीनियर वीरेंद्र कुमार यादव और एडिशनल एसपी संजीव कुमार सिन्हा के अथक प्रयासों से उनके बीच हुई वार्ता के बाद परिजन अंतिम संस्कार करने के लिए मान गए, और कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच महिला का अंतिम संस्कार उसकी ससुराल कसरैला में पूरे विधि विधान के साथ हुआ। उधर घटना में नामजद आठ आरोपियों में से पुलिस ने तीन को पकड़ कर जेल भेज दिया है। शेष आरोपियों के धर पकड़ के लिए पुलिस प्रयास कर रही है। जब परिजन सभी आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर अड़ गए थे और अंतिम संस्कार करने से मना कर दिया था। इस पूरे मामले में सबसे अहम भूमिका महराजगंज क्षेत्राधिकार व पूर्व कोतवाल जितेंद्र प्रताप सिंह की रही, जो घंटा परिजनों को समझते रहे और जल्द ही शेष आरोपियों की गिरफ्तारी का भरोसा दिलाया।

आपको बता दें कि, रायबरेली के थाना चंदापुर में हुए भूमि विवाद में रविवार को एक महिला की मौत के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए उसे पोस्टमार्टम के लिए भेजा था। आज सोमवार को दोपहर बाद उसका शव पहले तो उसके मायके पूरे गुरदत्त मजरे ज्योना गांव लाया गया। इस दौरान जनपद स्तरीय समाजवादी पार्टी के नेताओं ने भी वहां पहुंचकर पीड़ित परिवार से मिलकर शोक संवेदनाए व्यक्त करी। इसके बाद घर के दरवाजे पर महिला का शव रखकर परिजन हंगामा काटने लगे।

परिजनों की मांग थी कि, गांव से महज 500 मीटर की दूरी पर चंदापुर थाना होने से भी आसपास की जनता सुरक्षित नहीं है। जबकि घटना के लगभग 12 घंटे पूर्व शनिवार की रात झगड़े में उन्हीं के पक्ष के लोग घायल हुए थे। पुलिस ने बाकायदा उनका मेडिकल कराकर मुकदमा भी पंजीकृत किया था। अगर पुलिस चाहती तो उनके घर की बेटी की हत्या नहीं हुई होती।

उधर रायबरेली पुलिस और क्षेत्रीय सपा विधायक श्यामसुंदर भारतीय तथा सपा के जिला अध्यक्ष के अथक प्रयासों के बाद घर वाले अंतिम संस्कार के लिए मान गए, और कड़ी सुरक्षा के बीच पूरे विधि विधान से महिला का अंतिम संस्कार उसकी ससुराल कसरैला में हुआ। इस दौरान जनप्रतिनिधि, नेताओं की मौजूदगी रही।

इस पूरे घटना में पीड़ित परिवार द्वारा दी गई लिखित तहरीर के आधार पर पुलिस ने आठ नामजद और 10 अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने नामजद आरोपियों में से तीन को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। शेष आरोपियों के धड़पकड़ के लिए गठित पुलिस टीम द्वारा प्रयास किए जा रहे हैं।

मामले में पुलिस अधीक्षक डॉ यशवीर सिंह का कहना है कि, थाना चंदापुर क्षेत्र के अंतर्गत मकान निर्माण को लेकर दो पक्षों में मारपीट हुई थी, एक पक्ष मकान बनाना चाह रहा था, और दूसरा पक्ष निर्माण कार्य को रोक रहा था, दोनों पक्ष के लोग चोटिल हुए हैं, किंतु एक पक्ष की महिला को गंभीर चोटें थीं, जिसकी अस्पताल ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई थी। हत्या का मुकदमा दर्ज है। नामजद आठ लोगों में से तीन की गिरफ्तारी पुलिस ने कर ली है। बाकी आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस प्रयास कर रही है। जो घटना का मुख्य आरोपी है उसका लखनऊ में इलाज चल रहा है। उसे भी इलाज के बाद गिरफ्तार किया जाएगा। चंदापुर पुलिस द्वारा समय रहते कार्यवाही न किए जाने से वहां के थाना अध्यक्ष को निलंबित किया गया है, और नए थाना अध्यक्ष की नियुक्ति कर दी गई है।

# मऊ इन्हौना मार्ग पर बड़े बाबा फिलिंग स्टेशन नए पेट्रोल पंप का हुआ उद्घाटन

**स्वतंत्र प्रभात**

**महराजगंज/रायबरेली-** तहसील क्षेत्र के मऊ में महराजगंज इन्हौना मार्ग पर बड़े बाबा फिलिंग स्टेशन के नाम से एक नया पेट्रोल पंप खोला गया है जिसका उद्घाटन मंगलवार को बतौर मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री दिनेश प्रताप सिंह के बड़े बेटे आशीष प्रताप सिंह एवं विशिष्ट अतिथि पूर्व ब्लॉक प्रमुख सत्येंद्र प्रताप सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। यह पेट्रोल पंप इंडियन ऑयल की ओर से स्थापित किया गया है। मऊ क्षेत्र में लंबे समय से पेट्रोल पंप की कमी के कारण वाहनों चालकों व किसानों को काफी दिक्कते होती थी, नई सुविधा से न केवल डीजल व पेट्रोल की उपलब्धता सुनिश्चित होगी, बल्कि दूर दराज के इलाकों में रहने वालों के लिए आवागमन भी आसान हो जाएगा। बड़े बाबा फिलिंग स्टेशन के प्रबंधक अंजनी कुमार गुप्ता ने आए हुए सभी अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया।

आपको बता दें कि, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आशीष प्रताप सिंह ने कहा कि, इस पेट्रोल पंप के खुलने से किसानों और वाहन चालकों को अब शहर तक आने-जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। उन्होंने कहा कि, विनम्रता और संघर्ष से ही जीवन में आगे बढ़ने के गुण हैं। इसी के साथ जीवन में ऊंचाइयों तक पहुंचा जा सकता है। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि पूर्व ब्लॉक प्रमुख सत्येंद्र प्रताप सिंह ने कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आशीष प्रताप सिंह के पिताजी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) की तारीफ करते हुए कहा कि, दिनेश प्रताप सिंह ने जिले का गौरव पूरे प्रदेश ही नहीं पूरे देश में बढ़ाया है। पूरे पंचवटी परिवार से हर क्षेत्र में आगे बढ़ने की प्रेरणा लेनी चाहिए।

# संक्षिप्त खबरें

## चकेरी पुलिस ने वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया



**कानपुर।** प्रभारी निरीक्षक चकेरी के कुशल नेतृत्व में थाना पर पंजीकृत मुकदमे में वांछित अभियुक्त महबूब अहमद उर्फ सैफ पुत्र मकसूद अहमद निवासी संजय नगर, जाजमऊ को उपनिरीक्षक राजदेव मिश्रा द्वारा मय पुलिस बल के गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त को चकेरी एयरपोर्ट रोड से गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त पर धारा 303(2) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज था जिसमें 317(2) बीएनएस की बढ़ोतरी की गई है।

## जिलाधिकारी के कार्यों से प्रभावित होकर कक्षा दो की छात्रा सृष्टि ने की मुलाकात, डीएम ने किया सम्मानित



**कानपुर।** आज जिला अधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह के कार्यों से प्रभावित होकर कानपुर के गोपाल नगर की रहने वाली, मां गायत्री इंटर कॉलेज स्कूल की कक्षा 2 की छात्रा सृष्टि ने अपने माता-पिता के साथ जिला अधिकारी से मुलाकात कर उन्हें श्री राम का पटका पहनाकर सम्मानित किया, एवं उनके कार्यों की सराहना की। जिला अधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने भी बड़े प्यार से बोला हमें तो आपका सम्मान करना चाहिए और आप मेरा सम्मान करने आई हैं, जिला अधिकारी ने भी सृष्टि को साल पहनाकर सम्मानित किया, जिलाधिकारी ने सृष्टि से पूछा आपको कितने तक टेबल आता है तो सृष्टि ने कहा दस तक, फिर जिलाधिकारी ने सृष्टि से सेवन का टेबल सुना, और सृष्टि को आशीर्वाद दिया कि आप पढ़े लिखे, सृष्टि की मां ओम कुमारी एवं उनके पिता राजेश कुमार गुप्ता भी अपनी बेटी के साथ उपस्थित रहे, बेटी सृष्टि एवं उनके माता-पिता ने भी जिलाधिकारी जी के कार्यों की सराहना की, एवं जिला अधिकारी जी को धन्यवाद किया कि उन्होंने हमारी बेटी का सम्मान किया और आशीर्वाद दिया।

## श्रावण माह की तैयारियाँ- श्री आनंदेश्वर परमट मंदिर हेतु सुरक्षा व्यवस्था को लेकर बैठक संपन्न



**कानपुर।** दिनांक 08 जुलाई 2025 को पुलिस उपायुक्त (सेन्ट्रल जोन) श्रवण कुमार सिंह द्वारा सेन्ट्रल जोन कार्यालय में आनंदेश्वर परमट मंदिर (थाना ग्वालटोली) के महंत अरुण भारती व अन्य पदाधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य श्रावण माह में मंदिर में उमड़ने वाली भारी भीड़ के मद्देनजर सुरक्षा और व्यवस्था सुनिश्चित करना था। बैठक में कई प्रमुख बिंदुओं पर समीक्षा व चर्चा की गई। प्रवेश एवं निकास मार्ग - श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु सुगम और सुरक्षित मार्ग तय किए गए। कतारबद्ध दर्शन - दर्शन हेतु नियंत्रित व व्यवस्थित कतार प्रणाली लागू करने का निर्णय।

बैरिकेडिंग - भीड़ प्रबंधन के लिए समुचित बैरिकेडिंग की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। फायर सेफ्टी - आपात स्थितियों से निपटने हेतु अग्नि सुरक्षा उपायों की समीक्षा की गई। सीसीटीवी निगरानी - मंदिर परिसर व आसपास के क्षेत्रों में लगे कैमरों की स्थिति और कार्यक्षमता की जांच की गई। अस्थायी पुलिस सहायता केंद्र - श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु मंदिर परिसर में पुलिस सहायता केंद्र स्थापित किया जाएगा।

# ई-रिक्शा, जलभराव और श्रावण मास की तैयारियों पर पुलिस आयुक्त ने की बैठक, दिए निर्देश

स्वतंत्र प्रभात




**कानपुर।** आज 08 जुलाई 2025 को पुलिस आयुक्त कानपुर नगर अखिल कुमार द्वारा पुलिस उपायुक्त यातायात कार्यालय में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य शहर में यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाना तथा आगामी श्रावण मास एवं वर्षा ऋतु को दृष्टिगत रखते हुए आवश्यक रणनीतियां बनाना रहा। बैठक में चर्चा करते हुए पुलिस आयुक्त ने निर्देश दिए कि ई-रिक्शा पंजीकरण व क्यूआर कोड व्यवस्था में शहर में संचालित समस्त ई-रिक्शाओं का शीघ्र पंजीकरण सुनिश्चित कराया जाए तथा क्यूआर कोड प्रणाली को प्रभावी ढंग से लागू किया जाए, जिससे अवैध एवं अनियंत्रित ई-रिक्शा संचालन पर नियंत्रण स्थापित किया जा सके।

पुलिस आयुक्त ने कहा कि वर्षा ऋतु में प्रमुख चौराहों एवं सड़कों पर जलभराव के कारण यातायात बाधित होता है। इस संबंध में नगर निगम एवं अन्य संबंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर जल निकासी की व्यवस्था तथा पर्याप्त यातायात पुलिस बल व स्थानीय पुलिस का व्यवस्थापन समय से सुनिश्चित कराने हेतु निर्देश दिए गए। विशेष रूप से झकरकट्टी, टाटमिल, जूही ढाल आदि अति-व्यस्त चौराहों पर यातायात का दबाव अधिक रहता है। पुलिस आयुक्त द्वारा इन चौराहों पर अतिरिक्त ट्रैफिक स्टाफ की तैनाती, सिग्नलिंग सिस्टम की समीक्षा एवं रीयल टाइम मॉनिटरिंग हेतु निर्देश दिए गए। श्रावण मास के दौरान कावड़ यात्रा एवं मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ को दृष्टिगत रखते हुए संबंधित क्षेत्रों में यातायात डायवर्जन, नो व्हीकल जोन और सुलभ वैकल्पिक मार्गों की स्पष्ट व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। ट्रैफिक संचालन को सुचारु बनाए रखने हेतु शहर में कार्यरत क्रेनों की स्थिति, उनकी लोकेशन एवं उपयोग की समीक्षा की गई। महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि प्रमुख जाम संभावित स्थलों पर क्रेनों की तैनाती सुनिश्चित हो और किसी आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई हेतु कंट्रोल रूम से सीधा समन्वय रखा जाए। बैठक के अंत में पुलिस आयुक्त ने कहा कि यातायात व्यवस्था शहर की जीवन रेखा है, जिसे चुस्त-दुरुस्त बनाए रखने हेतु पुलिस, प्रशासन, नागरिकों एवं स्वयंसेवी संगठनों का सहयोग अत्यंत आवश्यक है। समीक्षा में पुलिस उपायुक्त यातायात रवीन्द्र कुमार, अपर पुलिस उपायुक्त अर्चना सिंह, राहुल सबरवाल मौजूद रहे।

# आईजीआरएस मासिक मूल्यांकन में दस माह की रैंकिंग में कानपुर जोन निरंतर प्रथम स्थान पर

### ●एडीजी जोन कानपुर आलोक सिंह के नेतृत्व में लगातार उच्च प्रदर्शन

स्वतंत्र प्रभात



**कानपुर।** उत्तर प्रदेश शासन द्वारा जनसमस्याओं के गुणवत्तापूर्ण, त्वरित प्रभावी एवं पारदर्शी निस्तारण में तुलनात्मक आईजीआरएस द्वारा प्राप्त शिकायती पत्रों के निष्पादन में एडीजी जोन कानपुर आलोक सिंह के नेतृत्व में कानपुर जोन ने एक बार फिर से प्रथम स्थान प्राप्त किया है। उक्त मूल्यांकन के आधार पर थाना प्रभारी से लेकर अपर पुलिस महानिदेशक स्तर तक के अधिकारी की प्रदेश स्तरीय रैंकिंग निर्धारित की जाती है। माह जून-2025 में भी जनसुनवाई समाधान प्रणाली (IGRS) के अर्न्तगत प्राप्त जन शिकायतों के निस्तारण की समीक्षा नवीन मूल्यांकन के आधार पर प्रदेश स्तर पर की गयी । माह जून-2025 की मूल्यांकन समीक्षा में कानपुर जोन, कानपुर को जनसुनवाई समाधान प्रणाली (IGRS) के माध्यम से प्राप्त शिकायतों के निष्पादन में प्रदेश स्तर पर प्रथम रैंक प्राप्त हुई है। कानपुर जोन के पर्यवेक्षणाधीन कानपुर परिक्षेत्र, झाँसी परिक्षेत्र व जनपद ललितपुर को भी जनसुनवाई समाधान प्रणाली (IGRS ) के माध्यम से प्राप्त शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण में प्रदेश स्तर पर प्रथम रैंक प्राप्त हुई है। उल्लेखनीय है कि सितम्बर - 2024 से जून-2025 तक जारी 10 माह की रैंकिंग में कानपुर जोन को निरंतर प्रथम रैंक प्राप्त हुई, जो जनसुनवाई के प्रति शासन की मंशा के अनुरूप कानपुर जोन पुलिस के द्वारा बेहतर कार्य प्रणाली को प्रदर्शित करता।

# पौधों ने ली सांस तो हरियाली ने थामा दामन

### ●वृक्षारोपण अभियान से कानपुर में विकसित हो रहे वन क्षेत्र

स्वतंत्र प्रभात

**कानपुर।** कभी बंजर पड़ी ज़मीनों पर अब हवा में हरियाली की खुशबू घुल रही है। पेड़ों की कतारें झूम रही हैं, पत्तों की सरसराहट में उम्मीद सुनाई देती है और हर कोना जैसे धीरे-धीरे फिर से साँस लेने लगा है। यह बदलाव किसी एक हाथ का नहीं, यह मिलकर बोया गया सपना है जिसमें गाँव के किसानों से लेकर शहर के बच्चों तक, सबने एक-एक पौधा थामा और मिट्टी में जीवन रोप दिया। विगत वर्षों में वृक्षारोपण अभियान के सकारात्मक परिणाम अब जमीन पर दिखने लगे हैं। जहाँ जहाँ लोगों ने पौधे लगाए, वहाँ सिर्फ़ छाया नहीं उगी, भरोसा भी पनपा। किसी ने अपनी बेटी के नाम पर पौधा लगाया, तो किसी ने आने वाली पीढ़ियों के लिए। इसी साथ ने वीरान ज़मीनों को हरियाली में बदला और अब वही हरियाली कानपुर की पहचान बन रही है।

**सरसौल में विकसित हुआ 40 हेक्टेयर का वन क्षेत्र**

वर्ष 2021 में सरसौल क्षेत्र स्थित डोमनपुर वन ब्लॉक की 40 हेक्टेयर भूमि पर अर्जुन, कंजी, अरु, अकेसिया अरिकुलीफार्मिस और नीम जैसे जीवनदायी वृक्षों का रोपण हुआ। यह कार्य न केवल स्थानीय लोगों की सहभागिता से सम्पन्न हुआ, बल्कि इसकी देखरेख में भी समाज की सक्रिय भूमिका रही। आज इस वनखंड में 95.69 प्रतिशत पौधे जीवित हैं और यह क्षेत्र एक सघन हरे आवरण की शक्ल ले चुका है, जो स्थानीय तापमान, पक्षियों की उपस्थिति और कार्बन अवशोषण में अहम योगदान दे रहा है।

**एनएसआई परिसर मियावाकी फारेस्ट से सँवरा**

वर्ष 2021 में राष्ट्रीय शर्करा संस्थान परिसर की केवल एक हेक्टेयर भूमि पर मियावाकी तकनीक से एक घना जंगल विकसित किया गया। यहाँ महुआ, जामुन, शीशम, आम, इमली, बेल, करौंदा, नीम, बोगनबेलिया, मेंहदी, तुलसी, अडूसा, भटकटैया जैसे 35,000 से अधिक पौधे एक साथ लगाए गए। यह जगह अब केवल पौधों का जमावड़ा नहीं, बल्कि प्रकृति का एक आत्मीय कोना बन चुकी है, जहाँ मिट्टी, पत्तियाँ और हवा, तीनों मिलकर जीवन रचते हैं। शहर के बीचोंबीच बना यह छोटा-सा जंगल लोगों को सुकून देता है और बच्चों को प्रकृति से जोड़ता है।

**घाटमपुर स्थित नवेली पॉवर प्लांट में 50 हेक्टेयर का वन क्षेत्र हुआ विकसित**

वर्ष 2024 में घाटमपुर क्षेत्र स्थित नवेली पावर प्लांट परिसर की 50 हेक्टेयर ऊसर भूमि पर 1.25 लाख पौधों का रोपण हुआ। यहाँ की मिट्टी कठोर और अनुपजाऊ थी, लेकिन सही प्रजातियों का चयन किया गया जैसे देशी बबूल, अरु, कंजी और सिरस और लगातार देखभाल के कारण अब यह क्षेत्र हरियाली से आच्छादित है। 97 प्रतिशत से अधिक पौधों की सफलता दर यह बताती है कि यदि नीयत सच्ची हो और हाथ कई हों, तो ऊसर जमीन भी हरी हो सकती है। इन तीनों स्थलों सहित विभिन्न स्थानों एवं मार्गों के किनारे न सिर्फ़ पेड़ उगे हैं, बल्कि पर्यावरण को लेकर एक सोच भी विकसित हुई है। स्थानीय लोगों में अब पेड़ को लेकर आत्मीयता दिखती है। यह हरियाली अब जीवन का हिस्सा बन चुकी है।

प्रभागीय वन अधिकारी दिव्या ने बताया कि हर नागरिक वृक्षारोपण को अपना दायित्व समझे। जब आमजन पौधों की देखभाल को अपनाते हैं, तब वे अपने बच्चों के लिए शुद्ध वायु और जीवन सुनिश्चित करते हैं। जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह ने जनपदवासियों से अनुरोध किया कि आगामी 9 जुलाई को वृहद वृक्षारोपण अभियान के अंतर्गत एक पेड़ मां के नाम जरूर लगाएं। यह केवल पर्यावरण की रक्षा नहीं है, यह हमारी अगली पीढ़ियों के प्रति हमारा दायित्व है।

**9 जुलाई को एलन फारेस्ट में आयोजित होगा पौधरोपण कार्यक्रम**

9 जुलाई को जनपद में विभिन्न स्थानों पर वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जनपद स्तर पर मुख्य कार्यक्रम एलन फारेस्ट में आयोजित किया जाएगा, जहां सूक्ष्म, मध्यम एवं लघु उद्योग विभाग के माननीय मंत्री श्री राकेश सचान जी की अध्यक्षता में मियावाकी पद्धति से पौधरोपण किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन प्रातः 11:30 पर किया जाएगा।

# महिला ने बना डाली गैंगरेप की झूठी कहानी, परिचितों को फसाने की साजिश हुई नाकाम

### ● पुलिस जांच में खुली पोल तो महिला ने बताया कि बहकावे में आकर लगाया था आरोप

### ग्रामीणों की मांग - षड्यंत्र करने वाली महिला के खिलाफ पुलिस ने क्यों नहीं की कार्रवाई?

स्वतंत्र प्रभात

**निगोहां।** इलाके की एक महिला अपने दो परिचितों के साथ शराब पिया। फिर, बाइक से घर जा रही थी, रास्ते में बाइक से गिरने के बाद वह चोटिल हो गयी। जिसके बाद वह सीधा निगोहां थाने पहुँची और गैंगरेप की बात कहने लगी। जिसके बाद,पुलिस तुरंत हरकत में आयी और मौके पर जांच करने पहुंची तो पता चला कि मामला फर्जी। पुलिस ने महिला से पूछताछ शुरू की तो महिला टूट गई और बताया कि उसके साथ गैंगरेप जैसी कोई घटना नहीं हुई। अपने आप को फँसता देख महिला ने बताया कि, उसको बहकाया गया है। वहीं लोगों में महिला के प्रति काफी आक्रोश है। ग्रामीणों का कहना है कि आरोपी महिला जब निर्दोषों को फसाने के लिए षड्यंत्र रच रही है तो पुलिस ने उसे पर कार्रवाई क्यों नहीं की? फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

इलाके के एक गांव की रहने वाली महिला निगोहा बाजार गैस सिलेंडर भरवाने के लिए आई थी। उनके साथ उनके दो परिचित लोग भी थे। जब गैस नहीं मिली तो वापस अपने घर जा रहे थे। रास्ते में तीनों लोगों ने शराब खरीद और एक प्लाटिंग कंपनी में बैठकर शराब पी। फिर तीनों बाइक पर बैठे और गांव के लिए जैसे ही उनकी बाइक एक रेलवे क्रॉसिंग के पास पहुंची तो महिला बाइक से गिर गई और चोटिल हो गई। इसी से नाराज होकर महिला निगोहा थाने पहुंची और अपने ऊपर गैंगरेप जैसी रंगीन वारदात करने का आरोप लगाकर मामले की तहरीर दी। जिसके बाद पुलिस हरकत में आई और मौके पर जांच करने के लिए गई तो पता चला कि वहां मामला कुछ ही है। फिर पुलिस ने इस महिला से कड़ाई से पूछताछ करना शुरू किया तो बताया कि उसके साथ कोई घटना नहीं हुई है जो लोग उसके साथ थे उनको फसाने के लिए उसने गैंगरेप का आरोप लगाया था। वहीं लोगों की मांग है कि,जब आरोपी महिला परिचितों को फसाने के लिए झूठी कहानी रचना स्वीकार कर रही है तो पुलिस ने महिला पर कार्रवाई क्यों नहीं की--? यही नहीं, जब महिला के आरोप सफल नही हुए तो अपने बचाव में महिला ने लोगों के बहकावे में आकर तहरीर देने की बात कही। फिलहाल पुलिस के आलाधिकारी मामले की जांच कर रहे है। एसीपी मोहनलालगंज रजनीश वर्मा ने बताया कि मारपीट का मुकदमा दर्ज किया गया है, मामले की गहनता से जांच की जा रही है।

# खाद्य पदार्थों में मिलावट करने वालों की शामत

### ●मिलावटखोरों के विरुद्ध निरंतर चलेगा अभियान

### मिलावटखोरों के विरुद्ध सख्त हुए जिलाधिकारी 1 वर्ष से अधिक कार्यरत समस्तFSSAI अधिकारी के कार्य क्षेत्र का परिवर्तन किया जाए।

स्वतंत्र प्रभात



**कानपुर।** जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के साथ बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने कड़े निर्देश देते हुए कहा कि जनपद में मिलावटी खाद्य पदार्थों की रोकथाम हेतु प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी ने खाद्य सुरक्षा अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि उनके द्वारा अपने अपने क्षेत्रों में खुफिया तंत्र सक्रिय कर मिलावटी सामग्री के निर्माण, भंडारण एवं विक्रय करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।साथ ही यह सुनिश्चित किया जाए कि जनपदवासियों को शुद्ध एवं मिलावट रहित खाद्य सामग्री उपलब्ध हो। जिलाधिकारी ने समस्त FSSAI अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि उनके द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों में नियमित निरीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही करें । जिलाधिकारी द्वारा खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम (FSSAI) के अंतर्गत जनपद के समस्त खाद्य सुरक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में मोमोज, समोसा आदि खाद्य सामग्री विक्रेताओं द्वारा प्रयोग की जा रही सामग्री की गुणवत्ता की नियमित रूप से जांच करें। यह सुनिश्चित किया जाए कि विक्रेताओं द्वारा मानक विहित (FSSAI मानक) खाद्य सामग्री का ही उपयोग किया जा रहा है। यदि किसी भी प्रकार की अमानक, मिलावटी या हानिकारक खाद्य सामग्री का प्रयोग पाया जाता है, तो उसके विरुद्ध तत्काल प्रभाव से विधिसम्मत कठोर कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। साथ ही, जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि छापेमारी अथवा जांच कार्यवाही के दौरान अनावश्यक रूप से निर्दोष व्यक्तियों को परेशान न किया जाए, परंतु जो व्यक्ति दोषी पाए जाएं, उन्हें किसी भी दशा में छोड़ा न जाए और उनके विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाए।

जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि अभियान को प्रभावी, निष्पक्ष एवं पारदर्शी रूप से संचालित किया जाए और जनहित में खाद्य सुरक्षा बनाए रखने हेतु पूरी जिम्मेदारी से कार्य करें। जिलाधिकारी ने सहायक आयुक्त खाद्य संजय प्रताप सिंह को निर्देशित करते हुए कहा कि ऐसे समस्त FSSAI अधिकारी जो किसी एक कार्यक्षेत्र में 1 वर्ष से अधिक समय से कार्यरत हैं, उनके कार्यक्षेत्र का परिवर्तन किया जाए।कार्यक्षेत्र परिवर्तन की प्रक्रिया एक सप्ताह के भीतर पूर्ण की जाए।

# आत्रेय अकादमी को 10 विकेट से हराकर आनंदवन इंटर कॉलेज बना जनपदीय क्रिकेट का विजेता

स्वतंत्र प्रभात



**प्रतापगढ़।** स्पोर्ट्स स्टेडियम में खेली जा रही क्रिकेट प्रतियोगिता में फाइनल मुकाबला आनंदवन इंटर कॉलेज और आत्रेय अकादमी के बीच खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी आत्रेय अकादमी के बल्लेबाज आनंदवन इंटर कॉलेज के गेंदबाजों के सामने टिक नहीं पाए और पूरी टीम 11.1 ओवरों में ही मात्र 37 रन पर ही ढेर हो गई।आनंदवन इंटर कॉलेज के लिए आदर्श ने 3 और रुस्तम ने 2 विकेट लिए,जबकि सूर्यांश 6 और हर्षित ही मात्र 4 रन बना पाए। आसान लक्ष्य का पीछा करने उतरी आनंदवन ने 3 ओवरों में ही इमदाद के 28 रनों की बदौलत फाइनल मुकाबला 10 विकेट से जीत लिया।समापन समारोह के मुख्य अतिथि विधायक सदर राजेंद्र मौर्य, भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव भाजपा मीडिया प्रभारी राघवेंद्र शुक्ला ने संयुक्त रूप से विजेता और उप विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया।

इस मौके पर उप जिला खेल अधिकारी और ताइक्कांडो प्रशिक्षक रंजीत यादव, जिला क्रिकेट के आयोजन सचिव दुर्गेश तिवारी उर्फ मुन्ना, अंतरराष्ट्रीय हैंडबॉल खिलाड़ी और प्रशिक्षक सचिन शुक्ला, जिम ट्रेनर विक्रम प्रताप सिंह, एथलेटिक्स प्रशिक्षक शोभनाथ यादव, कुश्ती प्रशिक्षक अरविंद कुमार, खेलो इंडिया हॉकी प्रशिक्षक आशुतोष सिंह, फुटबॉल प्रशिक्षक बुद्ध प्रकाश, कंप्यूटर ऑपरेटर निखिल राणा और विनीत मिश्रा उपस्थित रहे ,कार्यक्रम का संचालन पूर्व रणजी ट्रॉफी खिलाड़ी और क्रिकेट प्रशिक्षक आदित्य शुक्ला ने किया।अंत में जिला खेल अधिकारी पूनम लता राज ने आए हुए सभी गणमान्य अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# पर्यावरण संरक्षण के लिए वृक्षारोपण अति महत्वपूर्ण - रोशन लाल उमरवैश्य

### ● कालेज कैम्पस में 101पौधे लगाये गये

स्वतंत्र प्रभात



**प्रतापगढ़।** प्रधानमंत्री के "एक पेड़ मां के नाम" पर मेरा युवा भारत के तत्वावधान में मंगलवार चारू नर्सिंग कालेज भुपियामऊ में स्वच्छता एवं पर्यावरण पर एक संगोष्ठी एवं पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गई। पोस्टर प्रतियोगिता के विजयी प्रतिभागियों को शील्ड प्रदान करने के उपरांत आयोजित गोष्ठी को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि समाजसेवी रोशन लाल उमरवैश्य ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए वृक्षारोपण अति महत्वपूर्ण है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के "एक पेड़ मां के नाम" का संदेश पूरे देश में प्रमुखता से चल रहा है। उन्होंने छात्राओं को संबोधित करते हुए सभी से मां के नाम पर एक पेड़ लगाकर उसका संरक्षण करने का आवाह्न किया। पोस्टर प्रतियोगिता में 50 से अधिक छात्राओं ने भाग लिया जिसमें रूबी कुमारी प्रथम, ममता सोनी द्वितीय तथा संजना गुप्ता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जिन्हें मुख्य अतिथि ने शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया।

इस अवसर पर प्रारंभ में मुख्य अतिथि ने दीप प्रज्वलित कर तथा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।कार्यक्रम का सफल संचालन माई युवा भारत के वरिष्ठ लेखाकार विनय कुमार मिश्र ने किया। इस अवसर पर सक्षम फाउंडेशन के निदेशक प्रभात पांडे, नर्सिंग कॉलेज के प्राचार्य अजय सक्सेना, मुकेश मौर्य, प्रभारी अधिकारी एनसीबी, पूर्व सहायक निदेशक सूचना आरबी सिंह, राज्यप्रशिक्षक विश्वजीत सिंह आदि ने कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण पर प्रकाश डाला। कालेज परिसर में सभी अतिथियों तथा छात्राओं द्वारा 101 पौधरोपित किए गए। वरिष्ठ लेखाकार विनय कुमार मिश्र ने सभी अतिथियों को शील्ड व अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया तथा सभी को एक पेड़ मां के नाम की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में विशेष पांडे, आयुष सिंह, श्याम नारायण पटेल, प्रांजल तिवारी आदि का विशेष योगदान रहा।

# गौरीगंज पुलिस व स्वाट/सर्विलांस टीम जनपद अमेठी द्वारा चोरियों का अनावरण

### ● 03 नफर अन्तर्जनपदीय शातिर बैट्री चोर गिरफ्तार, कब्जे से कुल 208 बैट्रियां (ई-रिक्शा बैट्री, इन्वर्टर बैट्री, मोटरसाइकिल बैट्री व अन्य चारपहिया वाहनों की बैट्री), चोरी की घटना में प्रयुक्त महिन्द्रा पिकअप व डीसीएम बरामद



**अमेठी ।** पुलिस अधीक्षक अमेठी अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी शैलेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत क्षेत्राधिकारी गौरीगंज अखिलेश वर्मा के कुशल नेतृत्व में उपनिरीक्षक महेन्द्र सरोज थाना गौरीगंज जनपद अमेठी मय हमराह व उपनिरीक्षक अनूप कुमार सिंह प्रभारी स्वाट/सर्विलांस टीम जनपद अमेठी मय हमराह देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान क्षेत्र में मौजूद थे तभी मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि पड़री सम्भावा रोड के करीब 01 किलोमीटर आगे सूनसान जगह पर बैट्री चोर गैंग महिन्द्रा पिकअप से डीसीएम में बैट्रियां लाद रहे हैं । उक्त सूचना पर पुलिस टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर घेराबन्दी कर हिकमतअमली से 03 व्यक्तियों को पकड़ लिया गया तीनों व्यक्तियों से नाम पता पूछने पर पहले ने अपना नाम सद्दाम पुत्र आलेमान खान निवासी पूरे कुरैशी मजरे राहटीकर थाना उदयपुर जनपद प्रतापगढ़ उम्र करीब 25 वर्ष बताया, दूसरे ने अपना नाम मकसूद उर्फ दुन्ने पुत्र आलेमान खान निवासी पूरे कुरैशी मजरे राहटीकर थाना उदयपुर जनपद प्रतापगढ़ उम्र करीब 35 वर्ष बताया तथा तीसरे ने अपना नाम दीपांशू पुत्र स्व0 राम कुमार कोरी निवासी पूरे बेनीदीन मजरे अच्छापुर थाना उदयपुर जनपद प्रतापगढ़ उम्र करीब 22 वर्ष बताया । महिन्द्रा पिकअप वाहन सं0 यूपी 33 बीटी 4151 में ई रिक्शा की 39 बैट्रियां व डीसीएम वाहन सं0 यूपी 32 एसएन 5160 में इन्वर्टर की 64 बड़ी बैट्रियां, मोटरसाइकिल की 90 बैट्रियां व चारपहिया वाहनों की 15 बैट्रियां कुल 208 बैट्रियां मौजूद मिली । उक्त दोनों वाहनों के कागज मांगने पर दिखा न सके । पुलिस टीम द्वारा की गई पूछताछ में तीनों अभियुक्तों ने बताया गया कि हम अपने 02 अन्य साथी प्रवीण सिंह पुत्र उदयभान सिंह निवासी अच्छापुर थाना उदयपुर जनपद प्रतापगढ़ व मुन्ना पुत्र शाही इमाम निवासी दीवानगंज कल्याणपुर कला थाना उदयपुर जनपद प्रतापगढ़ के साथ मिलकर जनपद बाराबंकी, अयोध्या, सुलतानपुर, रायबरेली, प्रतापगढ़ व अमेठी में सड़क के किनारे व घरों के आसपास सूनसान स्थानों पर खड़े ई रिक्शा लोडर का लॉक काटकर बैट्री व चार्जर, घरों से इन्वर्टर की बैट्री व चार पहिया वाहनों की बैट्रियों को चोरी से निकालकर बेंच देते हैं । करीब 15 दिन पहले हम पांचों लोगों ने मिलकर जनपद अमेठी के थानाक्षेत्र अमेठी के संतोषी नगर, जंगल रामनगर गांव से ई-रिक्शा डाला से बैट्री चोरी की थी, लगभग 01 महीने पहले थानाक्षेत्र रामगंज के भादर उदयनगर गांव में एक घर के बगल खड़े ई रिक्शा डाला से बैट्री चोरी की थी एवं लगभग पौने दो महीने पहले थानाक्षेत्र गौरीगंज के असैदापुर गांव में एक घर के बाहर खड़े बैट्री डाला को ले जाकर पड़री के पास सूनसान जगह पर खड़ा करके 04 बैट्रियां चोरी करके डाला को वहीं पर छोड़ दिया था । अभियुक्तों ने बताया कि उनके साथी प्रवीण सिंह उपरोक्त को लगभग 15 दिन पहले थाना लालगंज अझारा पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है । हमलोग ज्यादातर चोरियां प्रवीण सिंह की बोलेरो से ही करते थे । गिरफ्तारी व बरामदगी के संबंध में थाना गौरीगंज पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की गई।जनपद अमेठी के थानाक्षेत्र गौरीगंज, अमेठी व रामगंज में हुई चोरियों के संबंध में संबंधित थानों पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही प्रचलित है । उक्त चोरियों का अनावरण करते हुए चोरियों से संबंधित बैट्रियों की बरामदगी की गयी है व अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है ।

# संक्षिप्त खबरें

## कस्बा के फीडर से विद्युत आपूर्ति से खुशी

**सिद्धार्थनगर।** उसका बाजार नगर पंचायत क्षेत्र के कृष्णा नगर वार्ड के मोहल्ला रेहरवा, चौबाहेडीह आदि में अभी तक ग्रामीण क्षेत्र की की फीडर से विद्युत आपूर्ति हो रही थी। सभासद पूनम त्रिपाठी और इनके प्रतिनिधि अभिषेक त्रिपाठी के अथक प्रयास से यह अब नहर क्षेत्र की फीडर से विद्युत आपूर्ति शुरू हुई है। सभासद प्रतिनिधि अभिषेक त्रिपाठी ने बताया कि एक ही वार्ड में ग्रामीण और कस्बा क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति से नागरिकों में काफी रोष था। कुछ मुहल्लो में बिजली रहती थी तो कुछ में नही । वार्ड के सभी मुहल्ले के उपभोक्ताओं का अब उसका बाजार विद्युत उपकेंद्र से कस्बा की लाइन से आपूर्ति शुरू हो गई है। इसके लिए काफी समय से विद्युत विभाग के अधिकारियों को पत्र भेज कर मांग की जा रही थी। पूरे वार्ड में कस्बा के फीडर से विद्युत आपूर्ति शुरू होने से नागरिकों में काफी खुशी है।

## विशाल भंडारे का किया गया आयोजन



**बिसवां-** सीतापुर प्राचीनतम और ऐतिहासिक शिव मंदिर मंगरहिया बाजार (धनुष वाला) का जीर्णोद्धार 28 जून 2023 आषाण शुल्क पक्ष दशमी विक्रम संवत 2080 को सम्पन्न हुआ था। मंगलवार को मंदिर के जीणोद्धार के दो वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया ।प्रातः से शिव भक्तों ने शिव जी का पूजन अर्चन प्रारम्भ कर दिया था। भारी संख्या में उपस्थित शिव भक्त भजन कीर्तन कर रहे थे। इस अवसर पर आयोजक मंडल के अशोक अग्रवाल ने श्रद्धालुओं का स्वागत किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से प्रखर वैश्य रमाशंकर मिश्रा विजय रस्तोगी प्रफुल रस्तोगी अनुराग सिंह प्रेम यादव रामअधार रस्तोगी सहित सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## मामूली बात को लेकर पीटने को लगाया आरोप, पुलिस से शिकायत

**लालगंज (रायबरेली)।** कोतवाली क्षेत्र के कुंभडौरा गांव के रहने वाले दीपू पासी ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर दो लोगों पर मामूली बात को लेकर मारपीट करने का आरोप लगाया। पीड़ित ने बताया कि वह अपने साथी के साथ साइकिल से अपने गांव लौट रहा था। तभी गांव के निकट मोड़ पर सामने से आ रहे एक व्यक्ति की साइकिल से उसकी टक्कर हो गई। आरोपी साईकिल का रिम टेढ़ा कर देने की उलाहना देते हुए उससे सौ रुपये भी लिए। इसके बावजूद गाली गलौज करते हुए उसके साथ मारपीट की। बीच बचाव कर रहे उसके साथी को पीटा। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि मामला जानकारी में नहीं है तहरीर मिलने पर जांच कर कार्यवाही होगी।

## दो मोटरसाइकिलों में हुई टक्कर एक 28 वर्षीय युवक गंभीर रूप से घायल जिला रेफर

**महराजगंज/रायबरेली-** कोतवाली क्षेत्र के कुसुढी सागरपुर चौराहे के पास दो मोटरसाइकिलों के आमने-सामने हुई टक्कर में एक 28 वर्षीय युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों व स्थानीय लोगों की मदद से सूचना पर पहुंची 108 एंबुलेंस पर लादकर घायल को सीएचसी महराजगंज लाया गया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी स्थिति को गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। आपको बता दें कि,घटना महराजगंज कोतवाली क्षेत्र के कुसुढ़ी सागरपुर चौराहे के पास की है, आज मंगलवार 8 जुलाई 2025 को सुबह लगभग 8:00 बजे हलोर कस्बा निवासी उमेश कुमार (28) पुत्र मैकूलाल अपनी मोटरसाइकिल से किसी काम के लिए महराजगंज आ रहा था, जैसे ही वह कुसुढ़ी सागरपुर चौराहे के पास पहुंचा, महराजगंज की तरफ से जा रहे मोटरसाइकिल सवार की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में हलोर निवासी युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, चीख पुकार सुनकर स्थानीय लोगों और राहगीरों की सूचना पर घटनास्थल पर पहुंची 108 एंबुलेंस पर लादकर उसे सीएचसी लाया गया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसके दाहिना पैर मे फैक्चर होने की वजह से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। मामले में कोतवाल जगदीश यादव का कहना है कि, घटना की जानकारी मिली है, अगर पीड़ित परिजनों द्वारा तहरीर मिली तो आवश्यक विधिक कार्यवाही की जाएगी।

# श्रीभूमि जिले के दरगारबंद जीपी कार्यालय में माला सिन्हा और सभी वार्ड सदस्य का स्वागत समारोह कार्यक्रम संपन्न

स्वतंत्र प्रभात







श्रीभूमि जिले के दुल्लभछड़ा विकास खंड के अंतर्गत स्थित दरगारबंद जीपी के 8 नंबर वार्ड से बिना किसी प्रतियोगिता के विजयी माला सिन्हा अन्य विजयी वार्ड सदस्यों और सदस्यों के साथ (सोमवार) 7 जुलाई को पति दीपन सिन्हा से आशीर्वाद लेकर शुभ समय पर कार्यालय में प्रवेश करती हैं। वार्ड सदस्य क्रमशः 1 नंबर वार्ड की मनिका हलदार, 2. दीपा सिन्हा, 3. श्याम कुमार सिन्हा, 4. मिताली सिन्हा, 5. कावेरी सिन्हा, 6. उत्तम सिन्हा, 7. चंद्र बाबू सिंह, 8. माला सिन्हा, 9. विमल सिन्हा, 10. कनक बाला दास के साथ उपस्थित थे एपी सदस्य सुरेंद्र कुमार सिन्हा, जीपी के पूर्व अध्यक्ष हेमेंद्र चाटार्जी, अध्यक्ष देवाशीष सिन्हा, रिटायर्ड एडीसी नीलमणि दास, समाजसेवी शुभेंदु शेखर दास, संपद लाल बर्दिया, बाबुल भौमिक, टीएस आईडेल पॉइंट के अध्यक्ष सूरजीत सिन्हा, रिटायर्ड अध्यक्ष ब्रज गोपाल सिन्हा, रिंकू सिंह राय, पातियाला जीपी के पूर्व अध्यक्ष दीपु सिन्हा समेत विशिष्ट व्यक्ति मौजूद थे। समाजसेवी मनोरंजन सिन्हा के नेतृत्व में आयोजित सभा की शुरुआत में सभानेत्री माला सिन्हा के साथ वार्ड सदस्य और शुभ चिन्तक को तोलिया का साथ स्वागत किया गया। नव-निर्वाचित सभानेत्री के लिए व्यक्तिगत रूप से दुल्लभछड़ा सहकारी समिति के सचिव और समाज सेवक दीपन सिन्हा ने फर्नीचर बैठने के लिए चेयर के साथ कार्यालय में रंग करने के लिए कई लोगों में उनकी प्रशंसा की। विभिन्न स्रोतों से मिली जानकारी के अनुसार क्षेत्र के शुभ चिन्तक विजय कृष्ण सिन्हा ने उक्त जीपी स्थापित करने के लिए भूमि दान की थी। लेकिन उस समय के दरगारबंद जीपी अध्यक्ष उत्पल सिन्हा की कोशिशों में जीपी घर निर्माण का कार्य पूरा किया गया। अभी भूमि दाता जीवित नहीं हैं हालांकि सभा के दिल में उनका नाम याद रखा गया। सभा में उपस्थित विभिन्न वक्ताओं ने जब अपने विचार व्यक्त किए, तब कहा कि जनताओं की समस्या समाधान का एकमात्र भरोसा गांव पंचायतें हैं, जिनकी भूमिका अपार है और जिन्हें जनसभा का नाम दिया गया है। और सदस्यों को बूथ स्तर के एमपी कहा जाता है। जहां सामान्य नागरिक की राय को महत्व दिया जाता है। इसके अलावा सभा में प्रत्येक वार्ड में मैंबर दल के बूथ प्रेसिडेंट और समाज चिन्तक के साथ समिति गठन के प्रस्ताव रखा गया।

# दिल्ली कमेटी आम चुनाव का बजा बिगुल

**● शिरोमणी अकाली दल ने प्रधानमंत्री का किया धन्यवाद**

**यह दिल्ली के सत्ता मदमस्त लोगों की नैतिक हार - सरना-जी.के**

स्वतंत्र प्रभात




**नई दिल्ली** – नई दिल्ली (8 जुलाई 2025) दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के आम चुनाव का बिगुल बजने का शिरोमणी अकाली दल ने स्वागत किया है। शिरोमणी अकाली दल दिल्ली इकाई के अध्यक्ष परमजीत सिंह सरना तथा दल के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष मनजीत सिंह जी.के. ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का इस संबंध में धन्यवाद करते हुए बताया कि हमने 23 जून को दिल्ली कमेटी की सदस्यता से अपना इस्तीफा प्रधानमंत्री कार्यालय को सौंपा था। अपने इस्तीफा पत्र में हमनें प्रधानमंत्री जी को सिख धार्मिक स्वायत्तता पर दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता तथा दो मंत्रियों प्रवेश वर्मा तथा मनजिंदर सिंह सिरसा के द्वारा किए जा रहे सरकारी हस्तक्षेप से अवगत कराया था। साथ ही दिल्ली के उपराज्यपाल द्वारा आम चुनावों की जगह 25 जून को कमेटी के आंतरिक चुनाव करवाने का विरोध भी किया था। जिसके बाद अब दिल्ली गुरुद्वारा चुनाव निदेशालय के द्वारा आम चुनावों के लिए नई फोटो वाली सूची बनाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है दिल्ली कमेटी के पूर्व अध्यक्ष रहें दोनों अकाली नेताओं ने बताया कि दिल्ली गुरुद्वारा चुनाव निदेशालय के द्वारा 3 जुलाई को जारी पत्र के माध्यम से सभी 46 वार्डों के जोनल/ ई.आर.ओ. दफ्तरों का पता, 23 जोनों के 12 ई.आर.ओ तथा 46 ए.ई.आर.ओ के नाम जारी कर दिए गए हैं। हालांकि इस बारे जारी 46 वार्डों के जोनल/ ई.आर.ओ. दफ्तरों में कई जगह पुराने दफ्तरों को बदला गया है। साथ ही दो इतिहासिक गुरुद्वारों माता सुंदरी जी तथा दमदमा साहिब के साथ दिल्ली कमेटी के प्रबंध वाले 3-4 अन्य स्थानीय गुरुद्वारों को भी जोनल/ ई.आर.ओ. दफ्तर बनाया गया है। उक्त नेताओं ने कहा कि दिल्ली सरकार तथा दिल्ली कमेटी के अघोषित गठजोड़ के बावजूद प्रधानमंत्री मोदी द्वारा सख्ती से दिल्ली कमेटी के आम चुनावों की रुकावट को हटाना दिल्ली हाईकोर्ट के आदेश की परिपालना में भी सहायक साबित होगा। यह दिल्ली के उन सत्ता मदमस्त लोगों की नैतिक हार है, जो सरकार के सहारे दिल्ली कमेटी पर अवैध तरीके से अपना कब्जा बरकरार रखने का ख्वाब लें रहें थे।

# पं. राम शंकर मिश्र की 15वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा सम्पन्न

स्वतंत्र प्रभात



**सिद्धार्थनगर।** बुद्ध विद्यापीठ स्नातकोत्तर महाविद्यालय नौगढ़, सिद्धार्थनगर में स्व. पंडित राम शंकर मिश्र की 15वीं पुण्यतिथि श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। स्व.पंडित राम शंकर मिश्र बुद्ध शिक्षा परिषद्, बर्डपुर के संस्थापक थे, जिसके अंतर्गत बुद्ध विद्यापीठ पी.जी. कॉलेज, बुद्ध विद्यापीठ इंटर कॉलेज बर्डपुर, नेहरू इंटर कॉलेज ककरहवा, तथा बुद्ध बालिका डिग्री कॉलेज जैसे प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थान संचालित हो रहे हैं। कार्यक्रम में बुद्ध शिक्षा परिषद् के प्रबंधक राजेश चंद्र शर्मा, प्राचार्य डॉ. अभय कुमार श्रीवास्तव, नगर पालिका परिषद सिद्धार्थनगर के अध्यक्ष गोविंद माधव, तथा विशिष्टअतिथियों में प्रह्लाद पांडेय, प्रकाश चंद्र चौधरी, राणा प्रताप सिंह, जय शंकर मिश्र, रामकृष्ण पांडेय, उत्सव तिवारी, डॉ. विनय कान्त मिश्र, अबरार अहमद, रवींद्र कुमार, राम कृष्ण पाण्डेय, राहुल चौधरी, और रामचंद्र यादव उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान नगर पालिका परिषद सिद्धार्थनगर के अध्यक्ष गोविंद माधव ने स्व0 पंडित राम शंकर मिश्रा की एक आदम का मूर्ति सोहांस मोड चौराहे पर स्थापित किये जाने की घोषणा की जाएगी सभी वक्ताओं ने स्व. मिश्र जी के शिक्षा, संस्कृति और समाज सेवा के क्षेत्र में योगदान को स्मरण करते हुए कहा कि उन्होंने अपने जीवन को ग्रामीण अंचल में शिक्षा की अलख जगाने में समर्पित कर दिया। उनके कार्य आज भी विद्यार्थियों और शिक्षकों के लिए प्रेरणा स्रोत हैं। उधर बुद्ध विद्यापीठ इंटर कॉलेज के प्रांगण में श्रद्धांजलि सभा का आयोजित की किया गया, जिसमें विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं समस्त शिक्षकों/शिक्षणेत्तर कर्मचारियों ने प्रतिभा किया और स्व0 पंडित राम शंकर मिश्रा जी के योगदान को याद किया।

# बारिश न होने से उमस भरी गर्मी से जनजीवन बेहाल, किसानों के खेत की रोपाई भी प्रभावित

स्वतंत्र प्रभात

**सिद्धार्थनगर।** बरसात का महीना चल रहा है और बुद्ध की धरती से बारिश रूठी हुई है। बारिश न होने से उमस भरी गर्मी से जनजीवन बेहाल हो रहा है। धूप ऐसी निकल रही है कि घर के बाहर निकलने वालों का सिर चकरा जा रहा है। आसमान में बादलों की काली घटा तो दिखाई दे रहा है लेकिन बगैर बरसे लौट जा रहा है। बारिश न होने से किसानों की रोपाई प्रभावित हो रही है। बिजली कटौती भी उमस भरी गर्मी में शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों के लोगों को परेशान किए है। जिले में अब तक एक भी दिन ऐसा नहीं हुआ जब एक घंटे भी लगातार मूसलाधार बारिश हुई। बारिश हुई है इससे इंकार नहीं लेकिन दो से 10 मिनट वाली वह भी हल्की बरसात जो उमस को और बढ़ा दे रही है। आसमान में हर दिन बादलों का डेरा दिखता है।

कभी भूरे तो कभी काले बादल आते रहते हैं इससे लगता है कि अगले कुछ देर में बारिश हो जाएगी लेकिन वह बिना बरसे लौट जा रहे हैं। बारिश न होने से एक ओर जहां आम जनजीवन उमस भरी गर्मी से बेहाल है वहीं किसान परेशान हैं। धान की रोपाई करने में दिक्कत आ रही है। उन्हें पानी चलाकर रोपाई करनी पड़ रही है इससे उन पर अतिरिक्त खर्च को बोझ पड़ रहा है। किसान शेर खान का कहना है कि पंपसेट से खेत में पानी चलाया है। पलेवा करने के बाद रोपाई करेंगे। रोपाई के बाद भी बारिश नहीं हुई तो फिर पानी चलाना मजबूरी होगी क्योंकि रोपी गई बेहन पीली पड़ने का खतरा बना रहेगा। वहीं दूसरी ओर सुबह से ही सूरज निकल कर आग उगलने लग रहा है। जैसे-जैसे दिन चढ़ता जाता है उसकी तपिश बढ़ती जाती है। इतनी तेज धूप हो रही है कि घर से बाहर लोग निकलने से बच रहे हैं जो निकल भी रहे हैं वह धूप की तपिश से चकरा जा रहे हैं।

## राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं गोवा प्रभारी मनीष जगन अग्रवाल मार्ग दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल

स्वतंत्र प्रभात



**बिसवां** – सीतापुर समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता समाजवादी व्यापार सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं गोवा प्रभारी मनीष जगन अग्रवाल विगत दिवस दिल्ली से लौटते समय लखनऊ आगरा एक्सप्रेस हाईवे पर मार्ग दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए थे। मनीष अग्रवाल बिसवां के निवासी हैं उनके घायल होने का समाचार सुनकर नगर वासियों ने उनके स्वास्थ्य लाभ की कामना की। बताते चले कि विगत दिवस सुशांत गोल्फ सिटी लखनऊ स्थित उनके आवास पर पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने भी पहुंचकर उनके स्वास्थ्य का हाल-चाल लिया और शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की।

# पुलिस मुठभेड़ में 25 हजार का इनामी ,शातिर चोर के पैर में लगी गोली गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात



**सिद्धार्थनगर ।** एसओजी, थाना लोटन व थाना मोहाना पुलिस की संयुक्त टीम व बदमाश के बीच हुई मुठभेड़, के दौरान 25,000/- का इनामी टॉप-टेन शातिर अपराधी के पैर में लगी गोली, जिसे घायलावस्था में किया गया गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 01 अदद अवैध तमंचा 315 बोर, 01 अदद जिन्दा कारतूस व 01 अदद खोखा कारतूस तथा 01 अदद मोटर साइकिल व 01 अदद मोबाइल फोन हुआ बरामद।अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक के आदेश के तहत अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में व मयंक द्विवेदी क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल पर्यवेक्षण में दिनेश कुमार सरोज थानाध्यक्ष लोटन व रोहित उपाध्याय थानाध्यक्ष मोहाना व जीवन त्रिपाठी प्रभारी एसओजी की संयुक्त टीम द्वारा सोमवार की रात्रि को अपराध एवं अपराधियो के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत संयुक्त चेकिंग के दौरान जनपद के थाना ढेबरूआ, गोल्हौरा, त्रिलोकपुर व खेसरहा से विभिन्न मुकदमे में वांछित तथा 25,000/- इनामिया, जनपद का टॉप 10 शातिर अपराधी सिराजुद्दीन उर्फ़ बबलू पुत्र ओवैदूर्रहमान निवासी बर्डपुर गोसाईगंज थाना मोहाना की संयुक्त पुलिस टीम व बदमाश में मुठभेड़ हुई, अभियुक्त सिराजुद्दीन उर्फ़ बबलू ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायर कर दिया, जिसमें थानाध्यक्ष लोटन बाल-बाल बच गये, पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ जबाबी कार्रवाई में अभियुक्त के पैर में गोली लगी, जिसे घायलावस्था में लोटन-ठेठरी मार्ग पर महदेईया मोड़ के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त द्वारा पुलिस पर अवैध असलहे से फायर करने अन्य बरामदगी के आधार पर थाना लोटन में मु0अ0स- 86/2025 धारा 109(2) बी एनएस व 3/25, 5/27(1) आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया तथा आवश्यक विधिक कार्यवाही की गई ।

# असम श्रीभूमि जिले के विद्यानगर में शांति और व्यवस्था के बीच पवित्र मोहर्रम उत्सव सम्पन्न

**● श्रीभूमि सांसद कृपानाथ मालाह मोहर्रम में उत्सवमुखर होकर आनंद उल्लास में जुट गए।**

स्वतंत्र प्रभात



**असम–** जात-पात का कोई प्रश्न नहीं है। हिंदू मुसलमान बगैर किसी भेदभाव के सभी मोहर्रम कार्यक्रम का आनंद लेते हैं। रविवार गत 6 जुलाई को श्रीभूमि जिले के अपने क्षेत्र विद्यानगर चाय बागान में हुए मोहर्रम उत्सव में श्रीभूमि के सांसद कृपानाथ मालाह शामिल हुए। सांसद की उपस्थिति में आयोजकों और उपस्थित दर्शकों ने उल्लास प्रकट किया। इस कार्यक्रम में शामिल होकर सांसद कृपानाथ मालाह बहुत खुश थे। उन्होंने पत्रकारों को बताया कि वह बचपन से हर साल विद्यानगर में मोहर्रम उत्सव होता देख रहे हैं। वर्तमान में विद्यानगर बागान के अलग-अलग चार पाड़ों में मोहर्रम का ताजिया बनाया जाता है। क्षेत्र का सबसे बड़ा और पुराना ताजिया 3 नंबर लाइन में अपने घर के पास बनाया गया है। बालूटिला, पहले नंबर और चुनातिगुल मिलाकर अब वर्तमान में चार स्थानों पर ताजिया बनाया गया है। दृष्टि उत्तम जुलूस चायघर के सामने लाया जाता है। वहाँ 3 नंबर लाइन के ताजिया को अन्य ताजिया के साथ अभिवादन किया जाता है। इसके बाद सबसे पहले 3 नंबर लाइन के ताजिया के पीछे अन्य ताजिया को जुलूस के साथ विद्यानगर नाचघर के मैदान में लाया जाता है। एक-दूसरे के साथ सजाकर लाठि खेल, जरिगान, मातम जरी और तलवार खेल का प्रदर्शन शुरू होता है। मनोहर उस दृश्य को देखने के लिए पड़ोसी गाँवों से हिंदू मुस्लिम सैकड़ों दर्शक आते हैं। परंपरागत इस प्रथा में भाग लेना बहुत अच्छा लगता है, यह बताते हैं सांसद कृपानाथ मालाह। जमी-जमाट इस आयोजन को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न करने में रामकृष्णनगर पुलिस प्रशासन और सशस्त्र बल तत्पर थे। इस बीच सांसद कृपानाथ के सामने विद्यानगर जीपी के पूर्व एपी सदस्य अजीजुर रहमान कहते हैं कि पहले जैसा लोगों के साथ गल मिल जाते हैं और उनको अपना बना लेते हैं उनका व्यवहार के लिए सांसद कृपानाथ मालाह को अल्पसंख्यक लोग प्यार करते हैं। व्यक्तिगतता और सौम्य व्यवहार के लिए अल्पसंख्यक सांसद कृपानाथ मलाह को आंतरिक रूप से प्यार करते हैं। वे कहते हैं, असम के सभी समय के सबसे अच्छे मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व शर्मा के साथ जब सांसद कृपानाथ मालाह भाजपा में आते हैं। तब राताबाड़ी क्षेत्र के हजारों अल्पसंख्यक लोग कृपानाथ मालाह के समर्थन में बीजेपी को वोट देते हैं। वर्तमान में भी अल्पसंख्यक सांसद के साथ हैं। यहां तक कि सांसद कृपानाथ मालाह को गांव के अल्पसंख्यक अपने अभिभावक के रूप में मानते हैं। हर बार की तरह इस बार भी विद्यानगर में आयोजित मोहरम उत्सव में भाग लेकर सांसद कृपानाथ मालाह ने अपनी महानता का परिचय दिया। इसके लिए आयोजकों की तरफ से सांसद मालाह के प्रति धन्यवाद ज्ञापन करते हैं विद्यानगर के पूर्व एपी सदस्य आजिजुर रहमान।

# धेमाजी में दल संगठन के साथ पत्रकारों के प्रदर्शन

**● पत्रकार माधुर्य सैकिया पर किए गए हमलावरों को गिरफ्तार कर न्याय देने की मांग ।**

स्वतंत्र प्रभात



**असम, धेमाजी** – प्राग सहयोगी न्यास की आह्वान में आज धेमाजी जिले काछारी मैदान के आंगन में धेमाजी के विभिन्न दल संगठनों की सामुहिक प्रदर्शन। उल्लेखनीय हे कि जीटी गत 4 जुलाई को धेमाजी जिले की डिमो में नव गठित सीमेन सीसी टंगानी विकास खंड के कार्यालय आंगन में पंचायत समिति गठन कार्यक्रम का खबर लेते बक्त बदमाशों के एक समूह ने सिलापथार के प्राग न्यूज के पत्रकार मधुर्या शैकिया के मोबाइल छीन लिया और एक बदमाशों की दल ने हमला कर दिया। पुलिस ने घटनास्थल से माधुर्य को उद्धार कर सिलापथार थाने ले आया, थाने में माधुर्ज्य ने एक स्थानीय छात्र संगठन टी एम पि के की दो नीता के कहने पर सैकिया के उपर हमला हुए कहकर एक मामला दर्ज कराया। घटना के 24 घंटे बीत जाने के बाद अरुण चुंगक्रांग, रंजीत इयन ,विजय पेगु और चिलचिलाई मिलि सहित सात आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया । दूसरी ओर माधुर्य को आक्रमण करने की आरोप में पूछताछ के लिए धेमाजी सदर थाने में लाया गया लोगों की परिवारों के लोगों का कहना है कि घटना की दिन उपर में नाम उल्लेखित कई भी घटना स्थल में मौजूद नहीं था। इधर माधुर्य द्वारा दर्ज कराया गया मामला अनुसार और वीडियो फ़ुटेज में दिखाई दे रही आक्रमणकारियों को गिरफ्तार की मांग में धेमाजी सदर कचारी मैदान की आंगन में असम के विभिन्न प्रांत के प्राग चैनल, ओर दैनिक जन्मभूमि,के पत्रकारों, सहित असम जातीयतावादी युवा छात्रा परिषद , चुटिया छात्र संघ, नागरिक सुरक्षा मंच, धेमाजी जिला कांग्रेस, महिला कांग्रेस के पदाधिकारियों सहित कई संगठनों के पदाधिकारियों ने भाग लिया। प्रदर्शन कार्यक्रम में प्राग न्यूज के मुख्य सम्पादक प्रशांत राजगुरु, ने भाग लेकर कहा कि जबतक पुलिस ने मूल आरोपियों को गिरफ्तार नहीं करेगी हमारा प्रदर्शन जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि जिला पुलिस अधीक्षक और राज्य के डीजीपी से उन्होंने इस मामले में बात किया हे , पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार करने की आश्वासन दिया है। लेकिन घटना के 4 दिन बाद भी मूल आरोपियों को गिरफ्तार ना कर पाना पुलिस पर राजनितिक दबाव होने का संदेश किया। प्रदर्शन कार्यक्रम प्राग न्यूज के कार्यकारी संपादक देवजीत भुइयां, दैनिक जन्मभूमि के मुख्य सम्पादक संजीव कुमार फूकन सहित प्राग- जन्मभूमि पेपर के सौ से अधीक पत्रकार सहित चार सौ से अधीक लोग शामिल होकर पत्रकारों की सुरक्षा की मांग में हाथों प्ले कार्ड लेकर नारेबाजी कर माधुर्य सैकिया पर किया आक्रमण के आरोपियों को गिरफ्तार कर न्याय दिलाने की मांग की।

## एक बार फिर चोरों ने दी पुलिस को चुनौती, छः हजार नगदी समेत करीब तीन लाख का जेवरात उड़ाया

**●त्रिलोकपुर थाना क्षेत्र के हटवा में एक माह में दूसरे घर को बनाया निशाना**

स्वतंत्र प्रभात



**सिद्धार्थनगर।** त्रिलोकपुर थाना क्षेत्र में लगातार चोरों के द्वारा चोरी की घटना को अंजाम दे कर पुलिस को चुनौती दी जा रही है, मगर पुलिस अभी तक चोरी के घटना को रोकने में नाकाम साबित हुई है।पिछले एक माह में थाना क्षेत्र में हुए चोरी के घटनाओं का अभी खुलासा नहीं हुआ है वहीं सोमवार की रात हटवा गांव के एक घर को निशाना बनाया जहां छः हजार नगदी समेत करीब तीन लाख रुपए कीमत तक के जेवरात को लेकर रफूचक्कर हो गए। मंगलवार को सुबह चोरी के घटना की जानकारी परिजनों को हुई तो पुलिस को सूचना दी मौके पर पहुंची पुलिस जांच में जुट गई है।

त्रिलोकपुर थाना क्षेत्र के हटवा गांव निवासी रामदीन गुप्ता व उनकी पत्नी सोमवार की रात भोजन कर बाहर सोए थे,तथा पुत्र बधु घर के भीतर सोई थी। मंगलवार को सुबह करीब पांच बजे पुत्र बधु जगी तो देखा कि कमरे में रखा कपाट का लाक टूटा और सामान बिखरे पड़े थे। तत्काल उसने चोरी की सूचना ससुर रामदीन को दी और पूरे घर को देखा तो कपाट में रखा करीब तीन लाख रुपए कीमत के जेवरात व छः हजार रूपए नगदी गायब था। रामदीन ने इसकी सूचना फोन के माध्यम से त्रिलोकपुर पुलिस को दिए।मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का जांच कर वापस थाने चली गई।इस संबंध में थानाध्यक्ष त्रिलोकपुर विपिन सिंह राठौर ने बताया कि चोरी के घटना का अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर जांच की जा रही है।